


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 312 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) माघ शु.5 2081 सोमवार, 3 फरवरी-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## कर्नाटक में आखिरी नक्सली का सरेंडर

**बेंगलुरू, 2 फरवरी (एजेंसियां)।** कर्नाटक में एक मात्र एक्टिव नक्सली ने शनिवार को पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। इसके साथ ही राज्य पूरी तरह से नक्सली फ्री हो गया है। चिक्कमगलुरु एसपी विक्रम अमाथे के मुताबिक 44 साल के कोटेहोंडा रविंद्र (ए कैटेगरी) ने सरेंडर किया था। वो सालों से जंगलों में रह रहा था। वो कोटेहोंडा का रहने वाला है।

एसपी के मुताबिक रविंद्र के खिलाफ कुल 27 मामले दर्ज हैं, जिनमें चिकमंगलुरु में 13 मामले शामिल हैं। 14 मार्च 2024 को लागू नक्सली सरेंडर नीति के तहत रविंद्र को मुख्यधारा में लौटने के लिए 7.5 लाख की रमक मिलेगी। इसके अलावा 5 हजार रुपये महीने भी दिए जाएंगे। अगर वो कोई काम सीखना चाहता है तो सरकार की तरफ से मदद भी मिलेगी।

# झाड़ू के तिनके बिखरे : मोदी

### आप-दा के नेता छोड़कर जा रहे, 3 दिन बाद विकास का बसंत आएगा



नई दिल्ली, 2 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को दिल्ली पहुंचे। पीएम ने आरके पुरम में करीब 1 घंटे जनता को संबोधित किया। इस दौरान मोदी ने आप-दा और कांग्रेस पार्टी की आलोचना की।

पीएम ने रैली की शुरूआत देशवासियों को बसंत पंचमी की बधाई के साथ की। मोदी ने कहा- बसंत पंचमी के साथ ही मौसम बदलना शुरू हो जाता है। तीन दिन बाद 5 फरवरी को दिल्ली में विकास का नया बसंत आने वाला है। दिल्ली में वोटिंग से पहले ही झाड़ू के तिनके बिखर रहे हैं। आपदा के लीडर्स उसे छोड़कर जा रहे हैं। आपदा पार्टी ने यहां के 11 साल बर्बाद कर दिए हैं। सरकार वो अच्छी है जो बहाने बनाने के बजाय दिल्ली को सजाने-संवारने में ऊर्जा लगाए।

इस बार दिल्ली में भाजपा सरकार बनने जा रही है। इस बार पूरी दिल्ली कह रही है- अबकी बार मोदी सरकार। साथियों दिल्ली की आपदा पार्टी ने यहां के 11 साल बर्बाद कर दिए हैं। मेरी दिल्ली के हर परिवार से प्रार्थना है कि राज्य में हमें आप सबकी दिल्ली वासियों की सेवा का अवसर जरूर दें। मैं गारंटी देता हूं कि आपकी हर मुसीबत, हर परेशानी को दूर करने के लिए खप जाऊंगा। गरीब हो या मिडिल क्लास, हर परिवार का जीवन खुशहाल हो ऐसी डबल इंजन सरकार दिल्ली को मिलेगी। हमें ऐसी सरकार बनानी है जो लड़ाई-झगड़े के बजाय दिल्ली के लोगों की सेवा करे। जो बहाने बनाने के बजाय दिल्ली को सजाने-संवारने में ऊर्जा लगाए। आपने आने वाले 5 साल के लिए केंद्र में भाजपा की पक्की सरकार बना ली है। अब गलती से भी यहां आपदा सरकार नहीं आनी चाहिए।

इस साल के बजट के बारे में आपने कल सुना होगा, आज के अखबार तो भरे पड़े हैं। कारण है कल का बजट जनता का बजट है। उनकी आकांक्षाओं का बजट आया है। पहले की स्थिति होती तो यह बढ़ती हुई कमाई घोटाले की भेंट चढ़ जाती। आपकी कमाई कुछ लोगों ने हड़प ली होगी, लेकिन भाजपा की ईमानदार सरकार ये पैसा देश की भलाई के लिए लगा रही है।

आज इंदिरा जी की सरकार होती तो 12 लाख की कमाई पर 10 लाख टैक्स में चले जाते। 10-12 साल पहले तक कांग्रेस की सरकार में अगर आप 12 लाख कमाते तो आपको 2 लाख 60 हजार रुपया वापस देना पड़ता टैक्स के रूप में। अब 12 लाख कमाई वाले को एक रुपया भी टैक्स नहीं देना पड़ेगा। दिल्ली के लोग कभी भूल नहीं सकते कि खेलों के नाम पर किस तरह आप-दा और कांग्रेस ने दिल्ली के लोगों को धोखा दिया है। कॉमनवेल्थ घोटाले के दाग इतने गहरे हैं कि कांग्रेस कभी उससे मुक्त नहीं हो सकती। आप-दा पार्टी ने दिल्ली में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के नाम पर जो खेल किया है, वो दिल्ली की जनता, दिल्ली का नौजवान भलीभांति जानता है। इसलिए आज का युवा भारत, भाजपा पर भरोसा करता है और भाजपा के साथ है।

दशकों तक, जंगलराज वाले लोगों ने, कांग्रेस के लोगों ने, बिहार के लोगों को नजरअंदाज किया, लेकिन आज एनडीए की सरकार दिन-रात बिहार के लिए काम कर रही है। मखाना बोर्ड की घोषणा करके बिहार के मखाने को सम्मान दिया गया है।

8 फरवरी को दिल्ली में भाजपा की सरकार बनेगी, 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है, 8 मार्च तक, दिल्ली की बहनों के खातों में 2,500 रुपया पहुंचना शुरू हो जाएगा। इतना ही नहीं, बहनों को सस्ता सिलेंडर भी मिलेगा और पाइप से गैस पहुंचाने का काम भी तेज होगा। दिल्ली के बहनों के घर में भाजपा सरकार नल से शुद्ध जल भी पहुंचाएगी और ये मोदी की गारंटी है।

# शक्ति मिल्क के घी में मक्खी-मच्छर, दूध-दही में मिली छिपकली

### जनगांव जिले की डेयरी कंपनी ने नियमों की धज्जियां उड़ा दीं

हैदराबाद, 2 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। घी में मक्खियां और मच्छर। डेयरी प्रोडक्ट्स में मरी हुई छिपकली मिली। छत पर मकड़ी के जाले। बीते रोज जब शक्ति मिल्क एंड मिल्क प्रोडक्ट्स का निरीक्षण किया गया तो टास्क फोर्स गंदगी देखकर दंग रह गई। डेयरी प्रोडक्ट बनाने वाली यह कंपनी तेलंगाना के जनगांव जिले के रघुनाथपल्ली मंडल में स्थित है। शनिवार को राज्य स्तरीय टास्क फोर्स ने इसका निरीक्षण किया। इस दौरान खाने-पीने की चीजों की साफ-सफाई और सुरक्षा नियमों का हर जगह पर उल्लंघन मिला। टीम ने दूषित दही समेत कई खाद्य पदार्थ नष्ट किए। जांच के लिए नमूने जुटाए। एफएसएस अधिनियम, 2006 और एफएसएस नियम, 2011 के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है। यह जानकारी तेलंगाना के खाद्य सुरक्षा आयुक्त के ऑफिशियल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर शेयर की गई।

**टास्क फोर्स की टीम ने कई खामियां पाईं :**

शक्ति मिल्क एंड मिल्क प्रोडक्ट्स में हुए निरीक्षण ने कंपनी की खाद्य सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। 1 फरवरी को राज्य स्तरीय टास्क फोर्स की टीम ने कई खामियां पाईं। तेलंगाना के खाद्य सुरक्षा आयुक्त ने बताया कि खाद्य पदार्थों को बनाने और इनके रखरखाव के दौरान कर्मचारी साफ-सफाई के नियमों का पालन नहीं कर रहे थे।



कोल्ड स्टोरेज की छत और फर्श की हालत खराब थी। घी में मक्खियां और मच्छर जैसे कीड़े पाए गए। दूध-दही जैसे खाद्य पदार्थों में मरी हुई छिपकली भी मिली। छत पर मकड़ी के जाले देखे गए। कीट नियंत्रण और पानी की जांच की रिपोर्ट जैसे जरूरी दस्तावेज भी नहीं मिले। उपकरण गंदे और जंग लगे हुए थे। यह देखकर कंपनी के रखरखाव पर भी सवाल उठे। कच्चा सामान बेतरतीब ढंग से रखा हुआ था। इससे संदूषण का खतरा बढ़ गया था। पैकेज्ड उत्पादों पर लेबल सही नहीं थे या गायब थे। यह खाद्य सुरक्षा नियमों का उल्लंघन है।

**फफूंद लगा 720 किलो दही नष्ट किया गया :**

खराब और फफूंद लगे 720 किलो दही को नष्ट कर दिया गया। लेबलिंग में खराबी और घटिया गुणवत्ता के संदेह के कारण 1,700 किलो दही जब्त किया गया। पूरी जांच के लिए नमूने प्रयोगशाला में भेजे गए हैं। टास्क फोर्स ने पुष्टि की है कि एफएसएस अधिनियम, 2006 और एफएसएस नियमों, 2011 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा आयुक्त, तेलंगाना ने अपने 'एक्स' पर यह जानकारी और निरीक्षण की तस्वीरें शेयर कीं। तस्वीरों में खराब और फफूंदी लगा खाना दिख रहा था। एक यूजर ने टिप्पणी की, पुराने शहर में ऐसे कई प्लांट हैं जहां निरीक्षण दल कभी घुसने की हिम्मत नहीं करता।

भारत में खाद्य प्रतिष्ठानों में स्वच्छता बड़ी चिंता का विषय है। नियमों के उल्लंघन की खबरें अक्सर आती रहती हैं। खराब स्वच्छता, दूषित सामग्री और नियमों की लापरवाही से जनता के स्वास्थ्य को गंभीर खतरा पैदा होता है। इस घटना ने एक बार फिर खाद्य सुरक्षा के महत्व को उजागर किया है। उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए सख्त नियमों का पालन और नियमित निरीक्षण जरूरी है।

यह घटना खाद्य सुरक्षा मानकों को बनाए रखने की जरूरत पर जोर देती है। नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आवश्यक है। इससे अन्य खाद्य निर्माताओं को भी सबक मिलेगा। वे स्वच्छता और गुणवत्ता मानकों का पालन करेंगे।

# गैंग को पकड़ कर बरामद किए साढ़े तीन करोड़ रुपये

### हथियारबंद डकैतों ने लूटी शराब की फैक्ट्री

भुवनेश्वर, 2 फरवरी (एजेंसियां)। ओडिशा में पुलिस ने लूट और डकैती की कई वारदातों में शामिल गैंग से साढ़े तीन करोड़ रुपये की बड़ी रकम बरामद की है। गैंग के पास मिली नकदी को देखकर पुलिस भी चौंक गई। पुलिस ने गैंग को सदस्यों को अरेस्ट करने के बाद लूटी गई रकम को बरामद किया है। यह गैंग कालाहांडी के साथ आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय था। पुलिस ने इस भारी कैश बरामदगी का वीडियो भी साझा किया है।

**आरोपी झारखंड के रहने वाले :**

ओडिशा पुलिस के अनुसार कुल सात आरोपियों को अरेस्ट किया गया है। ये झारखंड के रांची जिले के रहने वाले हैं। इसके खिलाफ रांची में पहले से मामले दर्ज हैं। इनके पास से 3.51 करोड़ रुपये की नकदी, हथियार, गोला-बारूद और वारदात में इस्तेमाल गाड़ियां बरामद हुईं। पुलिस के अनुसार 30 जनवरी की रात को धर्मगढ़ की एक देसी शराब फैक्ट्री में डकैती हुई थी। डकैत हथियारों से लैस थे। उन्होंने कर्मचारियों को बंधक बनाकर बड़ी रकम लूट ली थी। पुलिस ने 11 जिलों में छापेमारी कर सभी आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार यह सफलता कालाहांडी पुलिस को मिली है।

**11 जिलों की पुलिस हुई थी एक्टिव :**

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) वाई बी खुराणिया ने बताया कि 30 जनवरी की रात लगभग आठ हथियारबंद डकैतों ने धर्मगढ़ में एक देसी शराब फैक्ट्री में घुसकर वारदात की थी। डीजीपी ने बताया कि धर्मगढ़ थाने में मामला दर्ज होने के बाद कालाहांडी एसपी अभिलाष जी के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई थी। टीम ने कई जगहों पर छापेमारी की। पुलिस ने बताया कि डकैती के बाद आरोपी एक जीप में भाग गए।

शुरूआती जांच में स्थानीय पुलिस ने सिराज अंसारी और कामेश्वर यादव नाम के दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया। वारदात में इस्तेमाल की गई गाड़ी की पहचान की गई और उसे झारखंड तक ट्रेस किया गया।

# जीबी सिंड्रोम से महाराष्ट्र में अबतक 5 मौतें

### असम में 17 साल की लड़की की जान गई, पश्चिम बंगाल में जीबीएस से 3 मौत का दावा

मुंबई, 2 फरवरी (एजेंसियां)। देश के 5 राज्यों में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) के मरीज सामने आ चुके हैं। महाराष्ट्र में पुणे, पिंपरी चिंचवाड़ और दूसरे इलाकों में इनकी संख्या बढ़कर 149 हो गई है। मरने वालों का आंकड़ा भी 5 पर पहुंच गया है।

तेलंगाना में फिलहाल ये आंकड़ा एक है। असम में 17 साल की लड़की मौत हुई, कोई दूसरा एक्टिव केस नहीं है। पश्चिम बंगाल में 30 जनवरी तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। हालांकि, इसकी सरकारी पुष्टि नहीं हुई है। असम के गुवाहाटी में शनिवार को 17 साल की लड़की जीबी सिंड्रोम के कारण हुई। उसे 10 पहले निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तेलंगाना के सिद्दीपेट में 25 साल की महिला को जीबी सिंड्रोम के लक्षण के बाद केआईएमएस में भर्ती कराया गया, जहां वो वेंटिलेटर सपोर्ट पर है।

वहीं, पश्चिम बंगाल में 30 जनवरी तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें दो बच्चे शामिल हैं। एक वयस्क है। पीड़ित परिवारों का दावा है कि इन मौतों का कारण जीबी सिंड्रोम है, लेकिन बंगाल सरकार ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

दावा है कि 4 और बच्चे जीबी सिंड्रोम से पीड़ित हैं। कोलकाता के अस्पताल में उनका इलाज जारी है। राजस्थान के जयपुर में 28 जनवरी को लक्षत सिंह नाम के बच्चे की मौत हुई। वो कुछ से जीबी सिंड्रोम से पीड़ित था। परिजनों ने उसका कई अस्पताल में इलाज कराया था। लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।

**महाराष्ट्र में अबतक 5 मौतें :**

महाराष्ट्र के स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक राज्य में शनिवार को वारजे इलाके में 60 साल के व्यक्ति की मौत हुई। इससे पहले 31 जनवरी को सिंहगढ़ रोड के धायरी में 60 साल के व्यक्ति की मौत हुई थी। 30 जनवरी पिंपरी चिंचवाड़ में 36 साल के युवक की जान गई थी। 29 जनवरी को पुणे में 56 साल की महिला और 26 जनवरी को सोलापुर में 40 साल के व्यक्ति की मौत हुई थी।

**पश्चिम बंगाल में 3 की मौत :**

कोलकाता और हुगली जिला अस्पताल में 3 लोगों की मौत जीबी सिंड्रोम से होने का दावा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक उत्तर 24 परगना जिले के जगद्दल के रहने वाला देबकुमार साहू (10) और अमदंगा का रहने वाले अरित्रा मनल (17) की मौत हुई है। तीसरा मृतक हुगली जिले के धनियाखाली गांव का रहने वाला 48 साल का व्यक्ति है।

देबकुमार के चाचा गोविंदा साहू के मुताबिक देब की मौत 26 जनवरी को कोलकाता के बीसी रॉय अस्पताल में हुई थी। उसके डेथ सर्टिफिकेट में मौत का कारण जी.बी. सिंड्रोम लिखा है। >14

## अमृतपाल पर दर्ज सभी एफआईआर हाईकोर्ट ने मांगी

अमृतसर, 2 फरवरी (एजेंसियां)। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल सिंह और उनके साथियों के खिलाफ दर्ज सभी एफआईआर की पूरी जानकारी मांगी है। अमृतपाल सिंह और उनके साथी राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत डिब्रूगढ़ जेल में बंद हैं।

हाईकोर्ट ने अमृतसर और मोगा के जिलाधिकारियों (डीएम) को इस संबंध में 17 फरवरी तक पूरी जानकारी कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया है।

यह मामला अमृतपाल सिंह और उनके साथियों की गिरफ्तारी और उनके खिलाफ दर्ज मामलों की पारदर्शिता से जुड़ा है। हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद प्रशासन को अब तक की सभी एफआईआर और अन्य संबंधित दस्तावेज कोर्ट में पेश करने होंगे।

# वक्फ संशोधन बिल-जेपीसी मेंबर ने राय बदलने का आरोप लगाया

### बिना परमिशन असहमति नोट एडिट किया, पूछा- आखिर हमें चुप क्यों कराया जा रहा

नई दिल्ली, 2 फरवरी (एजेंसियां)। वक्फ (संशोधन) विधेयक को लेकर संसद की जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) सोमवार को लोकसभा में अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। इससे एक दिन पहले जेपीसी मेंबर और कांग्रेस सांसद सैयद नसीर हुसैन ने कमेटी पर गंभीर आरोप लगाए।

नसीर हुसैन का दावा है कि, रिपोर्ट को लेकर उन्होंने जो असहमति जताई थी। उस हिस्से को उनकी परमिशन के बिना एडिट किया गया। हुसैन ने कहा- आखिर हम (विपक्ष) को चुप कराने का प्रयास क्यों किया जा रहा है।

**कांग्रेस सांसद ने सोशल मीडिया पर रिपोर्ट के एडिट हिस्से को भी शेयर किया :**

सैयद नसीर हुसैन ने सोशल मीडिया एक्स पर अपना असहमति नोट और फाइनल



रिपोर्ट के कुछ पेज शेयर किए। उन्होंने लिखा- वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर जेपीसी के सदस्य के रूप में मैंने विधेयक का विरोध करते हुए एक असहमति नोट प्रस्तुत किया था।

चौंकाने वाली बात यह है कि मेरे असहमति नोट के कुछ हिस्सों को मेरी जानकारी के बिना एडिट किया गया है। जेपीसी पहले ही तमाशा बनकर रह गई थी, लेकिन अब वे और भी नीचे गिर गए हैं।

**30 जनवरी को जेपीसी अध्यक्ष ने लोकसभा स्पीकर को रिपोर्ट सौंपी थी :**

जेपीसी ने 30 जनवरी को ड्रॉफ्ट रिपोर्ट लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को सौंप दी थी। इस दौरान जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल, निशिकांत दुबे सहित अन्य भाजपा सांसद मौजूद रहे थे। विपक्ष का कोई सांसद नजर नहीं आया था। जेपीसी ने 29 जनवरी को ड्रॉफ्ट रिपोर्ट को मंजूरी दी थी। 16 सदस्यों ने इसके पक्ष में वोट डाला। वहीं 11 मेंबर्स ने विरोध किया। कमेटी में शामिल विपक्षी सांसदों ने इस बिल पर आपत्ति जताई। एम्स चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा था, हमें 655 पन्नों की ड्रॉफ्ट रिपोर्ट मिली थी। 655 पन्नों की रिपोर्ट को एक रात में पढ़ना असंभव था। मैंने असहमति जताई है और संसद में भी इस विधेयक का विरोध करूंगा।

कांग्रेस सांसद डॉ. सैयद नसीर हुसैन ने कहा- कई आपत्तियां और सुझाव दिए गए थे, लेकिन उन्हें रिपोर्ट में शामिल नहीं किया गया है।

जेपीसी के सदस्य डीएमके सांसद ए राजा ने कहा- उनकी पार्टी इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख करेगी।

**जेपीसी में हंगामे के बाद निलंबित हुए थे 10 मेंबर्स :**

जेपीसी की 24 जनवरी को दिल्ली में हुई बैठक में विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया था। उन्होंने दावा किया कि उन्हें ड्राफ्ट में प्रस्तावित बदलावों पर रिसर्च के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया। आरोप लगाया कि बीजेपी दिल्ली चुनावों के कारण ध्यान में रखते हुए वक्फ संशोधन विधेयक पर रिपोर्ट को संसद में जल्दी पेश करने पर जोर दे रही है।

# भारत की यात्रा पर आए प्रिंस एडवर्ड

### तीन दिन तक ड्यूक ऑफ एडिनबर्ग इंटरनेशनल अवार्ड के लिए करेंगे प्रचार

नई दिल्ली, 2 फरवरी (एजेंसियां)। ब्रिटेन के ड्यूक ऑफ एडिनबर्ग प्रिंस एडवर्ड तीन दिवसीय यात्रा पर भारत आए हैं। वे ड्यूक ऑफ एडिनबर्ग इंटरनेशनल अवार्ड के प्रचार को लेकर मुंबई और दिल्ली जाएंगे। इसके जरिये वे युवाओं को आगे बढ़ाने और दुनिया भर में अनौपचारिक शिक्षा के लाभों के बारे में लोगो को जागरूक करेंगे। इसके अलावा वे भारत सरकार के सदस्यों से भी मुलाकात करेंगे। इसमें भारत-यूके के द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करेंगे।

भारत में ब्रिटेन के उच्चायोग ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ड्यूक ऑफ एडिनबर्ग प्रिंस एडवर्ड भारत यात्रा पर आए हैं। वे ड्यूक ऑफ एडिनबर्ग के अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार को बढ़ावा देने के लिए मुंबई और दिल्ली की यात्रा करेंगे। यह पुरस्कार भारत के युवाओं को दिया जाता है। यह अनौपचारिक शिक्षा का ऐसा माध्यम है जो



युवाओं को दुनिया में अपने सपने पूरे करने में मदद करता है। 1962 से अब तक इस पुरस्कार के जरिये भारत के 325 स्कूलों और 150,000 से अधिक छात्रों की मदद की जा चुकी है।

उच्चायोग ने कहा कि सरकार के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के अलावा प्रिंस एडवर्ड ब्रिटेन और भारत को जोड़ने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इसमें भारतीय शिक्षा और व्यापार जगत की प्रमुख हस्तियों के साथ चर्चा शामिल होगी।

# इंडोनेशिया में भगवान मुरुगन के भव्य मंदिर का महाकुंभिषेकम

### पीएम मोदी ऑनलाइन जुड़े, बोले- ये गौरवशाली क्षण

जकार्ता, 2 फरवरी (एजेंसियां)। इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में भगवान मुरुगन को समर्पित मंदिर को महाकुंभिषेकम के साथ खोल दिया गया है। इस आयोजन में भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी भी ऑनलाइन माध्यम से शामिल हुए और अपना वक्तव्य दिया। नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में कहा कि वह मुरुगन टेंपल के महाकुंभिषेकम जैसे पुण्य आयोजन का हिस्सा बनकर सौभाग्यशाली महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं शारीरिक रूप से भले ही जकार्ता से सैकड़ों किमी दूर हूं और ऑनलाइन जुड़ा हूं लेकिन मेरा मन इस आयोजन के उतने ही करीब है, जितने नजदीकी भारत-इंडोनेशिया के आपसी रिश्ते है।

नरेंद्र मोदी ने कहा, कुछ दिन पहले ही इंडोनेशिया के प्रेजीडेंट प्रबोवो सुबियांतो 26 जनवरी को मेहमान बनकर भारत आए थे। उनको यहां सभी का प्यार मिला। प्रबोवो और मैंने साझी विरासत



की कई बातें की। अब जकार्ता में भगवान मुरुगन नए भव्य मंदिर के माध्यम से हमारी सदियों पुरानी विरासत में एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ रहा है। मुझे विश्वास है कि ये मंदिर ना सिर्फ हमारी आस्था का, बल्कि हमारे सांस्कृतिक मूल्यों का नया केंद्र बनेगा।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत-इंडोनेशिया के रिश्ते सिर्फ जियोपॉलिटिकल नहीं हैं। हम हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति और इतिहास से जुड़े हैं। हमारा संबंध, विरासत का है, विज्ञान का है, विश्वास का है। हमारा संबंध साझी आस्था और अध्यात्म का भी है। हमारा संबंध, भगवान मुरुगन और भगवान श्रीराम का भी है और हमारा संबंध भगवान बुद्ध का भी है।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि भारत से इंडोनेशिया जाकर कोई व्यक्ति यहां मंदिर में जाता है तो उसे काशी या केदारनाथ जैसा ही महसूस होता है। भारत के लोग इंडोनेशिया की रामायण सुनकर भी श्रद्धा से जुड़ते हैं। जकार्ता के मंदिर में भगवान मुरुगन के अलावा भी कई देवी देवताओं मूर्ति की स्थापना की गई है। ये विविधता हमारी संस्कृति का आधार है। भारत में हम इसको ही विविधता में एकता कहते हैं।

**भविष्य में बेहतर होंगे दोनों देशों के रिश्ते :**

पीएम मोदी ने बताया है कि इंडोनेशिया और भारत ने कई मंदिरों के साझे संरक्षण का भी फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि हमें अयोध्या में इंडोनेशिया की रामलीला जैसे कार्यक्रमों को और बढ़ावा देना है। इससे लोगों का आपस में कनेक्शन मजबूत होगा। नरेंद्र मोदी ने उम्मीद जताई कि हमारा गौरवशाली अतीत सुंदर भविष्य का आधार बनेगा।

जकार्ता मुरुगन मंदिर को श्री सनातन धर्म आलयम के नाम से भी जाना जाता है। यह भगवान मुरुगन को समर्पित इंडोनेशिया का पहला मंदिर है। ये मंदिर 2020 में बनना शुरू हुआ था। रविवार, 2 फरवरी को बहुप्रतीक्षित महाकुंभभिषेक समारोह के साथ मंदिर को खोला गया है। डीकेआई जकार्ता सरकार की ओर से दान किए गए 4,000 वर्ग मीटर के भूखंड पर ये मंदिर बना है।

# हिंदुत्व राजनीतिक हथियार : शशि थरूर

### यह हिंदुइज्म को सीमित करता है, कुंभ जैसी जगह पर वीआईपी को नहीं जाना चाहिए



जयपुर, 2 फरवरी (एजेंसियां)। जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल (जेएलएफ) के चौथे दिन सांसद-लेखक शशि थरूर ने कहा- हिंदुत्व और हिंदुइज्म दो अलग-अलग चीजें हैं। मैंने हिन्दू धर्म की जितनी किताबें पढ़ी हैं, उनसे हिंदुत्व से कोई मेल नहीं है। यह सिर्फ एक राजनीतिक हथियार है।

हिंदुत्व, हिंदुइज्म को सीमित करता है। यह हिंदुइज्म को एक ईश्वर, एक मंदिर, एक नेता से लेकर एक देश, एक चुनाव तक में सीमित करता है। जब इंडिया अलायंस बना था, तब भी यह साफ था कि यह राज्यों में काम नहीं करेगा। दिल्ली में हम लोकसभा चुनाव के दौरान जरूर साथ थे, अब नहीं हैं। यह राज्यों के पॉलिटिकल कैरेक्टर पर निर्भर करेगा। इसलिए न इंडिया अलायंस का मर्सिया (शोक गीत) पढ़ा जाना चाहिए, न इस बात का जश्न मनाया जाना चाहिए कि अब इंडिया अलायंस के दल अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं।

जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के चौथे दिन 'पुरुषार्थ: द फोर वे पार्ट' सत्र के दौरान लेखक-सांसद शशि थरूर और लेखक फ्रांसेस्क मिराल्स ने पल्लवी अय्यर के साथ हिंदू धर्म, भक्ति और आधुनिक समय में प्राचीन ज्ञान की प्रासंगिकता पर चर्चा की।

**थरूर बोले- हिंदू धर्म सभी को अपनाने वाला होता है :**

थरूर ने स्वामी विवेकानंद का हवाला देते हुए कहा- जिसे कोई शिव कहता है, कोई अल्लाह कहता है, कोई ईसा कहता है। सब एक ही हैं। >14

### क्रेडिट कार्ड एक्टिवेशन के नाम पर 24,563 रुपये की ठगी पुलिस ने मामला किया दर्ज

उमरिया, 2 फरवरी (एजेंसियां)। उमरिया के बिरसिंहपुर पाली के वार्ड क्रमांक 8, मंदिर रोड निवासी युक्ति वासवानी एक ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गईं। उनके मुताबिक एचडीएफसी बैंक शहडोल ब्रांच से जारी उनके क्रेडिट कार्ड को एक्टिवेट करने के नाम पर अज्ञात व्यक्ति ने कॉल किया और जरूरी प्रक्रिया पूरी करने को कहा। कॉलर ने खुद को बैंक का अधिकारी बताते हुए कहा कि यदि कार्ड एक्टिवेट नहीं किया गया तो इसे ब्लॉक कर दिया जाएगा।

युवती ने कॉलर द्वारा बताई गई प्रक्रिया का पालन किया और कार्ड एक्टिवेट करने के निर्देशों का पालन किया। इसके बाद उसे बताया गया कि कुछ दिनों में मेल पर पिन प्राप्त होगा। जब आज सुबह उन्होंने कस्टमर केयर से संपर्क कर पिन के बारे में जानकारी ली, तो बैंक ने चौंकाने वाली जानकारी दी। उनके खाते से 24,563.75 रुपये का लेन-देन हो चुका था, जिसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं थी। यह मामला साफ तौर पर साइबर ठगी का प्रतीत हो रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा महाकुंभ हादसा

## दाखिल जनहित याचिका का सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान, आज होगी सुनवाई

नई दिल्ली, 2 फरवरी (एजेंसियां)। प्रयागराज महाकुंभ में हुए हादसे को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट के मुताबिक इस जनहित याचिका को तीन फरवरी के लिए सूचीबद्ध किया गया है। याचिका में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए दिशा-निर्देश देने और नियमों का पालन कराने की मांग की गई है।

महाकुंभ में 29 जनवरी को मची भगदड़ में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई थी और 60 अन्य घायल हो गए थे। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड की गई वाद सूची के मुताबिक याचिकाकर्ता अधिवक्ता विशाल तिवारी की ओर से महाकुंभ हादसे को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर तीन फरवरी को मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ



सुनवाई करेगी। याचिका में भगदड़ की घटनाओं को रोकने और जीवन के मौलिक अधिकारों की रक्षा की मांग की गई है।

**याचिका में यह मांग की गई**

अधिवक्ता विशाल तिवारी की ओर से दाखिल जनहित याचिका में केंद्र और सभी राज्यों को पक्षकार बनाते हुए महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित माहौल बनाने के लिए सामूहिक रूप से काम करने का निर्देश देने की मांग की गई है। इसमें कहा गया है कि सभी राज्यों को सुरक्षा संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने और आपात स्थिति में अपने निवासियों की सहायता के लिए प्रयागराज में सुविधा केंद्र स्थापित करने चाहिए। साथ ही श्रद्धालुओं की मदद के लिए कई भाषाओं में साइनेज लगाने और घोषणाएं करने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि सभी राज्यों को महाकुंभ में अपने सुविधा केंद्र स्थापित करने चाहिए। ये केंद्र अपने राज्यों से आने वाले लोगों की सुरक्षा को लेकर काम करें। आपात स्थिति में केंद्र किसी भी सहायता के लिए तैयार रहें। वहीं लोगों को सुरक्षा प्रोटोकॉल के बारे में एसएमएस और व्हाट्सएप के जरिये जानकारी दी जानी चाहिए। इसमें यह निर्देश देने की मांग की गई है कि वीआईपी मूवमेंट से आम श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्रभावित न हो, उनके लिए कोई खतरा पैदा न हो और महाकुंभ में श्रद्धालुओं के प्रवेश और निकास के लिए अधिकतम स्थान उपलब्ध कराया जाए।

**लापरवाही बरतने वालों पर कानूनी कार्रवाई की मांग**

जनहित याचिका में उत्तर प्रदेश सरकार को 29 जनवरी को महाकुंभ के दौरान हुई घटना पर स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने और लापरवाही बरतने वाले व्यक्तियों, अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू करने का निर्देश देने की भी मांग की गई है।

### पत्नी घर छोड़कर गई तो करने लगा ब्लैकमेल

## सोशल मीडिया पर डाल दिए प्राइवेट फोटो, केस दर्ज

अहमदाबाद, 2 फरवरी (एजेंसियां)। गुजरात के अहमदबाद में 21 वर्षीय महिला ने अपने पति पर ब्लैकमेल करने और ऑनलाइन प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। महिला का आरोप है कि पति ने उसका निजी फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर लीक कर दिया है। महिला ने इसके बाद पुलिस से संपर्क किया है। महिला के पति के खिलाफ मानहानि करने और धमकाने का केस दर्ज किया गया है। इस महिला की एक साल पहले ही शादी हुई थी। वह शुरुआत में अपने पति के साथ वडोदरा के एक गांव में संयुक्त परिवार में रहती थी। ससुराल में बुरा बर्ताव होने के कारण वह वापस अहमदाबाद स्थित अपने घर आ गई है और दुकान पर काम करने लगी। उसने यह भी दावा किया कि उसे अपने माता-पिता का भी घर छोड़ना पड़ा क्योंकि उसके स्किन में एलर्जी होने लगी थी। शादी के बाद उसके पति ने इंस्टाग्राम अकाउंट का एक्सेस ले लिया था और ससुराल से वापस आने के बाद पति ने उसका इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। हालांकि दोनों वीडियो कॉल से बात करते थे। उसके पति ने कहा कि वह उसे अपने शरीर का ऊपरी हिस्सा दिखाया ताकि यह देख सके कि उसकी एलर्जी ठीक हो गई है या नहीं। उसे इस बात का संदेह है कि बिना उसकी मर्जी के इस दौरान उसकी कॉल रिकॉर्ड कर ली गई है। जब उसने घर वापस जाने से इनकार कर दिया और तलाक की मांग की तो पति ने ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। जनवरी के पहले सप्ताह में उसने कथित रूप से उसकी निजी तस्वीर व्हॉट्सऐप और इंस्टाग्राम पर लगा दी। सोशल मीडिया पर हो रहे अपमान के कारण उसने पुलिस से संपर्क किया। अहमदाबाद के घाटलोडिया पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस के साथ पंगा: आप एमएलए अनमोल गगन मान समेत चार नेताओं पर चलेगा केस

## एडवोकेट से हुई है विधायक की शादी



चंडीगढ़, 2 फरवरी (एजेंसियां)। पंजाब के खरड़ विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी की विधायक अनमोल गगन सहित चार अन्य नेताओं पर चंडीगढ़ की जिला कोर्ट में केस चलेगा। मामला चंडीगढ़ पुलिस के साथ झड़प का है। शनिवार को इस मामले में हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मामले में नामजद विधायक सहित अन्य आरोपियों पर आईपीसी की धारा 188, 323, 332, 353 के तहत आरोप तय कर दिए हैं। आरोप तय होने के बाद अब आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में ट्रायल शुरू होगा। दरअसल, 29 अगस्त 2021 को आम आदमी पार्टी के कई कार्यकर्ता चंडीगढ़ के सेक्टर-37 स्थित पंजाब भाजपा कार्यालय के बाहर जमा हुए थे। इन्होंने भाजपा कार्यालय का घेराव करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर रोक दिया था। लेकिन इस दौरान आप नेताओं व कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ बेरीकेड्स पार करने को लेकर झड़प हो गई थी। इस झड़प में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

**अदालत ने जारी किए थे गैर जमानती वारंट**

इसी के चलते पुलिस ने सेक्टर-39 थाना में आम आदमी पार्टी के चार नेता अनमोल गगन मान, सन्नी आहलुवालिया, अर्शदीप सिंह और राजविंदर कौर गिल के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने इन चारों नेताओं के खिलाफ पिछले साल चार्जशीट फाइल की थी। इसी केस में पिछले महीने कोर्ट ने अनमोल गगन की जमानत रद करते हुए उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिए थे क्योंकि वह एक बार भी कोर्ट में पेशी पर नहीं पहुंची थी। गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद कुछ दिन पहले हुई सुनवाई में विधायिका कोर्ट में पहुंची थी जिसके बाद अब कोर्ट ने मामले में सुनवाई करते हुए आरोपियों पर आरोप तय कर दिए हैं।

**जून 2024 में हुई थी अनमोल गगन मान की शादी**

पंजाब की पूर्व कैबिनेट मंत्री अनमोल गगन मान की जून 2024 में एडवोकेट शहबाज सिंह के साथ शादी हुई थी। शादी की रस्में जीरकपुर के गुरुद्वारा नाभा साहिब में हुई थी। मंत्री से शादी करने वाले शहबाज सिंह सोही पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में एडवोकेट हैं। साथ ही उनका रियल स्टेट का भी व्यापार है। अनमोल के पति शहबाज एक कारोबारी परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनका जीरकपुर में रियल एस्टेट का बिजनेस भी है।

## राम रहीम बोला– लड़कियां बुरे कर्म की कसूरवार नहीं

**आदमी महापाप करता है, वह उसका टाइम था; साध्वियों के यौन शोषण केस में उम्रकैद काट रहा**

हिसार, 2 फरवरी (एजेंसियां)। डेरा सच्चा सौदा चीफ राम रहीम का कहना है कि लड़कियों के साथ जो बुरा कर्म करता है, यह जरूरी नहीं कि इसमें लड़कियों की गलती हो। आदमी महापाप करता है, जिसकी वजह से उन्हें ये भोगना पड़ता है। वह उसका टाइम था। राम रहीम ने ये बातें ऑनलाइन सत्संग के दौरान श्रद्धालु के एक सवाल के जवाब में कही। यह बात इसलिए अहम है क्योंकि राम रहीम को भी डेरे की साध्वियों के यौन शोषण केस में दोषी ठहराया जा चुका है। इसी केस में राम रहीम रोहतक की सुनारिया जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा है। साध्वियों के यौन शोषण मामले से ही 2 हत्याकांडों में भी राम रहीम फंसा। जिसमें डेरा मैनेजर रणजीत की हत्या साध्वियों के यौन शोषण की चिट्ठी लिखवा लीक करने और पत्रकार रामचंद्र छत्रपति की हत्या उस चिट्ठी को छापने के शक में करने का आरोप है।

# 'यह देश का बजट नहीं चुनाव का पैकेज है', बजट में बिहार के लिए हुए ऐलान पर बोले संजय राउत



मुंबई, 2 फरवरी (एजेंसियां)। शिवसेना-यूबीटी के सांसद संजय राउत ने आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह चुनावी बजट है। मीडिया से बातचीत में रविवार को संजय राउत ने कहा कि यह देश का बजट नहीं बल्कि चुनाव का बजट है। अभी बिहार में चुनाव है तो सारा बजट का झुकाव उधर है। संजय राउत ने कहा, "मोदी सरकार का हर बजट जो होता है वह चुनाव के लिए होता है। चाहे राज्यों का चुनाव हो विधानसभा हो या लोकसभा चुनाव, हर बजट एक इलेक्शन पैकेज होता है। बिहार में चुनाव है तो बजट का ज्यादा हिस्सा बिहार को जाएगा ना। संजय राउत ने यह भी दावा किया कि बीजेपी को अब एकनाथ शिंदे की जरूरत नहीं है। संजय राउत ने भले ही बजट को इलेक्शन पैकेज करार दिया है लेकिन शिवसेना-यूबीटी की एक सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने इनकम टैक्स को लेकर लिए गए फैसले पर कहा कि वह इसका स्वागत करती हैं। प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि मध्यम वर्ग 10 साल से मांग कर रही थी कि उन्हें राहत दी जाए और आज उनकी सुनवाई हुई है। उन्होंने यहां तक कहा कि यह 240 का पावर है कि अहंकारी सरकार को मजबूर कर दिया कि जनता की आवाज सुनी जाए। लोगों की आय बढ़ नहीं रही थी लेकिन खर्च लगातार बढ़ रहा था। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं। बजट में बिहार को लेकर कई तरह की घोषणाएं की गई हैं चाहे मखाना बोर्ड बनाने की बात हो या फिर नया ग्रीन एयरफील्ड बनाने की बात या फिर फूड प्रोसेसिंग इंस्टिट्यूट स्थापित करने का वादा, इसके अलावा पटना आईआईटी के विस्तार की भी घोषणा की गई है।

## हरियाणा रोडवेज बस ने टोलकर्मी को कुचला, टोल न देने के लिए ड्राइवर ने तेज रफ्तार में भगाई गाड़ी

गुरुग्राम, 2 फरवरी (एजेंसियां)। हरियाणा के गुरुग्राम से दिल दहला देने वाला एक वीडियो सामने आया है। जहां टोल से बचने के लिए हरियाणा रोडवेज ने टोलकर्मी पर ही बस चढ़ा दी। टोलकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। ये घटना गुड़गांव-सोहना रोड स्थित घामडोज टोल में हुई है। टोलकर्मी पर रोडवेज बस चढ़ने की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। घायल टोलकर्मी को आनन-फानन में प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। सीसीटीवी में साफ दिखाई दे रहा है कि टोल प्लाजा से एक कार के निकलते ही पीछे खड़ी बस के ड्राइवर ने तेज रफ्तार से उसे भगा दिया। इस तरह हरियाणा रोडवेज की बस ने मौके पर खड़े टोलकर्मी को टक्कर मारकर फरार हो गया। बस के ड्राइवर ने टोल भी नहीं दिया। सीसीटीवी के आधार पर गुरुग्राम पुलिस ने हरियाणा रोडवेज ड्राइवर के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

# डीआरडीओ ने ओडिशा के तट से वायु रक्षा प्रणाली का किया सफल परीक्षण, टारगेट को किया ध्वस्त



चांदीपुर, 2 फरवरी (एजेंसियां)। सरकार देश की सेनाओं को मजबूत और सक्षम बनाने के लिए लगातार कोशिश कर रही है। इस बीच रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन यानी डीआरडीओ ने ओडिशा तट से दूर चांदीपुर से वायु रक्षा प्रणाली (वीएसहोराड्स) के एक के बाद एक तीन सफल परीक्षण किए। इन परीक्षणों में कम ऊंचाई पर तेज गति से उड़ रहे लक्ष्यों को निशाना बनाया गया। तीनों परीक्षणों में मिसाइलों ने अपने लक्ष्य को पूरी तरह नष्ट कर दिया और इस तरह ये तीनों ही परीक्षण पूरी तरह सफल रहे। ये लक्ष्य छोटे ड्रोन की तरह उड़ रहे थे। इन परीक्षणों के दौरान दो ऑपरेटरों ने मिसाइल लॉन्च करने के लिए तैयारी, लक्ष्य को पहचानना और फायरिंग की पूरी प्रक्रिया को अंजाम दिया। टेलीमेट्री, ट्रैकिंग सिस्टम और रडार जैसी तकनीकों से मिले डेटा ने दिखाया कि मिसाइलें बिलकुल सही निशाने पर लगीं और हवाई खतरों को रोकने में सक्षम हैं। मिशन के उद्देश्य को पूरा करते हुए लक्ष्यों को मिसाइलों ने रोका और तहस-नहस कर दिया। वीएसहोराड्स एक ऐसा हथियार है जिसे सैनिक अपने कंधे पर रखकर दाग सकते हैं। इसे डीआरडीओ ने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर पूरी तरह से भारत में विकसित किया है। यह प्रणाली सशस्त्र बलों की तीनों शाखाओं भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना की जरूरतों को पूरा करने की क्षमता रखती है। ये इन्हीं के लिए बनाई गई है। इससे सशस्त्र बलों को मजबूती मिलेगी और देश की ताकत में इजाफा होगा। ड्रोन को निष्क्रिय करने में वीएसहोराड्स मिसाइल प्रणाली ने अद्वितीय क्षमता स्थापित की है।

**राजनाथ सिंह ने दी बधाई**

इन परीक्षणों के दौरान डीआरडीओ, सशस्त्र बलों और अन्य विकास और उत्पादन साझेदारों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ, सेना और उद्योग जगत को इस सफलता के लिए बधाई दी। डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ। समीर वी। कामत ने भी पूरी टीम और उनके सहयोगियों को बधाई दी।

## प्रिया गोल्ड बिस्कुट फैक्टरी में भीषण आग

भिंड, 2 फरवरी (एजेंसियां)। भिंड जिले के मालनपुर इंडसट्रियल एरिया स्थित विक्रम फूड प्राइवेट लिमिटेड की प्रिया गोल्ड बिस्कुट फैक्टरी में रविवार को भीषण आग लग गई। जिससे फैक्टरी में अफरा-तफरी मच गई। दमकल की चार गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हैं। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में लगी है। मालनपुर थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर मौजूद हैं। बताया जा रहा है कि अभी तक एक दर्जन से अधिक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई है, लेकिन आज पर काबू नहीं पाया जा रहा है। वहीं ग्वालियर से भी एक दर्जन से अधिक फॉर्म ग्रेड की गाड़ियां रवाना कर दी गई है। फैक्टरी में आग लगने के चलते भारी नुकसान की संभावना जताई जा रही है।

आग तेजी से फैलने के कारण बिस्कुट निर्माण की कई मशीनें और स्टॉक जलकर राख हो चुका है। फिलहाल आग पर नियंत्रण पाने के लिए दमकल की टीमें लगातार प्रयासरत हैं।

# श्रद्धालुओं को ले जा रही बस खाई में गिरी, पांच की मौत,17 घायल



अहमदाबाद, 2 फरवरी (एजेंसियां)। गुजरात में एक बड़ा हादसा हुआ है। दरअसल श्रद्धालुओं को लेकर जा रही एक बस खाई में गिर गई, जिसमें पांच श्रद्धालुओं की मौत हो गई। हादसे में कई लोग घायल हुए हैं। घटना गुजरात के डांग की है। पुलिस ने बताया कि मरने वाले लोग मध्य प्रदेश के निवासी थे। बचाव और राहत कार्य पूरा हो चुका है। पुलिस ने बताया कि गुजरात के डांग जिले में रविवार सुबह तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक निजी बस के गहरी खाई में गिर जाने से पांच लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रभारी पुलिस अधीक्षक एसजी पाटिल ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब 4.15 बजे हुई, जब सापुतारा हिल स्टेशन के पास बस के चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया। उन्होंने बताया कि बस में 48 तीर्थयात्री सवार थे और हादसे में बस क्रैश बैरियर को तोड़ते हुए करीब 35 फीट गहरी खाई में गिर गई। पुलिस ने बताया कि बस महाराष्ट्र के त्र्यंबकेश्वर से श्रद्धालुओं को लेकर गुजरात के द्वारका जा रही थी। पुलिस ने बताया कि बस में श्रद्धालु मध्य प्रदेश के गुना, शिवपुरी और अशोक नगर जिलों के थे। अधिकारी ने बताया कि हादसे में मरने वाले पांच लोगों में से दो महिलाएं और तीन पुरुष हैं। इन पांचों की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों को आहवा के एक सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## भोपाल के शायर डॉ अंजुम बाराबंकवी ने लिखी श्रीराम पर गजल, पीएम मोदी ने की तारीफ; पत्र लिखकर कही ये बात



भोपाल, 2 फरवरी (एजेंसियां)। अयोध्या में भगवान श्रीराम की स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होने की खुशी और उत्साह हर तरफ छाया हुआ है। इसी उमंग को साहित्य में भी खूबसूरत अंदाज में परोसा जा रहा है। राजधानी भोपाल के प्रसिद्ध शायर डॉ अंजुम बाराबंकवी ने भी इस संदर्भ में एक गजल लिखी है। उन्होंने अपनी यह गजल पीएम नरेंद्र मोदी के अवलोकन के लिए भेजी थी। जिस पर प्रधानमंत्री कार्यालय से पीएम मोदी के हस्ताक्षरित पत्र डॉ अंजुम बाराबंकवी के नाम आया है। पीएम मोदी ने शायर की भगवान राम के लिए भावनाओं को सराहनीय बताया है। साथ ही कहा है कि आप जैसे देशवासियों द्वारा किए जा रहे प्रयास राष्ट्र को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएंगे। नेहपूर्ण पत्र के माध्यम से अपने विचारों को मुझसे साझा करने के लिए आभार। अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर अपनी प्रसन्नता को 'राम ग़ज़ल' लिखकर अभिव्यक्त करने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

# प्रदेशों में हम एक दूसरे से लड़ते हैं: केजरीवाल से गठबंधन पर प्रियंका गांधी के बयान के क्या है मायने?

नई दिल्ली, 2 फरवरी (एजेंसियां)। सियासत भी अजीब संभावनाओं का खेल है। दिल्ली लोकसभा चुनाव में आप-कांग्रेस साथ लड़े, शराब घोटाले पर एक्शन हुआ तो बदले की कार्रवाई बताकर दिल्ली कांग्रेस नेता केजरीवाल के घर मजबूती दिखाने पहुंचे थे। अब विधानसभा चुनाव में दोनों की राहें जुदा हुईं, तो दिल्ली कांग्रेस नेताओं ने केजरीवाल को एंटी नेशनल, फर्जीवाल करार देते हुए लोकसभा में केजरीवाल के साथ गठबंधन को ऐतिहासिक भूल बताया। इस बीच केजरीवाल और राहुल-प्रियंका गांधी भी एक-दूसरे पर तीखे हमले करते दिखे, लेकिन आज जामा मस्जिद, चांदनी चौक की रैली में मोदी-केजरीवाल पर खूब बरसीं प्रियंका से सवाल हुआ कि, क्या लोकसभा में केजरीवाल से गठबंधन भूल थी? तो प्रियंका के जवाब ने बता दिया कि, सियासत में दरवाजे बंद होते हैं पर



खिड़की को खुली छोड़कर।

**प्रियंका बोलीं- ये होता रहता है**

लोकसभा चुनाव में क्या केजरीवाल से समझौता गलती थी के सवाल पर प्रियंका गांधी ने कहा कि 'ये होता रहता है। प्रदेशों में हम एक दूसरे से लड़ते हैं। आम चुनाव में इकट्ठे होते हैं। ये होता रहता है, इसमें कोई बात नहीं है।' वैसे प्रियंका का ये बयान अनायास ही नहीं आया है। शाम कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्षा सोनिया गांधी के नेतृत्व में खरगे, राहुल समेत वरिष्ठ नेताओं की बैठक में भी तय हुआ था कि संसद में जिन मुद्दों पर इंडिया गठबंधन में एक राय है, उनको मिलकर उठाया जाएगा और शनिवार की सुबह ठीक ऐसा हुआ भी जब समाजवादी पार्टी ने महाकुंभ की अव्यवस्था का मुद्दा उठाया तो सपा के साथ कांग्रेस समेत पूरे इंडिया गठबंधन ने बजट के दौरान वॉक आउट किया। अखिलेश यादव ने कहा कि महाकुंभ में अव्यवस्था चरम पर , हिंदुओं की जानें गईं, ये सरकार हिन्दू विरोधी सरकार है। वहीं, कांग्रेस सांसद उज्जवल रमण सिंह महाकुंभ के मामले पर समूचे विपक्ष ने एकजुट होकर वॉक आउट का दावा किया।

**गठबंधन के कई सहयोगी आप के समर्थन में उतरे**

वैसे ये सियासत का नायाब उदाहरण ही है कि दिल्ली में सपा, शरद पवार, उद्धव ठाकरे, ममता बनर्जी सरीखे इंडिया गठबंधन के लोग कांग्रेस से दूरी बनाकर आप के समर्थन का ऐलान कर चुके हैं। लेकिन हरियाणा, महाराष्ट्र की जीत के बाद मोदी सरकार मजबूत सियासी विकेट पर खेल रही है। ऐसे में कांग्रेस को एहसास है कि मोदी सरकार से संसद के भीतर बाहर टकराने के लिए इंडिया गठबंधन की अपनी दरकार है। इसीलिए वो अपने सियासी वजूद की खातिर धनुष पर जोरदार प्रत्यंचा तो चढ़ा रही है, लेकिन वो खुद उसे तोड़ना भी नहीं चाहती।

## मणिपुर: कट्टरपंथी मेइती समूह के तीन सदस्य गिरफ्तार, कमर्शियल गाड़ियों से करते थे वसूली

इंफाल, 2 फरवरी (एजेंसियां)। सुरक्षा बलों ने मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में जबरन वसूली में शामिल होने के आरोप में मेइती कट्टरपंथी संगठन अरामबाई टेंगोल के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उन्हें शनिवार को जिले के कीथेलमनबी से गिरफ्तार किया गया और उन पर पैसे वसूलने के लिए ''इंफाल-जिरीबाम राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलने वाले वाणिज्यिक वाहनों के चालकों के चालान काटने'' का आरोप है। गिरफ्तार लोगों की पहचान थंगजाम जॉर्ज सिंह (28), अबुजाम नरेंद्र सिंह (21) और वाहेंगबाम अमरजीत सिंह (35) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि इन लोगों के कब्जे से एक प्रिंटर, नौ पेपर रोल, दो वायरलेस सेट और अन्य सामान जब्त किए गए हैं। मणिपुर पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए लिखा 01.02.2025 को, सुरक्षा बलों ने इम्फाल-जिरीबाम राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलने वाले परिवहन वाहनों के चालकों को पैसे वसूलने के लिए चालान जारी करने में शामिल अरंबाई टेंगोल के तीन लोगों को गिरफ्तार किया, जिनके नाम हैं, थंगजाम जॉर्ज सिंह उर्फ सूरज (28), अबुजाम नरेंद्र सिंह उर्फ मितलांग (21) और वाहेंगबाम अमरजीत सिंह उर्फ बॉय (35) जो कि इम्फाल पश्चिम जिले के पटसोई-पीएस के अंतर्गत कीथेलमनबी से हैं। उनके कब्जे से एक थर्मल प्रिंटर के साथ नौ पेपर रोल, दो हैंडहेल्ड वायरलेस सेट के साथ एक अतिरिक्त एंटीना, दो आधार कार्ड, दो नोटबुक 1,600 रुपये और एक चार पहिया वाहन बरामद किया गया है।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता



सुविचार: इंसान खुद की गलती पर अच्छा वकील बनता है और दूसरों की गलती पर सीधा जज बन जाता है!

# तेलंगाना ने रिकॉर्ड तोड़ जाति सर्वेक्षण के साथ इतिहास रचा : उत्तम



हैदराबाद, 2 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि तेलंगाना ने अब तक का सबसे बड़ा सामाजिक-आर्थिक, शैक्षिक, रोजगार, राजनीतिक और जाति (एसईईईपीसी) सर्वेक्षण सफलतापूर्वक पूरा करके इतिहास रच दिया है, जिसमें केवल 50 दिनों में तेलंगाना के 96.9 प्रतिशत परिवारों को शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि कैबिनेट में प्रस्ताव पारित करने से लेकर रिपोर्ट जमा करने तक की पूरी प्रक्रिया ठीक एक साल में पूरी हुई। मंत्री ने कहा कि यह सर्वेक्षण डेटा-संचालित शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो 2023 के तेलंगाना विधानसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा किए गए एक बड़े वादे को पूरा करता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी और उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने अब वास्तविक समय के सामाजिक-आर्थिक आंकड़ों के आधार पर कल्याणकारी नीतियों की नींव रखी है। सिंचाई और नागरिक आपूर्ति मंत्री एन. उत्तम कुमार रेड्डी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट उप-समिति ने योजना विभाग से औपचारिक रूप से सर्वेक्षण रिपोर्ट प्राप्त की, जिसने बड़े पैमाने पर डेटा संग्रह अभ्यास का नेतृत्व किया। एक उच्च स्तरीय बैठक में, मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी, डी. सीथक्का, पोन्नम प्रभाकर और दामोदर राजा नरसिम्हा ने प्रमुख सचिव (योजना) संदीप कुमार सुल्तानिया, राज्य नोडल अधिकारी और हैदराबाद कलेक्टर अनुदीप दुरीशेट्टी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से सर्वेक्षण रिपोर्ट प्राप्त की। योजना विभाग ने कार्यप्रणाली और निष्कर्षों पर एक विस्तृत पावरपॉइंट प्रस्तुति दी। रविवार को सचिवालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि ठीक एक साल पहले, 4 फरवरी, 2024 को तेलंगाना मंत्रिमंडल ने इस सर्वेक्षण को मंजूरी देते हुए एक प्रस्ताव पारित किया था और आज, पूरी हुई रिपोर्ट एक मील का पत्थर है जो राज्य में शासन और नीति-निर्माण को फिर से परिभाषित करेगी। उन्होंने घोषणा की कि रिपोर्ट 4 फरवरी को सुबह 10 बजे मंत्रिमंडल के समक्ष पेश की जाएगी, जिसके बाद उसी दिन विधानसभा में एक छोटी चर्चा होगी। स्वतंत्रता के बाद सबसे बड़े इस व्यापक सर्वेक्षण में 94,261 गणना ब्लॉकों में तैनात 94,863 गणनाकारों और 9,628 पर्यवेक्षकों की मदद से तेलंगाना के 96.9 प्रतिशत घरों को कवर किया गया। कुल 76,000 डेटा एंट्री ऑपरेटरों ने 36 दिनों के भीतर जानकारी को डिजिटल कर दिया। 3,54,77,554 व्यक्तियों को कवर करते हुए, सर्वेक्षण ने महत्वपूर्ण जनसांख्यिकीय डेटा का खुलासा किया : पिछड़े वर्गों में 1,64,09,179 लोग (46.25 प्रतिशत), अनुसूचित जातियों में 61,84,319 (17.43 प्रतिशत), अनुसूचित जनजातियों में 37,05,929 (10.45 प्रतिशत), और कुल मुस्लिम आबादी 44,57,012 (12.56 प्रतिशत) थी, जिसमें 35,76,588 (10.08 प्रतिशत) पिछड़े वर्ग के मुस्लिम और 8,80,424 (2.48 प्रतिशत) पिछड़े वर्ग के मुस्लिम शामिल थे। अन्य पिछड़े वर्गों में 44,21,115 (13.31 प्रतिशत) लोग थे, जिससे कुल पिछड़े वर्ग की आबादी 15.79 प्रतिशत हो गई। उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि निष्कर्षों का उपयोग संसाधनों के समान वितरण को सुनिश्चित करने के लिए तेलंगाना के कल्याण कार्यक्रमों को पुनर्गठित करने के लिए किया जाएगा।

## पोनुगोटी चोक्का राव ने केंद्रीय बजट की सराहना की

हैदराबाद, 2 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। अखिल भारतीय दृष्टिहीन परिसंघ, दिल्ली/हैदराबाद के उपाध्यक्ष और दृष्टिहीन विकास एवं कल्याण संघ, तेलंगाना के महासचिव पोनुगोटी चोक्का राव ने कहा है, हमें यह जानकर खुशी हुई है कि अपने बजट वक्तव्य में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की है कि नई कर प्रणाली के तहत 12 लाख रुपये तक की आय वालों को कर का भुगतान करने की बाध्यता नहीं होगी। 12 लाख रुपये तक की आय (75,000 रुपये की मूल कटौती के साथ वेतनभोगी करदाताओं के लिए 12.75 लाख रुपये) के लिए, नई कर व्यवस्था 0 प्रतिशत आयकर देती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने मध्यम वर्ग के करों को काफी कम करने और उन्हें अधिक पैसा देने के लक्ष्य के साथ नए कर स्लैब स्थापित किए हैं, जिससे घरेलू खपत, बचत और निवेश में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि पूरा दृष्टिहीन समुदाय मध्यम वर्ग की मदद करने के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देता है, जिससे दृष्टिहीन समुदाय को भी लाभ होगा।

# सरकार ने मूसी के विस्थापित लोगों के लिए 37.50 करोड़ रुपये जारी किए

हैदराबाद, 2 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। महत्वाकांक्षी मूसी पुनरुद्धार परियोजना के अनुरूप, नगर प्रशासन विभाग ने मूसी नदी विकास निगम को 37.50 करोड़ रुपये की धनराशि जारी करने को अधिकृत किया है, जिसका उद्देश्य विस्थापित लोगों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। मूसी नदी के किनारे से विस्थापित होने वाले 15,000 परिवारों में से प्रत्येक को 25,000 रुपये मिलेंगे। अधिकारियों ने संकेत दिया है कि मूसी के निवासियों को निकालने की प्रक्रिया जारी रहेगी। राज्य सरकार ने पहले ही विस्थापित व्यक्तियों के लिए दो बेडरूम वाले घर उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जताई है, कुछ विस्थापितों को पहले से ही ऐसे आवासों के लिए आवंटन मिल रहा है। नगर प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव एम. दाना किशोर ने घोषणा की कि मूसी नदी से विस्थापित व्यक्तियों को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 16,000 घर आवंटित करने के लिए पहले ही एक सरकारी आदेश जारी किया जा चुका है।

मूसी नदी के किनारे तीन जिलों में कई महीनों तक सर्वेक्षण किया गया, जिसके दौरान राजस्व अधिकारियों ने नदी के किनारे और बफर जोन में स्थित 10,200 संरचनाओं की पहचान की। इसके अलावा, दाना किशोर के अनुसार, इस स्थिति से प्रभावित व्यक्तियों की उपस्थिति का पता लगाने के लिए जिला कलेक्टरों की देखरेख में घर-घर सर्वेक्षण किया गया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पुनर्वास प्रक्रिया के बाद, अतिक्रमण हटा दिए जाएंगे और कानून के अनुसार प्रत्येक पात्र पीड़ित को मुआवजा प्रदान किया जाएगा।

अब, मूसी नदी से विस्थापित लोगों के लाभ के लिए 37.50 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ मुसी पुनरुद्धार परियोजना में महत्वपूर्ण प्रगति होने वाली है।

## अल्पसंख्यक कर्मचारियों की डायरी और कैलेंडर का उद्घाटन

हैदराबाद, 2 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। टी-ऑल माइनॉरिटी एम्प्लॉइज वर्कर्स एसोसिएशन की डायरी और कैलेंडर-2025 का उद्घाटन आज तेलंगाना अल्पसंख्यक वित्त निगम के अध्यक्ष मोहम्मद ओबेदुल्ला कोथुल्ला साहब ने किया।

नमपल्ली के हज हाउस में आयोजित कार्यक्रम ने अल्पसंख्यक कर्मचारियों के बीच एकता और एकजुटता को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ। डायरी और कैलेंडर अल्पसंख्यक समुदायों को सशक्त बनाने के लिए एसोसिएशन की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मोहम्मद ओबेदुल्ला कोठवाल ने कहा कि रेवंत रेड्डी सरकार तेलंगाना राज्य में कर्मचारियों के मुद्दों को हल करने के लिए ईमानदारी से काम कर रही है। उन्होंने आज हज हाउस ऑडिटोरियम में तेलंगाना ऑल माइनॉरिटी डेयरी की उद्घाटन बैठक में विशेष अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे अल्पसंख्यक कर्मचारियों के सामने आने वाले मुद्दों को हल करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। बैठक में शेख फारूक हुसैन, प्रदेश अध्यक्ष के मुख्य सचिव डॉ. वहीद शाह कादरी, कोषाध्यक्ष एमडी राशिद, पीसीसी प्रतिनिधि जाहिद अख्तर, डॉ. शबाना बेगम, डॉ. अमीना बेगम, साजिदा खान, आरिफ अयूब, मुजीब अशरफ और राज्य भर के अध्यक्षों और मुख्य सचिवों सहित प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया।

# कापू नेता मुद्रगडा के आवास पर हमला

काकीनाडा, 2 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के किरलमपुडी में कापू नेता मुद्रगडा पद्मनाभम के आवास पर हमला किया गया। एक व्यक्ति ने मुद्रगडा के आवास के गेट पर ट्रैक्टर से हमला किया। उसने वहां खड़ी कार को भी ट्रैक्टर से टक्कर मार दी। संदेह है कि वह जन सेना का कार्यकर्ता है। युवक को हिरासत में ले लिया गया है और पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

युवक ने दावा किया कि उसने मुद्रगडा के आवास पर इसलिए हमला किया क्योंकि जन सेना पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उसे 50,000 रुपये की पेशकश की थी। हालांकि, जन सेना पार्टी ने मुद्रगडा के आवास पर हमले की निंदा की है। जगमपेट जन सेना प्रभारी तुम्मलपल्ली रमेश ने कहा कि उनके पार्टी अध्यक्ष पवन कल्याण और अन्य पार्टी नेता मुद्रगडा का सम्मान करते हैं और उन्होंने कहा कि जन सेना पार्टी का इस हमले से कोई लेना-देना नहीं है।

उन्होंने कहा कि वे इस तरह के हमलों को नजरअंदाज नहीं करेंगे और हमलावर के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। जब मुद्रागड़ा पद्मनाभम के समर्थकों को हमले की जानकारी मिली तो वे उनके घर पहुंचे। मुद्रागड़ा के बेटे गिरिबाबू ने हाल ही में प्रथिपाडु विधानसभा क्षेत्र में गांव-स्तर पर दौरे शुरू किए थे। मुद्रागड़ा के समर्थकों का कहना है कि गिरिबाबू के दौरों को लोगों की अच्छी प्रतिक्रिया मिलने के कारण यह हमला हुआ होगा।

वाईएसआरसीपी हाईकमान ने गिरिबाबू के बेटे को काकीनाडा जिले के प्रथिपाडु का पार्टी समन्वयक नियुक्त किया है। मुद्रागड़ा पद्मनाभम ने पिछले चुनाव में अपने बेटे के लिए प्रथिपाडु विधायक टिकट की उम्मीद की थी।

हालांकि, कुछ कारणों से उन्हें टिकट नहीं मिला। हाल ही में पार्टी ने उन्हें समन्वयक नियुक्त करने का फैसला किया। निर्वाचन क्षेत्र में इस बात की चर्चा जोरों पर थी कि उन्हें जल्द ही वाईएसआरसीपी प्रभारी नियुक्त किया जा सकता है।

# कांग्रेस का केंद्रीय बजट को लेकर विरोध प्रदर्शन




हैदराबाद, 2 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस पार्टी ने केंद्रीय बजट में तेलंगाना के साथ अन्याय का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया है। रविवार को टैंक बंड पर स्थित अंबेडकर प्रतिमा के पास तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। मंत्री पोन्नम प्रभाकर और सीतक्का के साथ-साथ वरिष्ठ नेता चिन्ना रेड्डी और शब्बीर अली सहित कई कांग्रेस नेताओं ने इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। अपने भाषण के दौरान, महेश कुमार गौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार संघवाद के सिद्धांतों को कमजोर कर रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि तेलंगाना देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है, लेकिन केंद्र प्रशासन ने राज्य के खिलाफ पक्षपात दिखाया है। तेलंगाना में चल रही विभिन्न परियोजनाओं के लिए सहायता मांगने के लिए केंद्र से कई बार अपील करने के बावजूद, केंद्र सरकार ने सिफारिशों को नजरअंदाज किया है। तेलंगाना राज्य को हर साल धन के आवंटन में अनुचित व्यवहार किया जा रहा है।

भले ही राज्य का सकल घरेलू उत्पाद में हिस्सा 5 प्रतिशत है, लेकिन तेलंगाना के साथ हमेशा अन्याय होता रहा है, महेश कुमार गौड़ ने कहा। टीपीसीसी प्रमुख ने कहा कि तेलंगाना राज्य के लिए धन सुरक्षित करने के लिए केंद्र सरकार पर युद्ध की घोषणा करना अनिवार्य है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों को एकजुट होने और केंद्र सरकार पर दबाव बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। टीपीसीसी अध्यक्ष ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) से केंद्र सरकार के खिलाफ प्रयासों में सहयोग करने का आह्वान किया।

# सांसद लक्ष्मण ने केंद्र के बजट पर बीआरएस और कांग्रेस पार्टियों को चुनौती दी



हैदराबाद, 2 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा सांसद लक्ष्मण ने आज कहा कि केंद्रीय बजट 2025-26 विकासशील भारत-2047 के विजन के उद्देश्य से पेश किया गया है। लक्ष्मण रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने तेलंगाना में तीन विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन स्थापित किए हैं और कहा कि आरआरआर को केंद्र द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने रामागुंडम उर्वरक कारखाने को पुनर्जीवित किया है। कोरोना जैसी कठिन परिस्थिति के बाद, मोदी ने कड़े फैसले लिए और देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाया। 2014 में, प्रति वर्ष 2 लाख रुपये की आय पर आयकर कटौती थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 12 लाख रुपये प्रति वर्ष कर दिया गया है। यह एक मील का पत्थर है। मोदी ने पिछले एक दशक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं, उन्होंने दावा किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने यह फैसला इसलिए लिया क्योंकि उन्हें लगा कि देश की आर्थिक प्रगति मध्यम वर्ग के लोगों के साथ ही संभव है और उन्होंने कहा कि देश में राज्यों के अधिकारों को प्राथमिकता देते हुए ऐतिहासिक फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था इस तरह से बनाई गई है कि आम आदमी को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और इलाज मिले। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल अंधे हो गए हैं और केंद्र की बेवजह आलोचना कर रहे हैं। नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी तक, मेदक को कांग्रेस पार्टी का गढ़ बताया जाता है। लेकिन इतने सालों तक सत्ता में रहने के बावजूद, मेदक में रेलवे लाइन नहीं बिछाई गई। लेकिन हमने यह किया और जल्द ही ट्रेन शुरू होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को संसद में केंद्रीय बजट 2025-26 पेश किया। कांग्रेस और बीआरएस दोनों ही आलोचना कर रहे हैं कि इस बजट में तेलंगाना को हमेशा की तरह शून्य धन आवंटित किया गया है।

## पुलिसकर्मी पर गोली चलाने वाला आरोपी गिरफ्तार

हैदराबाद, 2 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कुख्यात चोर बथुला प्रभाकर को रविवार को गच्चीबोली पुलिस ने एक पुलिसकर्मी पर गोली चलाकर उसकी हत्या करने के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार कर लिया और रिमांड पर ले लिया। प्रभाकर को शनिवार रात को गाच्चीबोवली के प्रिज्म बार में साइबराबाद सीसीएस पुलिस की एक टीम ने हिरासत में लिया था। जब उसे हिरासत में लिया जा रहा था, तब उसने एक पुलिसकर्मी और दो अन्य लोगों पर गोली चलाई थी, जिससे वे घायल हो गए थे। पुलिसकर्मी वेंकट, साइबराबाद सेंट्रल क्राइम स्टेशन के हेड कांस्टेबल, पैर में घायल हो गए।

पुलिस ने प्रभाकर को काबू कर लिया और उसके पास से तीन देशी बंदूकें, 451 गोलियां, 62,000 रुपये नकद और अन्य सामान जब्त कर लिया। प्रभाकर कथित तौर पर पिछले दो सालों में तेलुगु राज्यों में 23 मामलों में शामिल था। विशाखापट्टनम की पीएम पालेम पुलिस द्वारा अदालत ले जाते समय वह पुलिस हिरासत से भाग गया था। अब तक उसे 80 से ज़्यादा मामलों में सात बार गिरफ़्तार किया जा चुका है। डीसीपी माधापुर, विनीत कुमार जी ने कहा कि प्रभाकर ने बिहार से हथियार खरीदे थे, जिसका इस्तेमाल वह कुछ लोगों के खिलाफ करना चाहता था, जिनसे उसकी उस समय से दुश्मनी थी, जब वह आंध्र प्रदेश की जेल में बंद था। अधिकारी ने बताया कि शहर में वह अपने एक दोस्त के घर पर रह रहा था और कुछ जगहों पर चोरी करने की योजना बना रहा था। शहर में कुछ संपत्ति अपराधों के बाद एक विशेष टीम उसकी गतिविधियों पर नज़र रख रही थी। पुलिस ने उसे अदालत में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

## जाति सर्वेक्षण तेलंगाना के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है : पोन्नम

हैदराबाद, 2 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने कहा कि सामाजिक-आर्थिक, शैक्षिक, रोजगार, राजनीतिक और जाति (एसईईईपीसी) सर्वेक्षण तेलंगाना के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है और नकारात्मक प्रचार के बावजूद लोगों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे सरकार पर उनका भरोसा साबित हुआ। रविवार को सचिवालय में मीडिया से बात करते हुए पोन्नम प्रभाकर ने मंत्रियों उत्तम कुमार रेड्डी, दामोदर राजा नरसिम्हा और सीतक्का के साथ याद किया कि 16 फरवरी, 2024 को उन्होंने इस सर्वेक्षण के लिए विधानसभा में प्रस्ताव पेश किया था और इसके समय पर पूरा होने पर गर्व व्यक्त किया। पोन्नम प्रभाकर ने कहा, यह पहल कांग्रेस नेता राहुल गांधी के संसाधनों के समान वितरण के दृष्टिकोण के अनुरूप है और पूरे देश के लिए एक मॉडल के रूप में काम करेगी। स्वास्थ्य मंत्री दामोदर राजा नरसिम्हा ने सर्वेक्षण को सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में एक कठिन लेकिन ईमानदार प्रयास बताया और कहा कि कानूनी चुनौतियों के बावजूद, राज्य सरकार दृढ़ रही और इसके परिणाम उन नीतियों को आकार देंगे जो सबसे वंचित समुदायों को सशक्त बनाती हैं। जनजातीय कल्याण मंत्री डी. सीतक्का ने इस पहल को ऐतिहासिक और तेलंगाना के सभी समुदायों के लिए फायदेमंद बताया और सिफारिश की कि इसी तरह के सर्वेक्षण पूरे भारत में आयोजित किए जाएं।

# ऑस्ट्रेलियाई नागरिक ने आसिफाबाद बर्ड वॉक में लिया हिस्सा



कुमराम भीम आसिफाबाद, 2 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कागजनगर डिवीजन में वन विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय बर्ड वॉक फेस्टिवल में भाग लेने वालों में से एक ऑस्ट्रेलियाई नागरिक था, जिसने अधिकारियों को आश्चर्यचकित कर दिया। यह कार्यक्रम रविवार को संपन्न हुआ। ऑस्ट्रेलिया की एक उत्साही प्रकृतिवादी जूली ने हैदराबाद की अपनी मित्र मनोगना रेड्डी के साथ कागजनगर के प्राचीन परिदृश्य का दौरा करके खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वे यहां के जंगलों और जैव विविधता से मंत्रमुग्ध हो गई हैं। उन्होंने खुलासा किया कि उन्हें हाल ही में तेलंगाना के जंगलों के बारे में पता नहीं था। उन्होंने कहा कि वे अधिकारियों द्वारा की गई व्यवस्थाओं और आतिथ्य से संतुष्ट हैं।

कागजनगर वन प्रभागीय अधिकारी सुशांत बोबडे ने बताया कि कार्यक्रम को तेलंगाना भर से प्रकृति प्रेमियों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। उन्होंने बताया कि दो दिनों में प्रतिभागियों ने लगभग 70 पक्षी प्रजातियों को देखा।

कुछ पक्षी प्रवासी थे, जबकि अन्य आम थे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान अंतर्राष्ट्रीय आर्द्रभूमि दिवस मनाया गया। तेलंगाना के कई इलाकों से आए करीब 35 उत्साही प्रकृति प्रेमी, वन्यजीव फोटोग्राफर, पक्षी प्रेमी, विशेषज्ञ और छात्र इस कार्यक्रम में शामिल हुए और उन्होंने कागजनगर और पेंचिकलपेट रेंज में सिंचाई टैंकों और नदियों में रहने वाले पंख वाले पक्षियों को देखा। उन्होंने प्रकृति की गोद में बैठकर, रात में कैम्प फायर का आनंद लेते हुए और अधिकारियों द्वारा परोसे गए देशी व्यंजनों का आनंद लेते हुए पक्षियों की तस्वीरें खींचीं। प्रतिभागियों द्वारा देखी गई विभिन्न पक्षी प्रजातियों में ग्रीन बी-ईटर, सफेद गले वाला किंगफिशर, एशियाई ओपनबिल, रेड-क्रेस्टेड पोचार्ड, पीले-पैर वाला हरा कबूतर आदि शामिल थे।

## आदिलाबाद में 266 बच्चों को बचाया गया

आदिलाबाद, 2 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। 31 जनवरी को पूर्ववर्ती आदिलाबाद जिले में संपन्न हुए ऑपरेशन स्माइल के 11वें संस्करण के दौरान 14 वर्ष से कम आयु के 266 बच्चों को बंधुआ मजदूरी से बचाया गया। अधिकारियों ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई पहल की मदद से 235 लड़के और 31 लड़कियों को बचाया गया। मंचेरियल जिले में कुल 77 बच्चों की पहचान की गई, जबकि निर्मल जिले में 62 बच्चे थे। कुमराम भीम आसिफाबाद और आदिलाबाद जिलों में क्रमशः 57 बच्चे और 68 बच्चे थे। बच्चों को उनके माता-पिता को सौंप दिया गया।

## आयुक्त ने टीटीडी के पदेन सदस्य के रूप में शपथ ली

तिरुमला, 2 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। के. राम चंद्र मोहन ने रविवार को तिरुमाला श्रीवारी मंदिर में टीटीडी बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज के पदेन सदस्य के रूप में शपथ ली। टीटीडी के अतिरिक्त ईओ चौधरी वेंकैया चौधरी ने रविवार को श्रीवरु के समक्ष पद की शपथ दिलाई।

## ऑनलाइन गेम खेलते-खेलते 10वीं के छात्र की गोली मारकर हत्या

बेगूसराय, 2 फरवरी (एजेंसियां)। बेगूसराय में मोबाइल पर गेम खेलने के दौरान हुए विवाद में एक नाबालिग की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोली नाबालिग के सिर में मारी गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक का का नाम राहुल कुमार (15) है, जो 10वीं का छात्र था। 17 फरवरी से उसकी मैट्रिक की परीक्षा थी। मामले में पुलिस ने चार युवकों को हिरासत में लिया है। जानकारी के मुताबिक, घर से 500 मीटर दूर राहुल अपने दोस्तों संग मोबाइल पर फ्री-फायर गेम खेल रहा था। इसी दौरान उसका अपने दोस्तों के साथ झगड़ा हो गया। जिसके बाद नाराज होकर एक दोस्त ने राहुल के सिर में गोली मार दी। घटना को अंजाम देने के बाद सभी मौके से फरार हो गए। घटना फुलवरिया थाना क्षेत्र के बारो भीट्ठा टोला की है।

## बजट में मखाना बोर्ड बनाने के ऐलान पर आरजेडी नेता मनोज कुमार झा ने घेरा



पटना, 2 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को वित्त वर्ष 2025-26 का आम बजट पेश किया। इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मोदी सरकार ने बिहार के लिए कई बड़ी घोषणाएं की। बजट में बिहार में मखाना बोर्ड के गठन का ऐलान भी किया गया। जिसपर राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) सांसद मनोज कुमार झा ने घेरा है। उन्होंने कहा कि गूगल करके देख लीजिए कि मखाना बोर्ड पहले से था या नहीं। गूगल से स्पष्ट पता चल जाएगा। पुराना मुहावरा था पुरानी शराब नई बोतल, लेकिन ये शराब भी पुरानी, बोतल भी पुरानी और बेहद चिमचिमा टाइप रैपर नया लगाया गया।

पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने केंद्रीय बजट पर कहा कि आप (बीजेपी) वही बात फिर से उठाते हैं जो आप 10 बार कह चुके हैं, कुछ नया कभी नहीं होता। शराब बदल जाती है बोतल वहीं रह जाती है। उन्होंने आगे कहा कि आपने 12 लाख तक की आय वालों को टैक्स में छूट दी और यहां आपने 25 लाख आय वालों पर 30-40% टैक्स बढ़ा दिया, आप पहले से ही जनता से पैसा ले रहे हैं। आप हेल्थ सेक्टर को उठाकर देंखे, एजुकेशन सेक्टर को उठाकर देंखे, आप खाद और बीज सेक्टर को उठाकर देंखे, आशा, आजीविका पर कोई चर्चा नहीं। बिहार का सिर्फ जिक्र होता है, बिहार पर कोई चर्चा नहीं होती। पप्पू यादव ने सवाल खड़े करते हुए कहा कि क्या बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिला, विशेष पैकेज मिला? क्या कारखाने लगाने, पलायन पर कोई बात हुई? कब आपने कोसी कैनाल की बात की थी अब चौथी बार वहीं बात की है। मखाना बोर्ड का गठन पर हमारी डिमांड थी कि आप फाइनेंशियल मखान और मक्का के लिए क्या कर रहे हैं। मछली पालन के लिए क्या कर रहे हैं इसपर विस्तारित करेंगे, ऐसा करेंगे, ऐसा होगा। लेकिन कब होगा। बिहार में इस साल चुनाव हैं तो बस लुभाने के लिए सारी घोषणाएं हुई है।

# राष्ट्रपति पर टिप्पणी मामले में बढ़ी सोनिया गांधी की मुश्किलें

## मुजफ्फरपुर कोर्ट में शिकायत दर्ज





मुजफ्फरपुर, 2 फरवरी (एजेंसियां)। राज्यसभा सदस्य व कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, सांसद राहुल गांधी व सांसद प्रियंका गांधी के विरुद्ध मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) राजकपूर के कोर्ट में परिवाद दाखिल किया गया है। यह परिवाद भारतीय सार्थक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सदर थाना के लहलादपुर पताही गांव के अधिवक्ता सुधीर कुमार ओझा ने दाखिल किया है। इसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रति कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने का सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर आरोप लगाया गया है। कोर्ट ने परिवाद को सुनवाई पर रखा है। इसके लिए 10 फरवरी को सुनवाई की तिथि तय की गई है।

**सोनिया, राहुल और प्रियंका गांधी का नाम**

परिवाद में अधिवक्ता सुधीर कुमार ओझा ने कहा है कि 31 जनवरी को बजट सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण के बाद तीनों आरोपित एक साथ संसद भवन से निकल रहे थे। जब मीडियाकर्मियों ने सोनिया गांधी से राष्ट्रपति के अभिभाषण के बारे में पूछा तो उन्होंने कोई उत्तर नहीं दिया। इस बीच सभी आरोपित आपस में बातचीत करते नजर आए और कहने लगे कि सब झूठे वादे हैं।

**सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने की टिप्पणी**

बजट सत्र से पहले दिन संसद में राष्ट्रपति के संयुक्त संबोधन के बाद सदन के बाहर पत्रकारों ने सोनिया गांधी से राष्ट्रपति के संबोधन के बारे में पूछा। इस पर कांग्रेस की पूर्व प्रमुख सोनिया गांधी ने कहा कि राष्ट्रपति अंत तक बहुत थक गईं थीं। यही नहीं सोनिया गांधी ने अपने बयान में राष्ट्रपति को 'पुअर लेडी' भी कहा। वहीं, सांसद राहुल गांधी ने भी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर एक शब्द में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए अभिभाषण को बोरिंग बताया। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सोनिया गांधी और राहुल गांधी की टिप्पणी के बाद उन पर कई दलों के नेताओं ने आदिवासी पृष्ठभूमि की राष्ट्रपति के अपमान का आरोप लगाया है। मुजफ्फरपुर के वकील सुधीर ओझा ने कहा है कि एक फरवरी को समाचार पत्रों में इस संबंध में खबर पढ़ी। इससे अपने आप को बहुत अपमानित महसूस किया। एक साजिश व षडयंत्र के तहत देश के राष्ट्रपति को अपमानित करने के उद्देश्य से इस तरह का वक्तव्य दिया गया है। इससे सिर्फ न सिर्फ राष्ट्रपति, बल्कि पूरे देश का अपमान किया गया है।

**राष्ट्रपति भवन ने जारी की प्रतिक्रिया**

कांग्रेस नेताओं के बयान के बाद इस पूरे मामले में राष्ट्रपति भवन की ओर से बयान जारी किया गया। इस बयान में सोनिया गांधी और राहुल गांधी की टिप्पणी को अस्वीकार्य बताया गया। साथ ही इस बयान के लिए बिना नाम लिए सोनिया गांधी की निंदा भी की गई।

# आईएएस प्रवीण कुमार लक्षकार का बड़ा एक्शन

## 116 मामले किए निस्तारित; बिजली विभाग के आधिकारी को कारण बताओ नोटिस

सिकंदरपुर (बलिया), 2 फरवरी (एजेंसियां)। तहसील सभागार में जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में मुख्य समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें ज्यादातर मामले चकबंदी संबंधी आए। जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए तहसील के सभी लेखपालों सहित कर्मचारियों को हिदायत दिया कि छोटे-छोटे मामले को लेकर किसी को ज्यादा परेशान न करें। समाधान दिवस में कुल 15 अधिकारी अनुपस्थिति रहे। समाधान दिवस में कुल 116 मामले आए जिसमें मौके पर छह का निस्तारण किया गया।

राजस्व विभाग से 51, पुलिस विभाग से 17, चकबंदी 15, विद्युत विभाग सात विकास विभाग पांच, नगर पंचायत के पांच, समाज कल्याण के दो, जिला कृषि अधिकारी से जुड़े एक, जिला पूर्ति विभाग से एक व लोक निर्माण विभाग का भी एक मामला आया। संपूर्ण समाधान दिवस पर अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने बिजली विभाग के एई राजकुमार सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी करने को निर्देश दिए। कहा कि सरकार की योजनाओं का अनुपालन कराने के लिए कर्मचारी ग्राम पंचायत में बनाए गए निश्चित स्थानों पर अवश्य मौजूद रहें।

**संपूर्ण समाधान दिवस पर नौ मामलों में एक का निस्तारण**

बैरिया तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर कुल नौ मामले आए। इसमें मात्र एक का निस्तारण किया गया। बैरिया निवासी हरि कंचन सिंह ने शासन के आदेश के बावजूद विद्युत विभाग द्वारा बैरिया में विद्युत वितरण खंड चार का कार्यालय नहीं खोलने के बाबत प्रार्थना पत्र देकर संबंधित अधिशासी अभियंता के खिलाफ कार्रवाई की मांग।

# आईपीएस विपिन ताडा की बड़ी कार्रवाई

## अधिकारियों से घटना छिपाने पर चौकी प्रभारी समेत दो को किया सस्पेंड

मेरठ, 2 फरवरी (एजेंसियां)। दो दिन पहले 11, 50 लाख रुपये की लूट और छह दिन पहले हुई मारपीट की घटना को अधिकारियों से छिपाने पर एसएसपी ने चौकी प्रभारी को सस्पेंड कर दिया। वहीं, सरकारी पिस्टल के गलत रखरखाव पर एक सिपाई को भी सस्पेंड करते हुए विभागीय जांच बैठाई है। लिसाड़ी गेट की समर गार्डन चौकी क्षेत्र स्थित नूरनगर अंडरपास के पास 27 जनवरी को 10-12 बदमाशों ने एक व्यक्ति से मारपीट कर दी थी। घायल को स्वजन ने गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया था। वहीं, 30 जनवरी को एक व्यक्ति से 11,50 लाख रुपये की लूट की घटना को चौकी प्रभारी सौरभ तिवारी ने उच्चाधिकारियों से छिपाए रखा। चौकी प्रभारी के कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही बरतने पर एसएसपी डा। विपिन ताडा ने चौकी प्रभारी सौरभ तिवारी को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। वहीं, पुलिस लाइन में तैनात आरक्षी नीरज कुमार के सुरक्षा ड्यूटी में रहते हुए सरकारी पिस्टल का गलत रख रखाव में गंभीर लापरवाही बरतते हुए घटना की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को नहीं देने पर सस्पेंड कर दिया है। एसएसपी ने चौकी प्रभारी और सिपाही पर विभागीय जांच भी बैठा दी है।

**बार से नशे में धुत होकर निकला सिपाही**

सड़क हादसे में घायल सिपाही नीरज सैनी की कुंडली पुलिस ने खंगाल ली है। गुरुवार शाम करीब सात बजे रेस्टोरेंट व्यापारी को घर छोड़कर नीरज सूर्या बार में पहुंचा था। वहां बैठकर जमकर शराब पी। उसके बाद पौने नौ बजे वहां से निकल कर फूलबाग कालोनी में दोस्त के घर पहुंचा। यहां भी शराब पी। रात पौने दस बजे नशे में धुत होकर बाइक पर गंगानगर के लिए निकल पड़ा। गंगानगर एक्सटेंशन पर आइआइएमटी कालेज के पास सिपाही की बाइक घोड़े से टकरा गई। हादसे में घोड़े की मौत हो गई, जबकि नीरज भी घायल हो गया। इसी दौरान सिपाही की सरकारी पिस्टल गुम हो गई। तलाशने के बाद भावनपुर थाने में पिस्टल चोरी का मुकदमा दर्ज करा दिया। सिपाही ने पिस्टल गुम होने के बाद भी रातभर हादसे को छिपाए रखा। प्रकरण में लापरवाही मानते हुए एसएसपी ने सिपाही को सस्पेंड कर दिया है।

# पप्पू यादव और नीतीश के एमएलए गोपाल मंडल की मुलाकात से सियासत गरमाई

## जदयू विधायक ने 'ऑफर' के बारे में बताया



भागलपुर, 2 फरवरी (एजेंसियां)। भागलपुर में सीएम नीतीश कुमार के कार्यक्रम में शनिवार को गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र के चर्चित विधायक नरेंद्र कुमार नीरज उर्फ गोपाल मंडल कहीं नहीं दिखे। दूसरी तरफ शाम को सोशल मीडिया पर एक तस्वीर काफी तेजी से वायरल हुई। तस्वीर में जदयू विधायक गोपाल मंडल पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव से मुलाकात करते नजर आ रहे है। जिसके बाद लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चा शुरू हो गयी। वहीं गोपाल मंडल ने इस मुलाकात के पीछे की वजह को बताया है।

**पप्पू यादव से मिले जदयू विधायक गोपाल मंडल**

जदयू विधायक गोपाल मंडल और सांसद पप्पू यादव के मुलाकात की तस्वीर वायरल होते ही राजनीतिक महकमे के साथ-साथ इलाके के आमलोगों के बीच यह चर्चा तेज हो गयी कि कहीं गोपाल मंडल पाला तो नहीं बदलने वाले हैं। लोग कयास लगाने लगे कि हो सकता है कि गोपाल मंडल कांग्रेस के टिकट पर आगामी विधानसभा चुनाव लड़े, इसलिए वे मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा को छोड़कर दिल्ली में पप्पू यादव से गर्मजोशी से मुलाकात करते नजर आ रहे हैं। तो वहीं दूसरी ओर पप्पू यादव के लिए भी कयास लगने शुरू हो गए।

**पप्पू को जदयू में लाने का कर रहे हैं प्रयास- बोले गोपाल मंडल**

इधर, दोनों नेताओं के मुलाकात की तस्वीर वायरल होने के बाद तमाम चर्चाओं पर गोपाल मंडल ने ही विराम लगाया। विधायक ने कहा कि वे मुख्यमंत्री के आदेश से दिल्ली आये हैं। यहां दिल्ली में विधानसभा चुनाव है और वे बुराडी विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करके अपने (जेडीयू) प्रत्याशी को जीत दिलवाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी दौरान उनकी मुलाकात पप्पू यादव से हुई।

**गोपाल मंडल के ऑफर पर क्या था पप्पू यादव का जवाब?**

विधायक गोपाल मंडल ने कहा कि पप्पू यादव मेरे छोटे भाई के समान हैं। मैंने उससे कहा कि आप जदयू में आइये यहां आपको सम्मान मिलेगा। राजद वाला आपको कभी सम्मान नहीं दिया। विधायक ने कहा कि पप्पू यादव ने उनके आमंत्रण पर कहा-'देखते हैं भायजी।' आगे उन्होंने कहा कि पप्पू यादव उनके चेले के समान हैं, उम्मीद है कि वह भविष्य में जदयू में आ जायेंगे।

## सीतामढ़ी की बेटी ने राजस्थान में रचा इतिहास

### वनस्थली विद्यापीठ से दो स्वर्ण पदक जीते, अब यूपीएससी की तैयारी में जुटीं अर्पिता



सीतामढ़ी, 2 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के प्रतिष्ठित वनस्थली विद्यापीठ के 41वें दीक्षांत समारोह में बिहार के सीतामढ़ी जिले की बेटी अर्पिता राज ने दो स्वर्ण पदक हासिल कर अपने जिले का नाम रोशन किया है। डुम्हारपट्टी गांव की रहने वाली अर्पिता को रानी लक्ष्मीबाई स्वर्ण पदक और डॉ। एमएल बटवाल सुकेश बटवाल स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन के चेयरमैन प्रो। टीजी सीताराम ने 30 जनवरी 2025 को आयोजित समारोह में अर्पिता को यह सम्मान प्रदान किया। अर्पिता ने 11वीं और 12वीं कक्षा (2022-2024) में लगातार प्रथम श्रेणी हासिल की। विशेष रूप से, 12वीं कक्षा में राजनीति विज्ञान और इतिहास विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त किए। पंचायत समिति सदस्य अरविंद चौधरी की पौत्री और रणजीत कुमार मुन्ना की बेटी अर्पिता वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय के जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज में राजनीति विज्ञान की छात्रा हैं। पुपरी से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने वाली अर्पिता का लक्ष्य सिविल सेवा में जाकर देश की सेवा करना है। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल परिवार बल्कि पूरे सीतामढ़ी जिले को गौरवान्वित किया है।

# तेजस्वी यादव के बयान पर भड़के केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, कहा- 'खाली प्रवचन देने का काम है उनका'



पटना, 2 फरवरी (एजेंसियां)। देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को आम बजट पेश किया। जिसमें बिहार के लिए कई बड़ी घोषणाएं की गई। बजट की घोषणाओं को पुरानी पैकेजिंग बताकर आरजेडी केंद्र सरकार को घेर रही है। इसी कड़ी में आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के बयान पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन (ललन) सिंह ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव क्या समझेंगे? मखाना बोर्ड का गठन किया गया है। मखाना पूरे उत्तर बिहार का सबसे महत्वपूर्ण उत्पाद है, जिसकी मार्केटिंग आज पूरी दुनिया में हो रही है। अब मखाना के मूल्य संवर्धन के लिए, उसके निर्यात को बढ़ाने के लिए मखाना बोर्ड का गठन किया गया। ये क्या पुरानी पैकेजिंग है? उनको क्या समझ में आएगा। केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने आगे कहा कि पटना और बिहटा एयरपोर्ट के अलावा ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट की घोषणा की गई है, ये क्या पुराना पैकेज है? आईआईटी के विस्तार की घोषणा की गई है, ये क्या पुरानी पैकेजिंग है? फूड प्रोसेसिंग के लिए जो संस्थान बनेगा वो क्या पुरानी पैकेजिंग है? उनको क्या समझ में आएगी क्या पुरानी पैकेजिंग है। बिहार के विकास से ना उनके माता-पिता को कोई मतलब था ना इनको (तेजस्वी) कोई मतलब है। इनका खाली प्रवचन देने का काम है वे खाली प्रवचन देते रहें कोई उनपर भरोसा नहीं करने वाला है। बजट में बिहार के लिए की गई घोषणाओं पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की भी प्रतिक्रिया आई। उन्होंने कहा कि 2047 तक देश और बिहार को विकासशील बनाया जाए, सबसे पहला लक्ष्य ये है। बजट में उन तबकों को भी देखा गया है जिसे कभी नहीं देखा जाता था। बिहार के लिए मखाना बोर्ड का गठन हुआ, आईआईटी में सुधार की बात हुई है। कोसी प्रोजेक्ट को सुधारने की बात आई है। 12 लाख तक की आय वाले किसी भी व्यक्ति को आयकर नहीं देना होगा।

# चाची और चचेरी बहन की हत्या कर जलाया था शव

## यूपी पुलिस के साथ आरोपी का एनकाउंटर

बस्ती, 2 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बस्ती में पुलिस ने एनकाउंटर के बाद दोहरे हत्याकांड के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के ऊपर 50 हजार रुपये का इनाम भी था। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी। इसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया और इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। बलवीर पर आरोप है कि उसने चार दिसंबर को अपनी चाची और चचेरी बहन की हत्या कर शव जला दिया था। घटना के बाद से वह फरार था। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद आरोपी के पास से अवैध असलहा और कारतूस बरामद किया है। महिला और उसकी बेटी की हत्या कप्तानगंज थाने के सेठा गांव में हुई थी। वहीं, आरोपी को गढ़ा गौतम गांव के पास हुई मुठभेड़ के बाद पकड़ा गया। बस्ती जिले के कप्तानगंज इलाके में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दोहरे हत्याकांड में वांछित 50 हजार रुपये के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया आरोपी बलवीर कप्तानगंज थाना क्षेत्र के सेंठा गांव में पिछले साल तीन-चार दिसंबर की दरमियानी रात गोदावरी (60) और उसकी बेटी सौम्या उपाध्याय (22) की हत्या के सिलसिले में वांछित था। पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) सत्येंद्र भूषण तिवारी ने बताया कि यह मुठभेड़ रात गड़हा गौतम गांव के पास हुई, जब कप्तानगंज और दुबौलिया पुलिस की संयुक्त टीम ने स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) के साथ मिलकर आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया।

## खंभे से बांधा, सामान बाहर फेंका, किराया वसूलने के लिए महिला ने टीचर को दी यातनाएं



पूर्णिया, 2 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार के पूर्णिया जिले में एक सरकारी स्कूल की शिक्षिका को घर खाली न करने पर मकान मालिक द्वारा यातनाएं दी गईं। किराए पर रह रही शिक्षिका को मकान मालिक ने 2 दिन तक घर के खंभे से बांधकर रखा और घर का सारा सामान बाहर फेंक दिया था। घटना कसबा थाना क्षेत्र के वार्ड 14 तिनपनिया मोहल्ले की है। वहीं पुलिस ने शिक्षिका को छुड़वाया। जानकारी के अनुसार, प्राथमिक विद्यालय यासीन टोला की सहायक शिक्षिका ऋतुराज कुमारी कई महीनों से श्रवण कुमार साह के मकान में बतौर किराये पर रह रही थी। जब मकान मालिक को खुद मकान की जरूरत हुई तो उन्होंने शिक्षिका से मकान खाली करने को कहा लेकिन शिक्षिका कमरा खाली नहीं कर रही थी। वहीं शिक्षिका का कहना है कि उन्हें कमरा नहीं मिल रहा है, जब कमरा मिल जाएगा तो खाली कर देंगे। इसी बीच घर की औरतों के साथ शिक्षिका की लड़ाई हो गई और मामला थाने तक पहुंच गया। जिसके बाद शिक्षिका को 31 जनवरी तक घर खाली करने का समय दिया गया। वहीं मकान मालिक ने घर की बिजली काट दी, फिर बाथरूम में ताला लगा दिया। घर न खाली करने पर मकान मालिक व उनके सहयोगियों ने घर का सारा सामान बाहर फेंक दिया। वहीं शिक्षका को खंभे में मोटी रस्सी से बांधकर 2 दिनों से मारपीट की जा रही थी।

## 93 लोगों को क्यों किया गया गिरफ्तार? बड़ी वजह आई सामने; एसपी ने लिया एक्शन


छपरा, 2 फरवरी (एजेंसियां)। सारण जिले में विभिन्न थाना क्षेत्र में पिछले 24 घंटे में विशेष अभियान चलाकर 93 आरोपित गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही 59 वारंट एवं छह कुर्की का निष्पादन किया गया। सारण के पुलिस अधीक्षक डा।कुमार आशीष के निर्देश पर असामाजिक तत्वों,अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी, शराब के सेवन ,बिक्री,भंडारण,निर्माण,परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्टी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई की गई है।

इस अभियान में कुल 93 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें शराब कारोबार में 12,शराब सेवन 32,वारंट में39,हत्या का प्रयास में चार ब्लाात्संग में एक,अपहरण में दो, ठगी में दो एवं चोरी में एक अआरोपित शामिल हैं। इसके साथ ही अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल 178 वाहन से 5,48,500 रुपया जुर्माना राशि वसूली गई। जिले में देशी शराब165 लीटर, विदेशी शराब-9.18लीटर,अपहृता एक, ट्रैक्टर तीन,ई-रिक्शा एक एवं खोखा एक बरामद किया गया।

**छपरा में आभूषण लूट मामले में एफएसएल पर था पुलिस को भरोसा, अब सूत्रों पर टिकी निगाह**

सहाजितपुर थाना क्षेत्र के कोल्हूआं बाजार पर स्वर्ण आभूषण एवं बर्तन दुकान से हथियार के बल पर बदमाशों द्वारा 20 लाख के सोना चांदी लूट मामले में पुलिस को एफएसएल पर ज्यादा भरोसा था। घटनास्थल से बरामद गोली का खोखा जांच के लिए एफएसएल की टीम ने नमूना के रूप में लिया। इसके आधार पर पुलिस को अपराधियों तक पहुंचने की उम्मीद जागी थी, लेकिन सफल नहीं होने के कारण अब पुलिस की निगाहें सूत्रों पर टिकी है। स्वर्ण व्यवसायी की दुकान से 20 लाख के लूट की घटना के बाद 36 घंटे बीत चुके है। अभी तक पुलिस का हांथ बदमाशों के गिरेवान तक नहीं पहुंच सका है। इस घटना के बाद पुलिस सबसे पहले सीसीटीवी और एफएसएल की टीम पर ज्यादा भरोसा की थी। सीसी टीवी में नकाबपोशी ने पुलिस के काम को कठिन कर दिया है।

# यूपी में आज से 3 दिन बारिश का अलर्ट: 33 जिलों में घना कोहरा



लखनऊ, 2 फरवरी (एजेंसियां)। यूपी में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलेगा। कल यानी 3 फरवरी से वेस्ट यूपी के 23 शहरों बारिश होगी। आज सुबह 33 जिलों में घना कोहरा छाया हुआ है। विजिबिलिटी 50 मीटर की रह गई है। शनिवार को लगातार दूसरे दिन प्रयागराज सबसे गर्म शहर रहा। यहां तापमान 31.8 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं सबसे ठंडा शहर बहराइच और शाहजहांपुर रहा। यहां तापमान 8.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वाराणसी के मौसम वैज्ञानिक मनोज श्रीवास्तव का कहना है कि फरवरी भी सामान्य से गर्म रहेगी। सामान्य से भी कम बारिश होगी। 3 फरवरी से एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिससे पूरे प्रदेश में 7 फरवरी तक हल्की से मध्यम बारिश होगी।

**3 दिनों तक मौसम का अनुमान**

3 फरवरी- यूपी के कई जिलों में बारिश हो सकती है। सुबह-शाम कोहरा देखने को मिलेगा। विजिबिलिटी 100-500 मीटर तक रहेगी।

4 फरवरी- पश्चिमी यूपी में बारिश की संभावना है। सर्द हवाएं भी चलेंगी। पूर्वी यूपी में मौसम साफ रहेगा।

5 फरवरी- पश्चिमी-पूर्वी यूपी में बारिश हो सकती है। सुबह-शाम कोहरा देखने को मिलेगा। सर्द हवाओं से गलन बरकरार रहेगी।

**सहारनपुर में फरवरी की ठंड ने फिर दिखाया असर**

सहारनपुर में फरवरी माह की शुरुआत के साथ ही मौसम ने करवट ली है। सुबह कोहरा छाया रहा, जिससे ठंड का असर बढ़ गया। मौसम विभाग के अनुसार, आज दिन में धूप खिलने की संभावना है, लेकिन सुबह का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 24 डिग्री तक पहुंचने की उम्मीद है।

**महराजगंज में विजिबिलिटी 50 मीटर**

महराजगंज में शनिवार रात से ही घना कोहरा छाया हुआ है। विजिबिलिटी 50 मीटर है। सड़कों पर वाहन रेंग रहे हैं। यहां न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**बढ़ते हुए तापमान से गेहूं की फसल के बचाव के लिए उपाय**

कृषि वैज्ञानिक रोहित कुमार ने कहा- दिन का तापमान 30 से 32 डिग्री और रात का तापमान 15 डिग्री से नीचे रहता है, तब तक किसानों को घबराने की जरूरत नहीं है। रात और दिन का तापमान मिलाकर औसत 22 डिग्री गेहूं की पैदावार के लिए सबसे उत्तम माना गया है। औसत तापमान 24 डिग्री तक को फसल सहन कर सकती है। मगर दिन का तापमान 35 डिग्री से ऊपर होने पर गेहूं के बनने वाले दानों पर बुरा प्रभाव पड़ता है। बढ़े हुए उच्च तापमान से बचने के लिए किसानों को आवश्यकता अनुसार हल्की सिंचाई करने की सलाह दी जाती है, जब तेज हवा चल रही हो तो सिंचाई रोक दें। अन्यथा फसल के गिरने से नुकसान हो सकता है।

# 'बीजेपी नहीं चाहती मैं प्रचार करूं'

## ताहिर हुसैन ने चुनाव रैली में देरी से लाने का लगाया आरोप



नई दिल्ली, 2 फरवरी (एजेंसियां)। एआईएमआईएम के मुस्तफाबाद से प्रत्याशी ताहिर हुसैन ने आरोप लगाया कि बीजेपी नहीं चाहती है कि मैं चुनाव प्रचार करूं और आम आदमी पार्टी भी चुनाव प्रचार से रोक रही है। हालांकि उन्होंने यह जरूर कहा कि प्रशासन संवैधानिक तरीके से काम कर रहा है। ताहिर हुसैन ने कहा, "सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जेल से यहां तक का समय एक घंटे का होता है। रोज पांच-दस मिनट लेट होता है आज पहली बार टाइम पर आया हूं। 8 बजे तक आ गया था। आज से पहले 9-10 बजे तक पहुंचता था। 5 बजे से पहले ले जाते थे। चुनाव प्रचार के लिए मुझे 8 घंटे भी नहीं मिलते थे।" उन्होंने कहा, "मैंने अपनी चिंताओं से पुलिस प्रशासन को अवगत कराया है। मुझे उम्मीद है कि आज और कल मुझे कैम्पेन के लिए पूरा समय मिलेगा। मैंने पिछले पांच साल में देखा है कि प्रशासनिक अधिकारी संवैधानिक तरीके से काम करते हैं।" ओवैसी की पार्टी के नेता ताहिर हुसैन ने बीजेपी पर हमला करते हुए कहा, "मैं किसी पर आरोप नहीं लगा रहा हूं लेकिन मुस्तफाबादा में मेरे खिलाफ बड़ा षडयंत्र हो रहा है कि मेरी मुख्य प्रतिद्वंद्वी बीजेपी नहीं चाहती कि मैं प्रचार करूं। इसके अलावा आप भी मुझे चुनाव प्रचार को रोक रही है।" मुस्तफाबाद में ताहिर हुसैन का मुकाबला बीजेपी के मोहन सिंह बिष्ट, कांग्रेस अली मेहंदी और आप के आदिल अहमद खान से है। इस सीट पर पिछला चुनाव आप के हाजी युनुस ने जीता था।

# बुर्का के बाद अब इस्लाम और कुरान पर बोले नितेश राणे, सुधारने का वक्त आ गया है



मुंबई, 2 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे अपने विवादित बयानों को लेकर अक्सर चर्चा में रहते हैं। अब उनका एक और बयान आया है, जिसमें उन्होंने इस्लाम धर्म और कुरान के बारे में कहा। राणे ने कहा कि जिनको इस्लाम धर्म अभी तक समझ में नहीं आया, जिनको कुरान का सही अर्थ नहीं समझ आया है, उन्हें अब सुधारने का वक्त आ गया है। यह बयान उन्होंने नागपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत के दौरान दिया। एक सवाल पर नितेश राणे ने कहा कि वे खुद कभी बिगड़े हुए नहीं थे और धर्म की बात करने वाले लोग कभी बिगड़ते नहीं हैं। उनका कहना था कि वे खुद हमेशा सुधारने वाले लोग हैं और उलटे जिनको इस्लाम के बारे में सही ज्ञान नहीं है, उन्हें सुधारने की जरूरत है।

**शिवसेना को लेकर क्या बोले?**

इसके अलावा, जब उनसे यह सवाल किया गया कि उनके सहयोगी मंत्री संजय शिरसाठ का कहना है कि शिवसेना को एक हो जाना चाहिए, तो इस पर राणे ने कहा कि यह शिरसाठ का व्यक्तिगत मत है और उन्हें यह सवाल एकनाथ शिंदे से पूछना चाहिए कि इस बारे में उनका क्या विचार है।

**बुर्का बैन का उठाया था मुद्दा**

इससे पहले नितेश राणे ने बोर्ड की परीक्षा देने वाली छात्राओं के बुर्का पहनने पर रोक लगाने का मुद्दा उठाया था। नितेश राणे ने इस मुद्दे को लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री दादा भूसे को पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने कहा था कि परीक्षा केंद्रों पर बुर्का पहनने से सुरक्षा और नकल संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। राणे का कहना था कि 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा देने वाली छात्राओं को बुर्का पहनने की अनुमति नहीं होनी चाहिए, यदि आवश्यक हो तो जांच के लिए महिला पुलिस अधिकारी या महिला कर्मचारियों की नियुक्ति की जानी चाहिए। यदि परीक्षार्थियों को बुर्का पहनने की अनुमति दी गई, तो यह पता लगाना कठिन हो जाएगा कि नकल करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों या अन्य साधनों का इस्तेमाल किया जा रहा है या नहीं।

# रोहिंग्या जन्म प्रमाणपत्र घोटाला

## किरीट सोमैया के आरोपों के बाद बड़ा एक्शन, मालेगांव से तीन संदिग्ध गिरफ्तार

मुंबई, 2 फरवरी (एजेंसियां)। बीजेपी नेता किरीट सोमैया के आरोपों के बाद मालेगांव पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। किरीट सोमैया ने रोहिंग्या जन्म प्रमाणपत्र घोटाले में 31 जनवरी 2024 को एफआईआर दर्ज की थी। इन आरोपों के बाद मालेगांव पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस ने सैयद साजिद, शबाना बानो और नजमा बानो को जालसाजी और धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया है। इन तीनों पर फर्जी पेपर के जरिए जन्म प्रमाणपत्र बनवाने का आरोप है। कोर्ट ने आरोपियों को 4 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। बीजेपी नेता किरीट सोमैया का दावा है कि मालेगांव, जो मुस्लिम बहुल क्षेत्र है, वहां 3,977 बांग्लादेशी नागरिकों ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए भारतीय जन्म प्रमाणपत्र हासिल किए हैं। उन्होंने इस पूरे मामले की जांच की मांग उठाई थी। उनकी शिकायत के आधार पर तहसीलदार ने पुलिस में आधिकारिक शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने इस मामले की जांच तेज कर दी है और यह पता लगाया जा रहा है कि यह कोई संगठित घोटाला तो नहीं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आगे भी कई और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। इस मामले को लेकर राजनीतिक विवाद भी शुरू हो गया है। बीजेपी नेताओं का कहना है कि यह देश की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं, कुछ स्थानीय नेताओं ने निष्पक्ष जांच की मांग की है ताकि निर्दोष लोग न फंसें। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

# धोखाधड़ी के मामले में बुरे फंसे एक्टर श्रेयस तलपड़े और आलोक नाथ, निवेशकों ने दर्ज करवाई एफआईआर





मुंबई, 2 फरवरी (एजेंसियां)। यूपी के लखनऊ में बॉलीवुड अभिनेता श्रेयस तलपड़े और आलोक नाथ समेत 7 पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ है। कोर्ट के आदेश पर गोमती नगर विस्तार थाने में मामला दर्ज किया गया है। इन सभी पर लोनी अर्बन मल्टी स्टेट क्रेडिट सोसाइटी (एलयूसीसी) कंपनी में निवेश का झांसा देकर 9 करोड़ रुपए हड़पने का आरोप लगा है। बॉलीवुड स्टार्स के अलावा, कंपनी के संचालक डॉक्टर उत्तम सिंह राजपूत, संजीव वर्मा, समीर अग्रवाल, शबाब हुसैन और आरके शेट्टी को भी आरोपी बनाया गया है। समीर अग्रवाल फिलहाल दुबई में छिपा है। जबकि, एलयूसीसी का निदेशक डॉक्टर उत्तम सिंह राजपूत अब तक फरार है। दरअसल, श्रेयस तलपड़े और आलोक नाथ को ब्रांड एंबेसडर बताकर द लोनी अरबन मल्टी स्टेट क्रेडिट सोसाइटी (एलयूसीसी) ने चिटफंड स्कीम निकाली थी। आरोप है कि 6 साल में दोगुना रकम देने का झांसा देकर 45 लोगों से 9.12 करोड़ रुपये ऐंठ लिए गए। संचालकों ने एजेंट के तौर पर जुड़ने वालों को मैनेजर का पद देकर अन्य लोगों को जोड़ने के लिए प्रेरित किया। करोड़ों रुपये हड़पने के बाद नवंबर माह में सोसाइटी के कार्यालय अचानक से बंद होने लगे। पीड़ितों ने मोहनलालगंज और बीकेटी कोतवाली में शिकायत की, लेकिन कुछ नहीं हुआ।

परेशान निवेशकों ने कोर्ट में अर्जी दायर की। आदेश पर गोमतीनगर विस्तार थाने में फिल्म अभिनेताओं और संचालक समेत 7 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। त्रिवेणीनगर के शिवलोक निवासी अनीस अहमद ने बताया कि करीब 8 साल पहले बाराबंकी जमूहरिया निवासी डॉ. उत्तम सिंह राजपूत से मुलाकात हुई थी।

बातचीत में उत्तम सिंह ने खुद को गोमतीनगर विस्तार स्थित द लोन अर्बन सोसाइटी की जोनल शाखा से जुड़ा होना बताया। समझाया कि कंपनी में निवेश पर 6 साल में रकम दोगुना हो जाएगी। बताया कि उक्त कोआपरेटिव सोसाइटी भारत सरकार से मान्यता प्राप्त है। साथ ही केंद्र सरकार के सहकारिता मंत्रालय में रजिस्टर्ड है। पीड़ित अनीस ने शुरुआत में टुकड़ों में 10 लाख रुपये जमा किए।

## इंटरनेशनल गैंगस्टर जोगिंदर ग्योंग गिरफ्तार, फिलीपींस से किया गया डिपोर्ट, हत्या की 5 वारदातों में शामिल

नई दिल्ली, 2 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और हरियाणा पुलिस ने एक जॉइंट ऑपरेशन में इंटरनेशनल गैंगस्टर जोगिंदर गिओंग को गिरफ्तार किया। जोगिंदर लंबे समय से फिलीपींस में छुप कर को अपराधों को अंजाम दे रहा था। जोगिंदर को फिलीपींस से डिपोर्ट कर भारत लाया गया। गैंगस्टर जोगिंदर गिओंग पर 15 आपराधिक मामलों में दोष साबित हो चुका है, जिनमें 5 हत्या के मामले भी शामिल हैं। वह काफी समय से फरार था और विदेश से अपनी गैंग को ऑपरेट कर रहा था। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और हरियाणा पुलिस ने मिलकर इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। इस कुख्यात गैंगस्टर को पकड़ने के लिए कई महीनों की निगरानी और खुफिया जानकारी पर लगातार नजर बनानी पड़ी, जिसके आधार पर यह बड़ी सफलता मिली है। दिल्ली पुलिस और हरियाणा पुलिस इस गिरफ्तारी को लेकर आज दोपहर 12 बजे पुलिस मुख्यालय के मीडिया सेंटर में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस किया।

# दादरी में गोरक्षक टीम ने दो किलोमीटर पीछा कर पकड़ा गोवंशों से भरा कैंटर, 16 गोवंश मिले



चरखी-दादरी, 2 फरवरी (एजेंसियां)। नेशनल हाईवे 334बी पर गोरक्षक टीम ने गोवंश से भरा कैंटर पकड़ा है। इसमें टीम को 16 गोवंश पाए जिनमें से दो गाय की मौत हो चुकी थी। फिलहाल टीम ने गोवंश को मुक्त कर दिया और अचीना चौकी पुलिस को चालक व गाड़ी मालिक के खिलाफ शिकायत दी गई है। बता दें कि दूबलधन गोशाला से मोनू व उसके साथी सुबह चार बजे अचीना टोल के पास थे। उसी दौरान दादरी से रोहतक क्षेत्र नंबर प्लेट की एक कैंटर आई और टोल कटवाने के लिए रुकी तो इसमें से गायों के रांभने व पैर मारने की आवाज आई। बाद में उन्होंने चालक से पूछा, लेकिन टोल कटने के कारण आरोपी वहां से गाड़ी लेकर भाग गया। तभी गोरक्षक टीम को कैंटर में गोवंश होने का संदेह हुआ और उन्होंने टोल कर्मी प्रवीण व साथियों के साथ कैंटर का पीछा किया। टोल से करीब दो किलोमीटर दूरी तक उन्होंने गाड़ी का पीछा किया और रोकने की कोशिश की। साथ ही डायल 112 टीम को भी इसकी सूचना दी गई। अचीना चौकी पुलिस भी उसी दौरान आ गई और पीछा किया। गोरक्षक टीम ने दो किलोमीटर दूरी पर कैंटर के आगे गाड़ी चलाई और एक ड्रम गाड़ी के आगे डाल दिया। तब चालक चलती गाड़ी से उतरकर खेतों में भाग गया और गाड़ी कुछ पर जार रुकी।टीम ने आरोपी का पीछा किया, लेकिन अंधेरा होने के कारण आरोपी भागने में सफल रहा।

बाद में टीम ने पुलिस की मौजूदगी में कैंटर खोला तो इसमें 16 गोवंश मिले। बाद में टीम ने एक-एक कर सभी गोवंश को नीचे उतारा। इस दौरान दो गाय मृत पाई गई और अन्य 14 गोवंश को अचीना गोशाला में छोड़ा गया है। गोरक्षक टीम ने अचीना चौकी पुलिस को चालक व गाड़ी मालिक के खिलाफ शिकायत दी है। इसके आधार पर पुलिस ने गाड़ी कब्जे में ले ली और आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। गोरक्षक टीम को संदेह है कि आरोपी दादरी से मेवात गोवंश तस्करी करने जा रहा था। अगर उन्होंने पीछा नहीं किया होता तो सभी गोवंश कत्लखाने पहुंचते।

# सेना के रिटायर्ड जवान को मिला न्याय

## हाईकोर्ट ने खारिज की केंद्र की अपील, सेना में रहते हुए दिव्यांग हुआ था सैनिक

चंडीगढ़, 2 फरवरी (एजेंसियां)। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के जस्टिस सुरेश्वर ठाकुर और जस्टिस सुदीप्ति शर्मा की खंडपीठ ने भूतपूर्व सैनिक के लिए विकलांगता पेंशन के संबंध में सशस्त्र बल न्यायाधिकरण के निर्णय को बरकरार रखा। हाईकोर्ट ने कहा कि सेना की सेवा के कारण विकलांगता होने पर सैनिक न्यूनतम सेवा अवधि पूरी नहीं होने पर भी पेंशन का हकदार है। सुखदेव सिंह 1972 में भारतीय सेना की सिख रेजिमेंट में शामिल हुए और 24 साल तक सेवा देने के बाद 1996 में रिटायर हो गए। 1999 में उन्हें 10 साल की प्रारंभिक अवधि के लिए डिफेंस सिक्योरिटी कोर्प्स में सिपाही के रूप में फिर से भर्ती किया गया। इस दूसरे कार्यकाल के दौरान उन्हें प्राथमिक उच्च रक्तचाप, मोटापा सहित कई विकलांगताएं हुईं। ये उनकी सेवा के कारण थीं और इसके चलते मेडिकल बोर्ड की ओर से उन्हें 50 प्रतिशत विकलांगता के आधार पर 2009 में सेवामुक्त कर दिया गया। उन्होंने विकलांगता पेंशन के लिए आवेदन किया, लेकिन उनका दावा खारिज कर दिया गया। इसके बाद उन्होंने सशस्त्र बल न्यायाधिकरण से संपर्क किया। न्यायाधिकरण ने दावे को स्वीकार कर लिया। भारत सरकार ने इसे हाईकोर्ट में चुनौती दे दी। हाईकोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने ओम प्रकाश गुलेरिया मामले में यह स्पष्ट किया था कि सेवा के दौरान हुई विकलांगता के लिए पेंशन न्यूनतम सेवा अवधि पूरी न होने पर भी दी जानी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि पूर्व सैनिक विकलांगता के कारण न्यूनतम सेवा अवधि पूरी नहीं कर सका, विकलांगता सेवा के दौरान या सेवा के कारण हुई थी। ऐसे में उसे पेंशन से महरूम नहीं किया जा सकता। इन टिप्पणियों के साथ ही हाईकोर्ट ने भारत सरकार की अपील को खारिज कर दिया।

# देवेंद्र फडणवीस और एकनाथ शिंदे के बीच बड़ी अनबन? उद्धव ठाकरे गुट के इस दावे ने चौंकाया



मुंबई, 2 फरवरी (एजेंसियां)। शिवसेना-यूबीटी ने अपने मुखपत्र 'सामना' में कहा गया है कि महाराष्ट्र में बीजेपी और उसके सहयोगियों को प्रचंड बहुमत मिलने के बावजूद राज्य आगे बढ़ता नजर नहीं आ रहा है, जिसकी वजह मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और एकनाथ शिंदे के बीच अनबन है। 'सामना' के संपादकीय में लिखा गया है कि शिंदे अब भी दोबारा मुख्यमंत्री न बनाए जाने के सदमे से जूझ रहे हैं और एक बार फिर मुख्यमंत्री बनने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। हालांकि फडणवीस इस बात से वाकिफ हैं। संजय राउत की तरफ से लिखे इस संपादकीय में कहा गया, आए दिन ऐसी घटनाएं हो रही हैं, जो साबित करती हैं कि अपने 'लाडले' मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और बीजेपी पुरस्कृत उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बीच फिलहाल कोई खास रिश्ता नहीं रहा है। जिसके चलते लोगों का मनोरंजन हो रहा है। इसमें बीजेपी कोटे के मंत्री गणेश नाईक ने शिंदे के ठाणे जिले में नियमित जनता दरबार लगाने की घोषणा करके कहर बरपा दिया है। इस पर शिंदे के लोगों ने चुनौती देते हुए कहा कि अगर ऐसा है तो हम पालघर जिले में जाएंगे जहां नाईक पालकमंत्री हैं और दरबार लगाएंगे।

**'अब फडणवीस सारी कसर निकाल रहे'**

संजय राउत ने मुखपत्र में लिखा, राज्य की सरकार कितनी निकम्मी है और आपसी झगड़ों से प्रशासन और जनता को कितनी परेशानी हो रही है, किसी को इसकी परवाह नहीं है। शिंदे गुट के एक विधायक से हवाई यात्रा के दौरान मुलाकात हुई और उन्होंने कहा कि शिंदे खुद को अपमानित करने के दर्द से बाहर आने को तैयार नहीं हैं। मुख्यमंत्री के ढाई साल के कार्यकाल के दौरान शिंदे और फडणवीस के मुंह विपरीत दिशा में थे। अब फडणवीस सारी कसर निकाल रहे हैं, क्योंकि शिंदे के हाथ में कुछ भी नहीं बचा है।

**'सामना' में शिंदे को लेकर बड़ा दावा**

मुखपत्र में आगे लिखा गया, शिंदे और उनके लोग आज महाराष्ट्र के राजनीतिक मामलों में कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। मुख्यमंत्री के तौर पर शिंदे का तेज खत्म हो गया है और अब वो खुद इस बात के दुख में डूबे हैं कि मुख्यमंत्री फडणवीस उन्हें नहीं पूछ रहे हैं। फडणवीस और शिंदे के बीच सतही बातचीत है और यह सच्चाई है कि मंत्रिमंडल की बैठक में भी उपमुख्यमंत्री शिंदे हाजिर नहीं होते। जब दुख नाकाबिले बर्दाश्त हो जाता है तो उपमुख्यमंत्री शिंदे हेलिकॉप्टर से सातारा के दरेगांव पहुंच जाते हैं। वहीं जब उनका दिमाग शांत हो जाता है तो वे ठाणे लौट आते हैं, लेकिन दिमाग शांत होने के बावजूद उनके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार नहीं हो रहा है।


## विधायक का सोशल मीडिया अकाउंट हैक: अजीब पोस्ट किए फॉलोअर्स ने दी जानकारी, रमन अरोड़ा ने पुलिस को दी शिकायत

जालंधर, 2 फरवरी (एजेंसियां)। महानगर जालंधर में सेंट्रल विधानसभा से आप विधायक रमन अरोड़ा का सोशल मीडिया (इंस्टाग्राम और एक्स ) अकाउंट हैक हो गए हैं। शिकायत के बाद पुलिस की टीमें इसकी जांच कर रही हैं कि इस अकाउंट को किसने हैक किया। विधायक ने अकाउंट की रिपोर्ट भी कर दी है। इसका खुलासा खुलासा तब हुआ जब विधायक के फॉलोअर्स ने उन्हें फोन कर बताया कि उनके अकाउंट से कुछ अजीबोगरीब पोस्ट शेयर की जा रही हैं। जब जांच की गई तो पता चला कि अकाउंट हैक हो गया है। इसके बाद कमिश्नरेट पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और पता लगा रही है कि उक्त अकाउंट कहां से चलाया जा रहा है और किस सर्वर से विधायक अरोड़ा के अकाउंट से पोस्ट शेयर की गई। हैक का पता चलते ही विधायक ने अपने ट्विटर अकाउंट और इंस्टाग्राम आईडी को लेकर दोनों संस्थाओं में शिकायत दर्ज कराई,

# सज धज कर लड़की देखने पहुंचा युवक, अचानक वर्दी में पहुंचे सिपाही, हकीकत जान हैरान हुई पुलिस

बेंगलुरू, 2 फरवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक के बेंगलुरू में रहने वाले एक युवक ने शादी के लिए एक मैरिज ब्यूरो से संपर्क किया। उम्र निकली जा रही थी, लिहाजा वो जल्दी से जल्दी शादी कराना चाहता था। इस मैरिज ब्यूरो ने भी उसे जल्द से जल्द सही लड़की ढूंढ़ने का वादा किया। इसी बीच मैरिज ब्यूरो में काम करने वाली महिला मंजूला ने उसे कहा आपके लिए एक लड़की हमने देखी है। लड़की वालों के घर पर मिलने के लिए इस शख्स को बुलाया गया। वो सज-धजकर लड़की के घर पहुंचा। लड़की से उनकी अकेले में पहली मीटिंग हो रही थी। तभी पुलिस की वर्दी में तीन सिपाही वहां पहुंच गए। इसके बाद जो शख्स के साथ हुआ उसने सपने में भी उम्मीद नहीं की होगी। दरअसल, इस शख्स को हनी ट्रैप में फंसाया गया था। ना तो यह सही शादी के लिए रिश्ता था और ना ही वो पुलिस असली थी। युवक को यह कहकर धमकाया गया कि वो अवैध संबंधों के रैकेट का हिस्सा है। इस कमरे में वो अवैध गतिविधि के लिए ही आया था। लिहाजा उसे अरेस्ट किया जा रहा है। शख्स को डरा धमकाकर केस में फंसाने से रोकने के नाम पर 50 हजार रुपये लूट लिए गए। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी फरार हो गए। इस रैकेट के चंगुल से निकलने के बाद युवक ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। बेंगलुरु के हेब्बल पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने जांच की और सर्विलांस के आधार पर इस पूरी वारदात में शामिल आरोपियों में गीता, मंजुला, विजयलक्ष्मी, लीलावती, हरीश और वेंकटेश को अरेस्ट कर लिया। पुलिस के मुतातबिक पीड़ित युवक ने मंजुला से कहा था कि मैं दुल्हन की तलाश कर रहा हूं और अगर कोई लड़की हो तो मुझे बताएं। फिर 20 जनवरी को मंजुला को फोन करके पूछा तो उसने कहा कि वो हेब्बल में आ जाए। वहां उनकी दोस्त के घर पर उसे ए कलड़की दिखाई जाएगी।जिसके बाद वो मंजुला की दोस्त विजयलक्ष्मी के घर पहुंच गया। विजयलक्ष्मी ने घर पर युवक को लीलावती नामक महिला से मिलवाया और कहा कि वो आपस में एक दूसरे से शादी करने के संबंध में बात कर सकते हैं।

# पति की किडनी 10 लाख में बेची, फिर महिला पैसे लेकर रातोरात बॉयफ्रेंड संग हुई फरार



हावड़ा, 2 फरवरी (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के हावड़ा से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक महिला ने पति को किडनी बेचने पर मजबूर किया। जब उसकी किडनी 10 लाख रुपये में बिक गई तो महिला ने वो पैसे अपने पास रख लिए। कहने लगी कि बेटी की पढ़ाई के काम आएंगे। फिर अचानक रात को वो फरार हो गई। पता चला महिला अपने प्रेमी के साथ भाग गई है। लाचार पति ने महिला के खिलाफ थाने में मामला दर्ज करवाया है। घटना हावड़ा जिले के संकरैल की है। यहां एक पेंटर का घर है। परिवार में उसकी बीवी और एक 10 साल की बेटी है। उसकी इनकम इतनी नहीं थी कि वो अपनी बेटी की पढ़ाई का खर्च निकाल सके। इसलिए पत्नी ने पति से कहा- तुम अपनी क़िडनी बेच दो। इससे हमारी आर्थिक परेशानी दूर हो जाएगा। पति ने कहा- अभी हमारी इतनी इनकम बेशक नहीं है। लेकिन बाद में सब कुछ सही हो जाएगा। लेकिन पत्नी उसपर लगातार दबाव डाल रही थी कि किडनी बेचो। कहने लगी- तुम्हारा काम को एक किडनी से भी चल जाएगा। लेकिन हमारी बेटी का भविष्य अगर पैसो के कारण नहीं बन पाया तो इसमें आपकी ही गलती होगी। आप ही बेटी का भविष्य बिगाड़ने के जिम्मेदार होंगे। पति नहीं जानता था कि इसके पीछे पत्नी की क्या मंशा है। बेटी के भविष्य को देखते हुए वो किडनी बेचने के लिए मान गया।

**बॉयफ्रेंड के साथ भागी महिला**

उसने एक महीने तक किडनी खरीदने वाला ढूंढा। एक महीने बाद फिर 10 लाख रुपये में उसकी किडनी बिक गई। दोनों मिलकर किडनी खरीदने वाले के पास गए और रुपये ले आए। इसके बाद पत्नी ने कहा कि ये रुपये मुझे दे दो। मैं सुबह होते ही बैंक में यह रकम जमा करवा दूंगी। युवक मान गया। उसने बीवी के हाथ में रुपये सौंप दिए। लेकिन बीवी रातोरात घर से भाग गई। कुछ दिन बाद शुक्रवार को पति को जब पता चला कि उसकी बीवी बैरकपुर के सुभाष कॉलोनी में रविदास नामक शख्स के साथ रह रही है तो वह परिवार के साथ वहां पहुंचा।

**पुलिस ने किया केस दर्ज**

तब महिला ने दरवाजा नहीं खोला। बोली- जो करना है कर लो। मैं तलाक के पेपर भिजवा दूंगी। उसे अपनी 10 साल की बेटी पर भी तरस नहीं आया। अब पेंटर ने रविदास और अपनी पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। देखना होगा कि आगे इस केस में क्या होता है।

# 'टॉयलेट में मेरे बेटे के साथ की गई शर्मनाक हरकत' आत्महत्या करने वाले छात्र की मां ने लगाए आरोप

कोच्चि, 2 फरवरी (एजेंसियां)। कोच्चि में 15 वर्षीय छात्र की आत्महत्या मामले में रैगिंग, मारपीट और अपमानजनक व्यवहार करने के आरोप लग रहे हैं। छात्र की मां ने कहा है कि क्रूर रैगिंग ने उसके बेटे की जान ले ली। इंस्टाग्राम पोस्ट में छात्र की मां राजना पीएम ने लिखा कि उनके बेटे मिहिर अहमद से मारपीट की गई। दुर्व्यवहार की हद तो यहां तक हो गई कि उसे टॉयलेट में ले जाकर गंदी हरकत की गई। छात्र की मां ने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और केरल पुलिस प्रमुख को पत्र लिखकर बेटे की मौत की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। पुलिस ने आत्महत्या का मामला दर्ज कर लिया है। कोच्चि में 15 जनवरी को स्कूल से लौटने के बाद छात्र मिहिर अहमद ने आत्महत्या कर ली थी। छात्र की मां ने आरोप लगाया कि बेटे की मौत के बाद मेरे पति और मैंने यह खोज की उसने ऐसा कदम क्यों उठाया? उसके दोस्तों और सहपाठियों से हमने बात की। उसके सोशल मीडिया अकाउंट देखे तो हमें पता लगा कि उसके साथ रैगिंग की गई थी। स्कूल और स्कूल बस में छात्रों के एक गुट ने उससे रैगिंग की। छात्र की मां ने कहा कि हमें पता लगा कि मिहिर को पीटा गया। उसे गालियां दी गईं और उसे जबरन एक शौचालय में ले जाया गया और टॉयलेट सीट चाटने को मजबूर किया गया। फ्लश करते वक्त उसका सिर टॉयलेट में धकेल दिया गया। इस क्रूरता ने उसको तोड़ दिया था। छात्र की मां ने कहा उसे उसके रंग के कारण परेशान किया जाता था। स्कूल के उप-प्रधानाचार्य ने भी मिहिर को परेशान किया। छात्र की मां ने कहा कि मिहिर के साथ हो रहे अन्याय को देखते हुए उसके दोस्तों ने जस्टिस फॉर मिहिर के नाम से एक इंस्टाग्राम पेज शुरू किया था। अब उस पेज को हटा दिया गया है। मुझे पता लगा है कि स्कूल सच्चाई को दबाने के लिए छात्रों को डरा रहा है। मैंने सबूतों के साथ स्कूल प्रबंधन से बात की तो उन्होंने मुझे केवल यह बताया कि हमने पुलिस को सूचना भेज दी है। मुझे विश्वास है कि स्कूल की प्रतिष्ठा को बचाने के लिए घटना को छिपाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सीएम कार्यालय और डीजीपी से मामले की जांच की मांग की है। छात्र की मां पीएम राजना ने कहा कि मुझे डर है कि डिजिटल साक्ष्य एकत्र करने में देरी से अपराधी अपने निशान मिटा सकते हैं। मैंने इस घटना की शिकायत केरल राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग से भी की है।

स्वतंत्र वार्ता

सोमवार, 3 फरवरी - 2025

## सरकार ने मिडिल क्लास को साधा

एनडीए सरकार को अब यह समझ में आ गया है कि मिडिल क्लास को साध लो तो सब अपने आप ही सही हो जाएंगे। इसलिए, सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले पूर्णकालिक बजट में मिडल क्लास के मन की बात सुनी और उनकी नाराजगी को दूर करने पर ध्यान दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने बजट से पहले मिली फीडबैक को गंभीरता से लिया और मिडिल क्लास को राहत देने का जो फैसला किया है वह ऐतिहासिक ही माना जाएगा। मिडिल क्लास के जरिए सरकार ने बहुत बड़े वर्ग को साधने की कोशिश की है। इसमें सरकार को जो करना था, वह कर दिया। इस बार बजट एक सूत्रीय लक्ष्य को लेकर था और यही सही भी कहा जा सकता है। बजट से पहले मिडिल क्लास का जिस तरह का अप्रत्याशित दबाव बना था, उसे देखते हुए ऐसे ही बजट की उम्मीद थी। जगजाहिर है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर बहुत सक्रिय रहते हैं। ऐसे में सरकार के कामकाज पर आने वाली फीडबैक को भी वे बेहद गंभीरता से लेते हैं। बजट से पहले उन्हें जिस तरह का फीडबैक मिला, उससे सरकार और पार्टी के अंदर चिंता होना स्वाभाविक था। फीडबैक मिडिल क्लास में बढ़ती नाराजगी को लेकर थी। मिडल क्लास हाल के समय में बीजेपी का सबसे कोर सपोर्टर ग्रुप रहा है लेकिन पिछले कुछ दिनों से जिस तरह इस वर्ग ने सरकार के प्रति अपनी नाराजगी खुलकर सार्वजनिक तरीके से दिखाई है, उसे पीएम मोदी ने गंभीरता से लिया। मिडल क्लास पिछले कुछ वर्षों से लगातार समस्याओं का सामना कर रहा था। बीच में कोविड के दौरान इस तबके ने हालात को पटरी पर लाने का मौका दिया लेकिन अब जब हालात सामान्य हो गए तो फिर इस वर्ग ने अपनी मांगों को लेकर आवाज को मुखर कर दिया। हद तो तब हो गई जब चुनाव में फ्रीबीज का चलन बढ़ गया। इसके बाद इस तबके को लगने लगा है कि राजनीतिक रूप से वे कहीं न कहीं पूरी तरह उपेक्षित हो गए हैं और उनकी हितों की बात करने वाला कोई नहीं है। सरकार भी इस तबके की नाराजगी से अनजान नहीं थी। ऐसे में उसकी मांगों और उनसे उपजी नाराजगी को नजरअंदाज करना खतरे से खाली नहीं होगा। संख्या बल के स्तर पर यह वर्ग देश की सबसे बड़ी आबादी भले ही न हो लेकिन नैरेटिव पैदा करने की जो ताकत इस तबके के पास है, वह और किसी में नहीं। पूरे देश में लोकसभा की ऐसी लगभग 350 सीटें हैं, जहां मिडिल क्लास आबादी निर्णय प्रभावित करने की क्षमता रखती है। विपक्ष को भी मिडिल क्लास के बीच एंट्री का मौका मिला है। दिल्ली चुनाव के बीच में ही अरविंद केजरीवाल ने मिडिल क्लास का मुद्दा उठाया। दूसरी विपक्षी पार्टी भी इससे जुड़े मसले उठाने में जुट गई थीं। ऐसे में सरकार के सामने सीमित संसाधनों के बीच भी इस वर्ग को ठोस और स्पष्ट संदेश देने के सिवाय कोई चारा नहीं बचा था। नाराजगी इस कदर तक जा चुकी थी कि इसमें और देरी करने का जोखिम नहीं लिया जा सकता था। जैसा कि 2019 आम चुनाव से ठीक पहले स्लैब में बदलाव करने का ऐलान किया गया था लेकिन सरकार और बीजेपी के रणनीतिकारों के बीच इस मसले पर आम राय बनी कि कहीं सही समय का इंतजार करने का उलटा परिणाम न आ जाए। 2011-2012 में तब यूपीए 2 सरकार के प्रति पहली नाराजगी का माहौल मिडिल क्लास ने ही बनाया था।

## सैफ अब सेफ लेकिन नहीं थम रहे अनसुलझे सवाल !



ऋतुपर्ण दवे

यह न तो किसी फिल्म का हिस्सा है और न ही कोई स्टंट। फिल्म अदाकार सैफ अली खान अपने घर पर 16 जनवरी की आधी रात बाद बदनीयत से घुसे एक आरोपी के प्राणघातक हमले से बुरी तरह जख्मीं हो खून से लथपथ हो जाते हैं। शेरदिल सैफ अपने छोटे बच्चे के साथ ऑटो में बैठकर अस्पताल पहुंचते हैं। घायल सैफ को पहचानते ही अस्पताल में तहलका मचता है। हैसियत के अनुसार बेहतर इलाज मिलता है। खबरिया चैनलों में घटना को दिखाने की होड़ मचती है। देखते ही देखते एक सेलेब्रिटी पर हमला हर जुबान पर होता है। लोग अपने-अपने कयास लगाते हैं। मुंबई पुलिस पर उंगली उठती है। हड़बड़ाहट में पुलिस को जो सुराग, सबूत हाथ लगते हैं उसी पर काम शुरू हो जाता है। सी.सी.टी.वी. फुटेज मिलते ही पलक झपकते हर मोबाइल पर पहुंच जाती है। कई घण्टे बल्कि दिन पुलिस खाली हाथ रहती है। धीरे-धीरे सुराग मिलने के दावे होते हैं। तीन संदेहियों की बात होती है। हद तो तब हो जाती है जब छत्तीसगढ़ जा रहे कथित आरोपी की फोटो जारी हो जाती है जिससे उसकी न केवल नौकरी चली गई बल्कि होने वाली शादी भी टूट गई। उससे हाथ कुछ नहीं लगा। काफी मशक्कत, किरकिरी और नाक के सवाल के बीच 35 पुलिस टीमों की 60 घण्टों की भागदौड़ से 19 जनवरी को कथित असली आरोपी हाथ लगता है। इसे बांगलादेशी घुसपैठिया शरीफुल इस्लाम शहजाद बताया जाता है। दूसरी ओर बांगलादेश में बैठा उसका पिता देखते ही साफ इंकार करता है कि सी.सी.टी.वी. में दिख रहा शख्स उनका बेटा नहीं है। इसी बीच फुटेज और पकड़ाए आरोपी के अलग-अलग हुलिए पर नई बहस और कई तर्क-कुतर्क शुरू हो जाते हैं। वाकई दोनों अलग-अलग दिखते हैं जो पहली नजर में समझ आता है। देश की सबसे स्मार्ट कहलाने वाली मुंबई पुलिस अपने ही जारी वीडियो पर घिर जाती है। बात तकनीक से पहचान तक आती है। वहीं दूसरे आम जानकार भी सवाल उठाते हैं। आम और खास सभी फुटेज और गिरफ्तार आरोपी के चित्रों का मिलान करते हैं और संदेहों की झड़ी लग जाती है। सी.सी.टी.वी. में बाल काले हैं आरोपी के बाल थोड़े से सफेद हैं। दोनों की उम्र भी अलग-अलग झलकती है। पकड़ा गया उम्र दराज लगता है तो फुटेज वाला बनिस्बत युवा। माथे का आकार-प्रकार भी अलग-अलग दिखता है। सी.सी.टी.वी. वाले का माथा पकड़ाए आरोपी की तुलना में छोटा है। आँखों में भी साफ अंतर है। पकड़ाए आरोपी की आँखें थोड़ी चौड़ी और बादाम के आकार सी है। सी.सी.टी.वी. में दिख रही आँखें गोल और छोटी हैं। दोनों की भौंहों का अंतर भी साफ-साफ झलकता है। दोनों की नाक का भी अंतर समझ आता है। गिरफ्तार की नाक चौड़ी है। फुटेज में नाक नुकीली और कम चौड़ी है। दोनों के होंठों में साफ-साफ अंतर दिख रहा है। बात सिर्फ आरोपी की हो तो भी समझ आता है। लेकिन सैफ के डिस्चार्ज के वक्त आए वीडियो ने तो जैसे हंगामा बरपा दिया। चूंकि उन पर चाकू से इतने वार हुए कि एक टुकड़ा टूटकर पीठ में जा घुसा जो सर्जरी से निकला। जाहिर है जख्म गहरे होंगे और सैफ बेइंतिहा दर्द से गुजरे होंगे। साधारणतया फांस घुसने या नाखून के साथ किनारे जमीं चमड़ी कट जाने पर कई-कई दिन लोगों को तकलीफ रहती है। वहीं बुरी तरह जख्मी सैफ की सेहत में हैरानी भरा सुधार और इतना कि अस्पताल से पैदल चलकर हीरो माफिक निकलना खुद ही बड़ा सवाल बन गया? जबकि डॉक्टरों की हिदायत पूरी तरह से आराम यानी बेड रेस्ट की रही। परिस्थितियों और बाद के घटनाक्रम ने संदेह और बढ़ाया। आम तो आम खास भी सवाल उठाने लगे। महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने चुभते सवाल उठाए।

# महाकुंभ की दुखद त्रासदी



रघु ठाकुर

26 जनवरी 2025 मंगलवार की रात्रि प्रयागराज में मौनी अमावस्या के दिन रात्रि लगभग 1रू30 बजे जो भगदड़ हुई, वह अत्याधिक दुखद घटना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना में 30 लोगों की मृत्यु व 70 घायल हैं और अनेकों अभी लापता हैं। यह भी सूचना आई है कि भगदड़ दो जगहों से हुई जबकि पहले एक स्थान की खबर थीं। और संभव है कि कुछ समय के बाद निश्चित जानकारी मिल पाये कि वास्तव में कितने लोग मरे हैं, कितने लोग घायल और कितने लापता हैं? इस घटना ने कई प्रश्न छोड़े हैं। 1. क्योंकि यह दुर्घटना इस अर्थ में तो दुर्घटना है कि अचानक भगदड़ हुई, जो कि पूर्व अनुमानित नहीं थी परंतु यह इस अर्थ में दुर्घटना नहीं भी है कि इतनी बड़ी भीड़ जिसे मीडिया और सरकार के अनुसार करोड़ से ऊपर बताया गया क्या केवल श्रद्धाभाव से इकटठी हुई थी या इसके पीछे वह वातावरण भी कारण है जिसे सरकार ने, मीडिया ने और कुछ धार्मिक संस्थाओं और संगठनों ने अपने राजनैतिक उददेश्य के लिये एक सुनियोजित तरीके से पिछले कई माह से बनाया था। यह गाँव-गाँव में प्रचार किया गया कि यह मौनी अमावस्या का पर्व 145 वर्ष के बाद आया है और जो इस पर्व पर रात्रि के निर्धारित समय संगम में डुबकी लेगा उसे मोक्ष प्राप्त होगा। अतरू करोड़ों लोग मोक्ष पाने के लिये पहुंच गये। निसंदेह यह श्रद्धालु हैं जिनकी अपनी धर्म और परंपराओं पर गहरी आस्था है। परंतु इस आस्था को मोक्ष पाने के जुनून में बदलने का काम सरकारी तंत्र, प्रचार तंत्र और धर्म के नाम पर काम करने वाली संस्थाओं ने बनाया था। गांव के गरीब लोग भी आपस में पैसा इकटठा कर मोक्ष प्राप्ति को किराये की गाड़ियां लेकर इलाहाबाद पहुंचे थे। शाायद यह संख्या शासन प्रशासन के अनुमान से अधिक रही होगी। 2. हमारे यहां साधु संतों के अपने-अपने परंपरागत संगठन हैं जो एक-दूसरे से श्रेष्ठ होने का दावा करते हैं और कई बार तो संगम में नहाने के क्रम में कौन पहले जायेगा, आपस में मल्ल युद्ध भी कर चुके हैं। इन 200-300 (साधुओं के) अखाड़ों में मुश्किल से 20-30 हजार विभिन्न प्रकार के परंपराओं के साधु होते हैं और अपनी श्रेष्ठता के विवाद में और अपने पहले अधिकार के विवाद में ये भी भगदड़ जैसी घटनाओं का कारण बन जाते हैं। एक तो उनकी यह जिद होती है कि मुहुर्त पर सबसे पहले स्नान का अधिकार उनका है जबकि होना तो यह चाहिये कि उन गरीब लोगों को स्नान पहले कराना चाहिये जो अपनी आस्था से सैकड़ों किमी चलकर यहां पहुंचे हैं। ये तो साधु संत हैं इन्हें तो अपने साधु होने के चलते ही मोक्ष प्राप्त हो जायेगा परंतु करोड़ों गरीब लोग आमजन हैं जो अपने जीवन में गृहस्थ हैं। धार्मिक प्रचार के अनुसार उन्हें मुहुर्त पर डुबकी लगाने पर ही उन्हें मोक्ष प्राप्त होगा। परंतु साधु संतों के अखाड़ों ने डुबकी लगाने के क्रम में कोई त्याग, उदारता और मानवता का प्रदर्शन नहीं किया बल्कि वे आपस में छोटे-बड़े का भेद करते हैं। मैं नहीं जानता हूँ कि क्या ईश्वर ने किसी को छोटा बड़ा बनाया है? ईश्वर को मानने का दावा करने वाले यह भेदभाव कर क्या ईश्वर की अवज्ञा नहीं करते हैं? इन अखाड़ों को मुर्हुत पर पहले स्नान कराने के लिये उन लाखों श्रद्धालुओं को रोक दिया गया था, जो कष्ट उठाकर वहाँ पहुंचे थे और सीमाओं पर पड़े थे। 3. भगदड़ का एक कारण यह भी बताया गया है कि गाँव के गरीबों के मन में इन साधु संतों के डुबकी लगाने का दृश्य देखने की जिज्ञासा भी थी। आजकल औसतन हर व्यक्ति के हाथ में मोबाइल है और वह फोटोग्राफर भी है। तो बड़ी संख्या में लोग इन अखाड़ों के स्नान को कैमरों में कैद करने के लिये बेताव थे। जिसके कारण वे अचानक आगे बढ़ने लगे। चूंकि अखाड़ों को पहले स्नान कराने के लिये प्रशासन ने 3 रास्ते बंद कर दिये थे अतरू एक ही मार्ग से लोग आगे बढ़े जिसके परिणामस्वरूप भगदड़ मची। 4. यह भी खबर फैली थी कि मुहुर्त के समय प्रधानमंत्री जी भी डुबकी लेने जायेंगे, यह भी एक भीड़ बढ़ने का कारण था।

5. मैं पुलिस और प्रशासन को दोषी नहीं मानता हूँ बल्कि उनका अभिनंदन करता हूँ जो पिछले एक डेढ़ माह से दिन रात डयूटी कर रहे हैं, वहीं पर रहते हैं, सोते हैं, अथक परिश्रम कर रहे हैं, उनका व्यवहार भी श्रद्धालुओं के साथ इतना विनम्र और उदारता का रहा है कि एक भी घटना या शिकायत वह भी उप्र के कुंभ मेले में नहीं मिली। प्रशासन अखाड़ों की प्राथमिकता देने के लिये राजनैतिक नेतृत्व के आदेशों का पालन करने के लिये बाध्य था। मैं यह भी जानता हूँ कि यह घटना कोई पहली बार नहीं हुई है बल्कि इसके पहले भी अनेकों बड़ी-बड़ी दुर्घटनायें कुंभ मेले में हुई हैं जिनमें भारी जनहानि हुई थी। 1954 में भगदड़ में लगभ 800 लोग मरे थे, जब पं. जवाहरलाल नेहरू प्रधानमंत्री थे। तब एक मात्र समाजवादी नेता डॉ. लोहिया ही थे जिन्होंने बनारस में भाषण करके ऐसे तीर्थ स्थलों के पुर्ननिर्माण की मांग उठाई थी, नदियों को साफ करने की मांग उठाई थी। लोहिया ने कहा था कि कोई माने न माने परंतु अगर लाखों लोग कहीं इकटठे होते हैं तो कम से उन स्थानों की व्यवस्था सरकार को सुविधाजनक बनाना चाहिये और बाद की सरकारों ने देश के अनेक स्थानों पर इन स्थानों का विकास किया है, भले ही लोहिया का नाम लेने में और सच स्वीकार करने में उन्हें शर्म लगी हो परंतु विकास का काम तो हुआ है। अब चर्चा है कि उप राष्ट्रपति महोदय संभवतरू 1 फरवरी को और 5 फरवरी को प्रधानमंत्री जी स्नान के लिये जाने वाले हैं। अब भीड़ की समस्या भी कम हुई है क्योंकि 29 तारीख को गये हुए लोग अपने घरों को वापिस लौट चुके हैं। इस दुर्घटना के बाद श्रद्धालुओं का उत्साह भी कुछ कम हुआ है और मुझे उम्मीद है कि प्रधानमंत्री और उपराष्ट्रपति जी बगैर घोषित और दिखने वाली वीआईपी सुरक्षा के जायेंगे ताकि यह प्रचार किया जा सके कि सरकार ने वीआईपी प्रोटोकाल नहीं लगाया है हालांकि हम यह भी जानते हैं कि हजारों की संख्या में सादे कपड़ों में पुलिस लगाई जायेगी ताकि वह वर्दी से पहचानी न जा सके। प्रशासन की यह वैधानिक डयूटी है कि इनको सुरक्षा दें क्योंकि इनकी सुरक्षा को प्रोटोकाल के लिये एक ब्लूबुक है जो संसद से स्वीक्ष्द्रत है। मुझे खुशी होगी कि अगर प्रधानमंत्री जी उपराष्ट्रपति जी वास्तव में वीआईपी सुरक्षा छोड़ दें और ब्लूबुक के प्रोटोकाल को विधिवत निरस्त करा दें ताकि प्रशासन को छदम आवरण आवश्यकता न रहे। ऐसी दुर्घटनायें दुनिया में सभी धार्मिक केंद्रों पर होती रही है। भोपाल के वरिष्ठ पत्रकार श्री इरशाद ने बताया कि कुछ वर्ष पहले मक्का में भी दुर्घटना हुई थी जिसमें 1200 लोग मारे गये थे। मैं किसी धार्मिक स्थल पर हुई दुर्घटना से तुलना करना या पुरानी घटना से तुलनाकर 28 की घटना को हल्का नहीं करना चाहता हूँ बल्कि चाहता हूँ कि सरकार ऐसे नियम बनायें जिससे भविष्य में ऐसी दुर्घटना न हों-मेरी राय में.... 1. जिस प्रकार सरकार ने इस महाकुंभ को सरकारी आयोजन बनाया, सरकार के मंत्रियों ने विभिन्न राज्यों में जाकर आम लोगों को निमंत्रित किया। मीडिया ने जिसे जुनून में बदल दिया यह बंद होना चाहिये। धार्मिक पर्व के आयोजनों में हिस्सेदारी जनता अपनी प्रे्ररणा से करती है। हजारों साल से भारतीय लोग कुंभ स्नान के लिये जाते रहे हैं, उन्हें किसी निमंत्रण की आवश्यकता नहीं हुई। श्रद्धालुओं में और प्रायोजित भीड़ में फर्क होता है, यह सरकार को समझना चाहिये। 1947 के पहले भी सैकड़ों वर्षों से 12 वर्षीय कुंभ में हजारों लाखों लोग अपनी स्वपे्ररणा से और बगैर निमंत्रण के जाते रहे हैं। तब ना कोई राजा या नबाव सरकार या प्रशासन व्यवस्था भी नहीं करता था परंतु कभी कोई दुर्घटना नहीं हुई। 2. साधु-संतों के अखाड़ों की वीआईपी परंपरा को इन साधु संतों को स्वतरू समाप्त करना चाहिये तथा अखाड़ों को खुद निर्णय कर जनता को पहले स्नान करने देना चाहिये। 3. ऐसे मुहुर्तों पर तब ज्यादा भीड़ इकटठी हो, तब प्रयागराज आने वाले रास्तों पर बड़े-बड़े एलईडी स्क्रीन लगाना चाहिये, ताकि श्रद्धालु सीमा से ही अखाड़ों के डुबकी लगाने के दृश्य को देख सकें और इनके फोटो ले सकें।

# बजटकुंभ में आमआदमी की डुबकी



सुरेश गांधी

फिरहाल, मोदी सरकार के बजट ने जनता को सुनहरे भारत की तस्वीर दिखाई है। टैक्स व निवेश को लेकर आम लोगों को फायदा दिया है। जिसकी आय 12 लाख रुपये प्रतिवर्ष है, उनके टैक्स की लिमिट बढ़ाकर खुश होने का मौका दिया है। इतना ही नहीं, इसपर स्टैंडर्ड डिडक्शन भी 75000 रुपये लागू होगा. जिसके बाद 12 लाख 75000 रुपये की सालाना इनकम पर 0 टैक्स देनदारी बनेगी। यह अलग बात है कि आयकर एक्ट बिल लाने की घोषणा कर संशय की स्थिति भी खड़ी कर दी है। हालांकि माना जा रहा है कि बिल आयकर कानून के सरलीकरण पर रहेगा, लेकिन जब तक बिल सामने नहीं आ जाता, तब तक नए प्राविधान क्या होंगे, इस पर दिल अटका रहेगा। वैसे भी मोदी सरकार की नीति रेवड़ियां बांटने वाली नहीं रही है। लेकिन फैसलों का अंदाज हमेशा चकित करने वाला जरुर रहा है। खास यह है कि बजट में लगातार दूसरी बार रेलवे को रेकार्ड 2.64 लाख करोड़ आवंटित किए गए और 4.60 लाख करोड़ के प्रोजेक्टों को भी मंजूरी दी गयी है। इसके साथ अलग-अलग श्रेणियों की करीब 350 नई ट्रेने संचालित करने की घोषणा की गयी है। दावा है कि अगले एक साल में 200 वंदे भारत, 100 अमृत भारत और 50 नमो भारत ट्रेने चलाये जायेंगे। सरकार का फोकस बिहार पर भी दिखा, जहां इसी साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। सीतारमण ने बिहार के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी की स्थापना करने का ऐलान किया। राज्य में आइआइटी का विस्तार होगा। मखाना बोर्ड के गठन की सरकार के ऐलान से बिहार के मिथिलांचल क्षेत्र, खासकर दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी, सहरसा, कटिहार, पूर्णिया, किशनगंज, अररिया, सुपौल और मधेपुरा जिलों के पांच लाख से ज्यादा किसानों को लाभ मिलने की संभावना है. दिलचस्प बात यह है कि बिहार में मखाना का उत्पादन करने वाले अधिकांश क्षेत्र एनडीए का गढ़ हैं और इनका प्रतिनिधित्व बीजेपी और जेडी-यू के सांसद करते हैं. यह स्पष्ट संकेत है कि राज्य में मखाना बोर्ड स्थापित करने की घोषणा से मिथिलांचल और सीमांचल क्षेत्र में आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए का वोट बैंक मजबूत होगा. इसके अलावा सरकार की मंशा है कि कपास उत्पादकता मिशन का गठन कर कपास के प्रोडक्शन और ट्रांसपोर्टेशन को बढ़ावा देगी। सीतारमण ने बिहार के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी की स्थापना करने का ऐलान किया। राज्य में आइआइटी का विस्तार होगा। मखाना बोर्ड और 3 नए एयरपोर्ट भी बनाए जाएंगे। कहा जा सकता है यह बजट न केवल सैलरीड पर्सन के लिए छूट दी गई, बल्कि कृषि से लेकर डिफेंस तक के लिए खजाना खोला गया है। या यूं कहे यह बजट किसानों, मिडिल क्लास और गरीबों का है। यह बजट आम आदमी का जेब भरने वाला है। इस बजट से न केवल निजी सेक्टर को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि देश में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। इस बजट में अमीर और गरीब के साथ-साथ गांवों और शहरों के बीच की खाई को पाटने के प्रावधान किया गया हैं। युवाओं, महिलाओं और मध्यम वर्ग को बड़ा लाभ होगा। रोजगार के अवसर पैदा होंगे। रक्षा मंत्रालय को 6.81 लाख करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया गया है, जो पिछले साल के बजट आवंटन से लगभग 9.5 प्रतिशत अधिक है और रक्षा बलों का आधुनिकीकरण करने में आसानी होगी। कर राहत से मध्यम वर्ग और वेतनभोगी कर्मचारियों को लाभ होगा। किसानों के लिए घोषणाएं कृषि क्षेत्र और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में क्रांति लाएंगी। विनिर्माण क्षेत्र के लिए बजट में किये गए प्राविधानों से भारतीय उत्पादों को वैश्विक स्तर पर चमकने का अवसर मिलेगा। मतलब साफ है वित मंत्री निर्मला सीता रमण ने बजट में गरीब, युवा, किसान और नारी शक्ति पर विशेष ध्यान दिया है। मिडिल क्लास पर जमकर अपना प्यार व स्नेह लुटाया है। कहा जा सकता है यह बजट मिडिल क्लास पर मेहरबान और आम आदमी को बमबम करने वाला बजट है। मध्य वर्ग और नौकरी पेशा समुदाय के लिए यह बजट राहत वाला है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बजट न केवल सैलरीड पर्सन के लिए छूट दी गई, बल्कि कृषि से लेकर डिफेंस तक के लिए खजाना खोला गया। या यूं कहे यह बजट किसानों, मिडिल क्लास और गरीबों का का है। यह बजट आम आदमी का जेब भरने वाला है। इस बजट से न केवल निजी सेक्टर को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि देश में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। एमएसएमई क्षेत्र को क्रेडिट गारंटी कवर को दोगुना करने और 1.5 लाख करोड़ जोड़ना बेहतर कदम है। इससे स्टार्ट-अप को बढ़ावा मिलेगा और विनिर्माण केंद्रों को बढ़ावा मिलेगा। फुटवियर, चमड़ा और खिलौना विनिर्माण उद्योगों पर बजट का ध्यान जमीनी स्तर पर नौकरियों को बढ़ावा देगा। इस बजट में अमीर और गरीब के साथ-साथ गांवों और शहरों के बीच की खाई को पाटने के प्रावधान किया गया हैं। युवाओं, महिलाओं और मध्यम वर्ग को बड़ा लाभ होगा। रोजगार के अवसर पैदा होंगे। चमड़ा और जूते के क्षेत्र में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 22 लाख से अधिक रोजगार पैदा हो सकते हैं। सूती वस्त्र और परिधान उद्योग में रोजगार पैदा होंगे। कौशल विकास पर जोर और पिछले साल घोषित की गई 5 पीएम योजनाएं भी हमारे युवा पुरुषों और महिलाओं को अधिक रोजगार योग्य और रोजगार के लिए योग्य बनाएंगी, उन्हें कौशल विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण देंगी और उनकी आय बढ़ाने में मदद करेंगी। यह एक बहुत ही समग्र बजट है जो आम आदमी को प्रभावित करेगा, जो मध्यम वर्ग को प्रभावित करेगा और इसका मतलब है कि अधिक डिस्पोजेबल आय होगी, जिससे बाजार में मांग को बढ़ावा मिलेगा। यह विकसित भारत 2047 की नींव तैयार करने वाला बजट है। रक्षा मंत्रालय को 6.81 लाख करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया गया है, जो पिछले साल के बजट आवंटन से लगभग 9.5 प्रतिशत अधिक है और रक्षा बलों का आधुनिकीकरण करने में आसानी होगी। कर राहत से मध्यम वर्ग और वेतनभोगी कर्मचारियों को लाभ होगा। किसानों के लिए घोषणाएं कृषि क्षेत्र और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में क्रांति लाएंगी। विनिर्माण क्षेत्र के लिए बजट में किये गए प्राविधानों से भारतीय उत्पादों को वैश्विक स्तर पर चमकने का अवसर मिलेगा।

बता दें, सरकार ने किसानों यानी कि अन्नदाता के लिए प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजनाकी शुरुआत की है. इस योजना के तहत देश के 100 विकासशील जिलों में खेती की पैदावार को बढ़ाने, फसल कटाई और भंडारण के लिए सुविधा बढ़ाई जाएगी. किसानों को लोन मिलने में सुविधा होगी. सिंचाई सुविधाओं में इजाफा किया जाएगा।

# बजट में मध्यम वर्ग की चिंता



डॉ टी महादेव राव

भैया! कल बजट पेश हुआ और मंत्री जी ने मध्यवर्ग की थोड़ी चिंता की। आयकर में राहत दी । इस बजट में उन राज्यों को अच्छा खासा धन आबंटित किया जिसमें चुनाव होंगे, जिनमें उनकी डबल इंजन सरकार के बैसाखी हैं, जिनमें उनकी पार्टी के शासक हैं। बाकी कइयों को तो अंगूठा दिखा दिया गया। छोटू! मानवीय संवेदनाएं भी तो कोई चीज है। अब बताओ तुम दोस्तों से अधिक मिलते हो या दुश्मनों से। मानवीय रूप से सहज है कि दोस्तों से मिलोगे। उनको कुछ दोगे, वे भी कुछ देंगे। फिर दोनों ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे गाते फिरोगे। यह दोस्ती का नियम है। यह अलग बात है कि आज के जमाने में कहां तक यह दोस्ती टिक पाती है। व्यक्तिगत तौर पे आपका कहना सही है। एक राष्ट्र के कर्ता धर्ता के रूप में अगर आप हो तो ये संवेदनाएं, ये नियम और यह पक्षपात की दोस्ती अलग तो विरोधी अलग वाला नुस्खा नहीं चलेगा। लोकतंत्र है और समान अधिकार वाली बात है। बहुत खूब। मतलब जिन राज्यों से समर्थन मिला है और जिन्होंने गालियां दी हैं दोनों एक कैसे हो सकते हैं? मित्र तो मित्र है। साथ खायेंगे, पियेंगे, लेन देन करेंगे। तुम मुझे समर्थन दो मैं तुम्हें राज्य के विकास के लिए धन दूंगा। फंडा साफ है। यही इंसाफ है और विरोधी और विपक्ष के लिए हाथ साफ हैं। फिर फर्क क्या रह जायेगा विभीषण और रावण में, विदुर और दुर्योधन में, बोलो। आपका कथन मेरे गले नहीं उतर रहा। आपने आंध्र प्रदेश के लिए, बिहार के लिए जितना प्यार धन रूप में, परियोजनाओं के रूप में दिखाया। वहीं तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल जैसे विपक्षी राज्यों पर आपकी कृपा दृष्टि बजट में नहीं पड़ी। यह पक्षपात नहीं तो क्या है? छोटू! अगर सारे राज्यों पर दया दृष्टि पड़ी तो अगले आम चुनाव में हम कहां होंगे? जनता को लगना चाहिए न कि हमने वोट दिया, उनको जिताया जिसके बदले यह विकास धन प्राप्त हुआ। बाकी विरोधी राज्यों के लिए यह एक संकेत है कि उनको जिताओगे तो ही आपके राज्य का विकास संभव है अन्यथा नहीं। इतनी सीधी बात तुम्हारे समझ में क्यों नहीं आ रही छोटू! भैया! कुछ भी कहो। यह मैं समझ नहीं पा रहा हूं। इस दल के शासन से पहले जो शासक थे, उनके समय में सभी राज्यों को बजट में धन दिया जाता हां समर्थन पक्ष को कुछ ज्यादा लेकिन पूरी तरह खाली हाथ तो नहीं दिखाया जाता था। वही प्रणाली अपनाने में दिक्कत क्या है? तब भी विकास होता था। हां! मुफ्त की रेवड़ियां नहीं बांटी जाती थीं और महंगाई भी उतनी नहीं थी जितनी अभी है। सभी अगर एक जैसे सोचेंगे तो विविध दलों के सिद्धांतों का, नियमों का, दलीय संविधान का क्या होगा? घोड़े और गधे एक तो नहीं हो सकते न? उनका अपना अलग शैली थी, इनका अपना अलग अंदाज है। इनको अगले फिर उससे अगले चुनावों में भी कुर्सी हथियाना है तो सहज है ऐसा पक्षपाती व्यवहार करेंगे ही।

# वित्त मंत्री का अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने वाला निर्मल बजट



अशोक भाटिया

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को संसद में आठवां बजट पूरा किया, जिसमें भाजपा का अपना आठवां और 11वां बजट पेश किया गया। एक बहुत ही अनोखा चक्र पूरा हुआ। इसकी शुरुआत मध्यम वर्ग के समर्थन से हुई, जिसकी उच्च उम्मीदें और उम्मीदें थीं जिन्हें 2014 के चुनावों में महत्वाकांक्षी कहा जा सकता था। स्वर्गीय अरुण जेटली का यह कथन कि ₹मध्यम वर्ग अपनी देखभाल करने में सक्षम है₹ इस उपेक्षा का प्रतीक बन गया। इस बीच महंगाई बढ़ी है, कोरोना महामारी की वजह से नौकरियां गई हैं, सैलरी गिरी है, कर्ज बढ़े हैं। बढ़ती बेरोजगारी की वजह से सबसे ज्यादा नुकसान इस वर्ग को हुआ है। कभी खुशनुमा माल कहा जाने वाला यह वर्ग मुश्किल में रहा है, लेकिन फिर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस वर्ग के प्रति आकर्षण बना हुआ है। वह देशभक्ति, राष्ट्रवाद, विश्वगुरु आदि के मुद्दे पर मोदी और भाजपा के साथ रहे, इस सही मतदाता को लगातार मान लिया गया। उस धारणा के आसपास गरीब कल्याण, अन्नदाता सुखी भव, सबका साथ-सबका विश्वास आदि नारे सजाए गए थे।ज्ञान को गरीबों, युवाओं, भोजन करने वालों और महिलाओं के कल्याण के रूप में बनाया गया था।हालांकि, पिछले जून में लोकसभा परिणामों ने भाजपा को हकदार वर्ग के पीछे भागने की मूर्खता का एहसास कराया होगा, महिलाएं और गरीब रेवाड़ी संस्कृति के बारे में भूल गए थे। बेरोजगारी के मुद्दे पर युवा गुस्से में थे। अन्नदाता एमएसपी की मांग करते हुए सड़कों पर उतर आए थे। एक बार फिर, मध्यम वर्ग ने मोदी को बचाया। अकेले भाजपा को बहुमत नहीं मिला, लेकिन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में बिहार और आंध्र प्रदेश के दोस्तों की मदद से तीसरी बार सत्ता में आई। यह परिणाम बजट में परिलक्षित हुआ है। सरकार ने इस वर्ग को नियंत्रण में रखने की कोशिश की है। आठ साल पहले जेटली का उद्धरण, निर्मला सीतारमण का बयान कि 'देश अगले 22 वर्षों में स्वतंत्रता की शताब्दी मनाएगा, मध्यम वर्ग तब एक विकसित भारत का वास्तुकार होगा', उन व्यक्तिगत करदाताओं के लिए प्रशंसा से भरा है जिन्होंने कॉर्पोरेट टैक्स के संग्रह को पीछे छोड़ दिया। उन्हें आशाओं, आकांक्षाओं और आक्रोश के बारे में पता होना चाहिए। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि लक्ष्मी खुश होगी, जो निर्मला सीतारमण ने बजट में किया था। अब कई वर्षों के बाद व्यक्तिगत आयकर लगाने के चरणों को संशोधित किया गया है। बजट हेडलाइन प्रबंधनः 12 लाख रुपये तक की आय पर कर छूट की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। कई लोगों के लिए, 12 लाख रुपये तक की आय अब कर-मुक्त नहीं है। हालांकि, वास्तविकता यह है कि ऐसा नहीं है। यदि आप कर छूट के लिए पात्र हैं, तो उस पात्रता को दिखाएं और फिर इस तक की आय पर कर का भुगतान न करें। वित्त मंत्री ने इसके भीतर आय और कर की राशि का विवरण क्यों दिया? समझा जाएगा कि यह सवाल क्यों नहीं उठाया गया, जिस पर टैक्स एडवाइजर की ओर से विस्तार से टिप्पणी की जाएगी और बजट दस्तावेज जारी होने का इंतजार करना होगा। 12 लाख रुपये तक की कर छूट की घोषणा और फिर भी 4 लाख रुपये से 8 लाख रुपये के बीच की आय पर 5 प्रतिशत, 8-12 लाख रुपये पर 10 प्रतिशत, आदि को इस कहावत के साथ जोड़ा जा सकता है कि 'असली दानव विवरण में है'। और हमने अब तक कई बार देखा है कि कैसे चुनाव नजदीक होने पर महज घोषणा को अच्छा शोर बनाया जा सकता है। दिल्ली विधानसभा चुनाव सिर्फ चार दिन दूर हैं, 12 लाख रुपये तक की आय की घोषणा आवश्यक प्रभाव के लिए पर्याप्त है। इस बजट में ऐसा कुछ भी न करें जिससे दिल्ली के मतदाताओं पर असर पड़े। चुनाव आयोग ने केंद्र को 'चेतावनी' दी थी। आयोग का 'डर' यह था कि इससे राजधानी के मतदाताओं पर असर पड़ेगा, जो सबसे बड़ी नौकरशाही का घर है। इससे पहले, चुनावों की घोषणा के बाद, सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए आठवें वेतन आयोग की नियुक्ति की घोषणा की और अब यह। विरोधाभासी रूप से, इस वेतन आयोग के बाद, सरकारी कार्यालय के सबसे कम कर्मचारी का वार्षिक वेतन 12 लाख रुपये हो जाएगा और आज घोषित रियायत बेकार होगी।

लेकिन जब तक इस पर ध्यान दिया जाएगा, चुनाव खत्म हो चुके होंगे और कोई अन्य चुनाव नहीं होगा। यह शुरू हो गया होगा। उस समय के चुनाव पर ध्यान दें! उदाहरण के लिए, जुलाई 2024 में पेश किया गया बजट आंध्र प्रदेश पर केंद्रित था।

# कैलाश मंदिरः आज भी इंजीनियरों को चौंकाती है औरंगजेब कई जतन के बाद भी नहीं कर सका नुकसान



भारत के अलग-अलग हिस्सों में कई ऐसे मंदिर हैं जो अपने इतिहास और अपनी प्रचीन परंपराओं के साथ अपनी वास्तुकला के लिए भी प्रसिद्ध हैं। इन मंदिरों की वास्तुकला कुछ ऐसी है कि आज भी नवीन तकनीकी और विज्ञान की सुविधाओं के बाद भी इस प्रकार की वास्तुकला को हकीकत में उतार पाना बहुत ही मुश्किल है।

ऐसा ही एक मंदिर स्थित है महाराष्ट्र के औरंगाबाद की एलोरा की गुफाओं में। यह मंदिर मात्र एक चट्टान को काटकर और तराशकर बनाया गया है। हम बात कर रहे हैं एलोरा के कैलाश मंदिर की जिसे बनाने में मात्र 18 वर्षों का समय लगा। लेकिन जिस तरीके से यह मंदिर बना है, ऐसे में अनुमान यह लगाया जाता है कि इसके निर्माण में लगभग 100-150 सालों का समय लगना चाहिए।

**संरचना एवं निर्माण का रहस्य**

ऐतिहासिक रिकॉर्ड्स के अनुसार एलोरा के कैलाश मंदिर का निर्माण राष्ट्रकूट वंश के राजा कृष्ण प्रथम के द्वारा सन 756 से सन 773 के दौरान कराया गया। मंदिर के निर्माण को लेकर यह मान्यता है कि एक बार राजा गंभीर रूप से बीमार हुए तब रानी ने उनके स्वास्थ्य के लिए भगवान शिव से प्रार्थना की और यह प्रण लिया कि राजा के स्वस्थ होने पर वह मंदिर का निर्माण करवाएँगी और मंदिर के शिखर को देखने तक व्रत धारण करेंगी।

राजा जब स्वस्थ हुए तो मंदिर के निर्माण के प्रारंभ होने की बारी आई, लेकिन रानी को यह बताया गया कि मंदिर के निर्माण में बहुत समय लगेगा। ऐसे में व्रत रख पाना मुश्किल है। तब रानी ने भगवान शिव से सहायता माँगी। कहा जाता है कि इसके बाद उन्हें भूमिअस्त्र प्राप्त हुआ जो पत्थर को भी भाप बना सकता है। इसी अस्त्र से मंदिर का निर्माण इतने कम समय में संभव हो सका। बाद में इस अस्त्र को भूमि के नीचे छुपा दिया गया।

भगवान शिव का निवास माने जाने वाले कैलाश पर्वत के आकार की तरह ही इस मंदिर का निर्माण किया गया है। 276 फुट लंबे और 154 फुट चौड़े इस मंदिर को एक ही चट्टान को तराशकर बनाया गया है। इस चट्टान का वजन लगभग 40,000 टन बताया जाता है।

मंदिर जिस चट्टान से बनाया गया है उसके चारों ओर सबसे पहले चट्टानों को 'U' आकार में काटा गया है जिसमें लगभग 2,00,000 टन पत्थर को हटाया गया। आमतौर पर पत्थर से बनने वाले मंदिरों को सामने की ओर से तराशा जाता है, लेकिन 90 फुट ऊँचे कैलाश मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता है कि इसे ऊपर से नीचे की तरफ तराशा गया है। कैलाश मंदिर एक ही पत्थर से निर्मित विश्व की सबसे बड़ी संरचना है।

इस मंदिर में प्रवेश द्वार, मंडप तथा कई मूर्तियाँ हैं। दो मंजिल में बनाए गए इस मंदिर को भीतर तथा बाहर दोनों ओर मूर्तियों से सजाया गया है। मंदिर में सामने की ओर खुले मंडप में नंदी है और उसके दोनों ओर विशालकाय हाथी तथा स्तंभ बने हुए हैं। कैलाश मंदिर के नीचे कई हाथियों का निर्माण किया गया है और यह मंदिर उन्हीं हाथियों के ऊपर ही टिका है। इस्लामिक आक्रांता औरंगजेब ने इस मंदिर को नुकसान पहुँचाने का बहुत प्रयास किया लेकिन छोटे-मोटे नुकसान के अलावा वह इसे किसी भी प्रकार की क्षति पहुँचाने में असफल रहा।

**कुछ अनसुलझे तथ्य**

मंदिर की दीवारों पर अलग प्रकार की लिपियों का प्रयोग किया गया है जिनके बारे में आजतक कोई कुछ भी नही समझ पाया। ऐसा कहा जाता है कि अंग्रेजों के शासनकाल में मंदिर के नीचे स्थित गुफाओं पर शोधकार्य शुरू कराया गया, लेकिन वहाँ हाई रेडियोएक्टिविटी के चलते शोध को बंद करना पड़ा।

इसके अलावा गुफाओं को भी बंद कर दिया गया जो आज भी बंद ही हैं। ऐसी मान्यता है कि इस रेडियोएक्टिविटी का कारण वही भूमिअस्त्र और मंदिर के निर्माण में उपयोग किए गए अन्य उपकरण हैं जो मंदिर के नीचे छुपा दिए गए थे।

हालाँकि जिस तरीके से कैलाश मंदिर का निर्माण किया गया है, पुरातत्वविद यह अनुमान लगाते हैं कि इस मंदिर के निर्माण में कम से कम 100-150 वर्षों का समय लगना चाहिए।

लेकिन मंदिर का निर्माण मात्र 18 वर्षों में हुआ। यही कारण है कि मंदिर के निर्माण में दैवीय सहायता की भी संभावना जताई जाती है। मंदिर से जुड़ी एक और विचित्र बात यह है कि यह भगवान शिव को समर्पित है, लेकिन मंदिर में न तो कोई पुजारी है और न ही यहाँ किसी प्रकार की पूजा-पाठ की कोई जानकारी मिलती है।

**कैसे पहुँचे ?**

कैलाश मंदिर, औरंगाबाद शहर से 30 किमी दूर स्थित है। मंदिर का सबसे नजदीकी हवाईअड्डा औरंगाबाद ही है जो दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, तिरुपति, अहमदाबाद और तिरुवनंतपुरम जैसे शहरों से जुड़ा हुआ है। इसके अलावा रेलमार्ग से हैदराबाद, दिल्ली, नासिक, पुणे और नांदेड़ जैसे शहरों से भी औरंगाबाद पहुँचा जा सकता है। कैलाश मंदिर से औरंगाबाद रेलवे स्टेशन की दूरी लगभग 28 किमी है। महाराष्ट्र की सार्वजनिक परिवहन सेवा की बसों के माध्यम से राज्य के लगभग सभी बड़े शहरों से औरंगाबाद पहुँचने के लिए बस सेवा उपलब्ध है। पुणे से मंदिर की दूरी लगभग 250 किमी है। इसके अलावा मुंबई से कैलाश मंदिर लगभग 330 किमी की दूरी पर स्थित है।

# महाकुंभ के आखिरी अमृत स्नान के दिन जरूर कर लें ये 3 काम

महाकुंभ का अंतिम अमृत स्नान 3 फरवरी के दिन है। इस दिन नागा साधुओं के डुबकी लगाने के बाद आम लोग भी त्रिवेणी घाट में स्नान करेंगे। इसके बाद 12 और 26 फरवरी को भी महाकुंभ का स्नान होगा, लेकिन इसमें नागा साधु शामिल नहीं होंगे। 3 फरवरी को होने वाले अंतिम अमृत स्नान को बेहद खास माना जा रहा है। बसंत पंचमी और महाकुंभ अमृत स्नान का पावन शुभ योग अब कई वर्षों के बाद ही घटित होगा। ऐसे में कुछ ऐसे कार्य हैं जिन्हें आखिरी अमृत स्नान के दिन करने से आपको शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है। आज इसी के बारे में हम आपको जानकारी देंगे।

**महाकुंभ अंतिम अमृत स्नान**

महाकुंभ का अंतिम अमृत स्नान 3 फरवरी को है। बसंत पंचमी का त्योहार 2 फरवरी को मनाया जाएगा, लेकिन पंचमी तिथि 3 तारीख को ब्रह्म मुहूर्त में विद्यमान रहेगी। ऐसे में इसे बसंत पंचमी का अमृत स्नान भी कहा जा रहा है। 3 फरवरी को ब्रह्म मुहूर्त का स्नान सुबह 5 बजकर 5 मिनट से लगभग 6 बजे के बीच होगा और इस समय पंचमी तिथि रहेगी। आइए अब जान लेते हैं कि, बसंत पंचमी के दिन किन कार्यों को करने से आपको शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है।

इस तरह करें स्नान देवी-देवता और पितरों का मिलेगा आशीर्वाद अगर आप महाकुंभ में डुबकी लगाने जा रहे हैं तो इस दिन सही विधि से आपको स्नान करने कई शुभ परिणाम मिल सकते हैं। आपको महाकुंभ में साधु-संतों के स्नान के बाद त्रिवेणी में डुबकी लगानी चाहिए। नदी में घुटनों तक उतरने के बाद हाथ में जल लेकर आपको संकल्प लेना चाहिए।

इसके बाद, गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वति। नर्मदे सिन्धु कावेरी जलऽस्मिन्सन्निधिं कुरु। मंत्र का जप करते हुए 5 बार डुबकी लगानी चाहिए। याद रखें कि डुबकी लगाते समय आपको मुख सूर्य की ओर हो।

डुबकी लगाते समय अपने इष्टदेव, पितृ आदि का स्मरण आपको करना चाहिए। डुबकी लगाने के बाद किसी पवित्र मंदिर में जाकर आपको पूजा अर्चना करनी चाहिए। इस तरह अगर आप महाकुंभ के दिन अमृत स्नान करेंगे तो पाप से आप मुक्त होंगे और आपकी कई मनोकामनाएं पूरी होंगी।

**यथा संभव दान**

हिंदू धर्म में दान का बड़ा महत्व है। दान करने से न केवल आपको आत्म संतुष्टि मिलती है बल्कि देवी-देवता और पितृ भी आप पर आशीर्वाद बरसाते हैं, इसलिए अंतिम अमृत स्नान वाले दिन स्नान के बाद आपको यथासंभव दान करना चाहिए। इस दिन आप अन्न, वस्त्र, धन आदि का दान कर सकते हैं।

**पितरों का तर्पण**

पितृ देवताओं के निमित्त इस दिन तर्पण करना भी आपके लिए शुभ साबित होगा। ऐसा करने से आपके अतृप्त पूर्वजों की आत्माएं भी शांत होंगी।

साथ ही पितृ दोष से भी आपको मुक्ति मिलेगी। महाकुंभ के अमृत स्नान के दिन पितरों का तर्पण, श्राद्ध करने के साथ ही पितरों से जुड़े मंत्रों का जप करना भी आपको लाभ दिलाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, अमृत स्नान के दौरान किया गया श्राद्ध कर्म उतना ही पुण्य फलदायक होता है, जितना पितृ पक्ष के दौरान।

# तंजावुर का बृहदेश्वर मंदिर




तमिलनाडु के तंजावुर में स्थित बृहदीश्वर/बृहदेश्वर मंदिर अपने आप में एक अद्भुत और रहस्यमयी संरचना है। चोल साम्राज्य के 'द ग्रेट लिविंग टेंपल्स' में से एक भगवान शिव को समर्पित बृहदीश्वर मंदिर को महान चोल शासक राजराज चोल प्रथम ने बनवाया था। इसे पेरिया कोविल, राजराजेश्वर मंदिर या राजराजेश्वरम के नाम से भी जाना जाता है। द्रविड़ वास्तुकला का बेहतरीन उदाहरण है बृहदीश्वर मंदिर जो कि भारत के कुछ विशाल मंदिरों में से एक है।

इस मंदिर के निर्माण में 'ग्रेनाइट' के चौकोर पत्थर के ब्लॉक्स को (आकार में घटते क्रम में) एक-दूसरे के ऊपर इस प्रकार जमाया गया कि वो आपस में फँसे रहें। इसे साधारण भाषा में 'पजल टेक्निक कहा गया। मंदिर का मुख्य भाग (जो श्रीविमान कहलाता है) लगभग 216 फुट (66 मीटर) ऊँचा है। इसका मतलब हुआ कि पत्थर के ब्लॉक 216 फुट तक जमाए गए। ध्यान रखें कि यह सभी पत्थर मात्र एक-दूसरे के ऊपर रखे गए हैं न कि इन्हें किसी सीमेंट जैसे पदार्थ से (जैसा कि आजकल होता है) आपस में जोड़ा गया है।

बृहदीश्वर मंदिर की सबसे खास बात यह है कि इसे बिना नींव के बनाया गया है।

बृहदीश्वर मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। मंदिर के गर्भगृह में शिवलिंग स्थापित है जो 8.7 मीटर ऊँचा है। इसके अलावा मंदिर में गणेश, सूर्य, दुर्गा, हरिहर, भगवान शिव के अर्धनारीश्वर स्वरूप और अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियाँ हैं। मंदिर में श्रीविमान के अलावा अर्धमंडप, मुखमंडप, महामंडप और नंदीमंडप है। मंदिर परिसर में दो गोपुरम भी हैं। नंदीमंडप में भगवान शिव की सवारी नंदी की प्रतिमा है। इस प्रतिमा की खास बात यह है इसे भी एक ही पत्थर से बनाया गया है और यह लगभग 25 टन वजनी है।

**मंदिर से जुड़ी रोचक बातें**

इस मंदिर से जुड़े कुछ रोचक तथ्य भी हैं। पहली बात तो यह है कि मंदिर के 50 किमी के दायरे में भी ग्रेनाइट उपलब्ध नहीं है तो इतनी मात्रा में ग्रेनाइट जहाँ से भी लाया गया होगा, निश्चित रूप से उस प्रक्रिया में खर्च हुई मेहनत और लागत की कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

बृहदीश्वर मंदिर के श्रीविमान के ऊपर स्थित 'कुंभम' किसी आश्चर्य से कम नहीं है। आश्चर्य इसलिए कि कुंभम भी एक ही पत्थर से निर्मित है और उसका वजन है 81 टन अर्थात 81,000 किग्रा। अंदाजा लगाइए कि इतना वजनी पत्थर लगभग 200 फुट की ऊँचाई तक पहुँचा कैसे?

**कैसे पहुँचे ?**

तंजावुर स्थित बृहदीश्वर मंदिर तक पहुँचना बड़ा ही आसान है। सबसे नजदीकी हवाई अड्डा तिरुचिरापल्ली है, जो मंदिर से लगभग 60 किमी की दूरी पर है। इसके अलावा ट्रेन से पहुँचना सबसे आसान है, क्योंकि तंजावुर रेलवे स्टेशन से बृहदीश्वर मंदिर की दूरी मात्र 1.9 किमी है। तंजावुर में दो बस स्टैन्ड हैं- एक पुराना और एक नया। पुराने बस स्टैन्ड से मंदिर की दूरी 1 किमी है और नए बस स्टैन्ड से लगभग 5 किमी। त्रिची के सेंट्रल बस स्टैन्ड से भी बृहदीश्वर मंदिर जा सकते हैं, जिसकी दूरी मंदिर से लगभग 60 किमी है।

# रथ सप्तमी कल मनाई जाएगी ?

माघ माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को रथ सप्तमी मनाई जाती है। माना जाता है कि यह दिन भगवान सूर्य के प्रति समर्पित है, इस दिन सूर्यदेव की पूजा होती है। धार्मिक ग्रंथों में कहा गया कि माघ माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि पर सूर्य देव का अवतरण हुआ था। इस कारण इस दिन का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यता है कि आत्मा के कारण सूर्य देव की पूजा करने से आरोग्य जीवन का वरदान मिलता है। साथ ही करियर और कारोबार में तरक्की होती है। आइए जानते हैं कि रथ सप्तमी कब मनाई जाएगी...

हिंदू पंचांग के मुताबिक, माघ महीने के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि की शुरुआत बसंत पंचमी के बाद 4 फरवरी को सुबह 4.37 बजे हो रही है, जो 5 फरवरी की देर रात 02.30 बजे तक रहेगी। चूंकि सनातन धर्म में उदया तिथि को मान्यता दी जाती है, ऐसे में 4 फरवरी को ही रथ सप्तमी मनाई जाती है। वहीं, रथ सप्तमी के दिन स्नान का शुभ समय 5.23 बजे से 07.08 बजे तक है।

**बन रहा ये शुभ योग**

ज्योतिषों के मुताबिक, रथ सप्तमी तिथि को बेहद शुभ योग बन रहा है। साथ ही सर्वार्थ सिद्धि योग भी बन रहा है। इनके अलावा, अमृत सिद्धि योग का भी निर्माण हो रहा है। इन योग में सूर्य देव की उपासना करने से जातक को सभी प्रकार के सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

इस दिन जातक को ब्रह्म मुहूर्त में उठना चाहिए। दिन की शुरुआत सूर्य देव को प्रणाम कर करें। इसके बाद घर के सभी जरूरी काम निपटा लें और स्नान करें। इसके बाद सूर्य को अर्घ्य दें और विधि विधान से सूर्य देव और भगवान विष्णु की पूजा करें। पूजा के बाद जरूरतमंदों को दान आदि करें।



# आपकी भी वैवाहिक जीवन में चल रही है तकरार तो शतप्रतिशत समाधान

गुण मिलान में दोष होना। विवाह संस्कार को निर्धारित समय पर सम्पन्न नहीं किया गया हो, तो पति-पत्नी के संबंध में टकराव की स्थिति बन सकती है।

राशि मित्रता नहीं हो अर्थात दोनों के राशि स्वामियों में शत्रुता हो।

वर्ग शत्रुता अर्थात एक वर्ग से पांचवां वर्ग शत्रु होता है। जैसे किसी का नाम य, र, ल, व (वर्ग-मृग) से है और दूसरे का च, छ, ज, झ, भ (वर्ग-सिंह) से हो, तो सिंह-मृग में शत्रुता होगी। अर्थात पति-पत्नी में यदि वर्ग भेद है, तो टकराव होगा।

गण शत्रुता अर्थात देव, मनुष्य एवं राक्षस ये तीन प्रकार के गण दोष होते हैं। एक का मनुष्य-दूसरे का राक्षस गण होने पर दोनों एक-दूसरे को शत्रु भाव से देखते हैं।

दोनों की कुंडली में लग्नेश एवं सप्तमेश आपस में शत्रु हों।

दोनों का सप्तमेश- अष्टम या द्वादक्ष भाव में हो।

सप्तम भाव में अकेला शुक्र ग्रह बैठा हो तो पति-पत्नी के बीच अनबन संभव है।

दोनों का कर्क लग्न हो। कर्क लग्न वालों को गृहस्थ सुख कम मिलता है।

अष्टमेश का सप्तम भाव में होना, वासना सुख में कमी कराता है। यह भी कलह का कारण बनता है।

सप्तम भाव में सूर्य-राहू-मंगल का होना।

सप्तम भाव में बुध-शनि के होने से दोनों ग्रह रति सुख में शिथिलता लाते हैं।

लड़के-लड़की की कुंडली में सातवां भाव जो वैवाहिक सुख से संबंधित है। इसमें मुख्य शुक्र ग्रह, सप्तमेश, सातवें भाव का कारक ग्रह एवं लग्नेश की स्थिति का काफी महत्व होता है। अर्थात सप्तम या लग्न में पाप ग्रह नहीं हो और न ही पाप ग्रहों की दृष्टि हो। शुक्र ग्रह की स्थिति अच्छी हो तो पति-पत्नी में टकराव नहीं होगा। इसके अलावा इन उपायों पर ध्यान दें-

# क्या नागा से तलाक के बाद निर्देशक को डेट कर रही हैं सामंथा?

अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु कथित तौर पर इन दिनों सिटाडेलः हनी बनी के निर्देशक राज निदिमोरू को डेट कर रही हैं। अपनी डेटिंग अफवाहों के बीच, सामंथा ने हाल ही में एक पिकलबॉल टूर्नामेंट की कई तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें राज निदिमोरू भी नजर आ रहे हैं। उन्होंने कई तस्वीरें शेयर कीं, लेकिन एक खास तस्वीर में अभिनेत्री निर्देशक का हाथ थामे नजर आईं।

**क्या राज निदिमोरू को डेट कर रही हैं सामंथा?**

सामंथा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वर्ल्ड पिकलबॉल लीग मैच की कई तस्वीरें शेयर कीं। अभिनेत्री पिकलबॉल टीम चेन्नई सुपर चैंप्स की मालिक हैं। पहली तस्वीर में वह राज के साथ चलती हुई दिखाई दे रही हैं, जबकि दूसरी तस्वीर में वह अपनी टीम के लिए जोर-जोर से चीयर करते हुए उन्हें देख रहे हैं। आखिरी तस्वीर एक ग्रुप पिक्चर है, जिसमें अभिनेत्री पूरी टीम के साथ पोज देती हुई नजर आ रही हैं। वह राज निदिमोरू का हाथ थामे नजर आ रही हैं, उनके प्रशंसक उनकी राज के साथ तस्वीर को देखकर यही कयास लगा रहे हैं कि कहीं दोनों एक-दूसरे को डेट तो नहीं कर रहे।

**सामंथा-राज की तस्वीरों पर प्रशंसकों के कमेंट्स**

सोशल मीडिया पर राज और सामंथा की यह तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं। एक यूजर ने सामंथा और राज की इन तस्वीरों पर कमेंट करते हुए लिखा, मुझे लगता है कि सैम इसे आधिकारिक बना रही है। उसके लिए अच्छा है, जब तक हर कोई खुश है! हालांकि सामंथा और राज ने अभी तक अपनी डेटिंग की पुष्टि नहीं की है।

**राज निदिमोरू कौन हैं**

राज निदिमोरू गतिशील फिल्म निर्माण जोड़ी राज और डीके का हिस्सा हैं, जो 'द फैमिली मैन', 'फर्जी', 'सिटाडेलः हनी बनी', 'गन्स एंड गुलाब' के निर्देशन के लिए जाने जाते हैं। 'द फैमिली मैन 2' और 'सिटाडेलः हनी बनी' में अपनी भूमिकाओं के बाद, सामंथा एक बार फिर राज और डीके के साथ 'रक्त ब्रह्मांड' के लिए काम कर रही हैं।

**राज के बारे में सामंथा की राय**



मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सामंथा ने राज के बारे में कहा, मुझे लगता है कि फैमिली मैन के साथ, मैं कुछ ऐसा चित्रित करने में सक्षम थी, जो मैंने पहले कभी नहीं किया था। फिर से सिटाडेल हनी बनी के साथ, यह कुछ ऐसा था जो मैंने पहले नहीं किया था। और फिर से रक्त ब्रह्मांड के साथ, चीजें अधिक चुनौतीपूर्ण हैं। राज और डीके ने मुझे अच्छे कारणों से बिगाड़ा है। वे वही हैं जिन्होंने मुझे अधिक से अधिक चुनौतियों के लिए प्रेरित किया।

# आईफा अवॉर्ड्स में लापता लेडीज-भूल भुलैया को मिले सबसे ज्यादा नामांकन, स्त्री 2-किल ने भी मारी बाजी

किरण राव द्वारा निर्देशित फिल्म 'लापता लेडीज' और हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूल भुलैया 3' और 'स्त्री 2- सरकटे का आतंक' को अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार 2024 में लोकप्रिय श्रेणियों में सबसे ज्यादा नामांकन मिले हैं। आयोजकों ने इसकी घोषणा की। किरण राव की 'लापता लेडीज' नौ नामांकन के साथ सबसे आगे है, जबकि अनीस बज्मी द्वारा निर्देशित 'भूल भुलैया 3' सात नामांकन और अमर कौशिक की 'स्त्री 2- सरकटे का आतंक' छह नामांकन के साथ तीसरे स्थान पर है।

**जयपुर में होगा आईफा अवॉर्ड्स का आयोजन**

जयपुर में 8 और 9 मार्च के बीच आयोजित होने वाले आईफा अवॉर्ड्स के रजत जयंती संस्करण में सर्वश्रेष्ठ फिल्म, सर्वश्रेष्ठ निर्देशन, मुख्य भूमिका में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, सहायक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, नकारात्मक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, संगीत निर्देशन और पार्श्व गायक की 10 श्रेणियों में सिनेमेटिक एक्सीलेंस को सम्मानित किया जाएगा।

**इन फिल्मों को मिला सर्वश्रेष्ठ फिल्म का नामांकन**

सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए नामांकित हैं 'लापता लेडीज', 'भूल भुलैया 3', 'स्त्री 2 - सरकटे का आतंक', 'किल', 'आर्टिकल 370', और 'शैतान'। वहीं




सर्वश्रेष्ठ निर्देशन श्रेणी में दौड़ में किरण राव, निखिल नागेश भट, कौशिक, सिद्धार्थ आनंद, अनीस बज्मी और आदित्य सुहास जांभले शामिल हैं। नितांशी गोयल, आलिया भट्ट, यामी गौतम, कैटरीना कैफ और श्रद्धा कपूर मुख्य भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनय के पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

**सर्वश्रेष्ठ अभिनय श्रेणी की रेस में ये सितारे**

स्पर्श श्रीवास्तव, राजकुमार राव, कार्तिक आर्यन, अभिषेक बच्चन और अजय देवगन को सर्वश्रेष्ठ अभिनय श्रेणी में नामांकित किया गया है। सहायक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के पुरस्कार के लिए छाया कदम, विद्या बालन, जानकी बोदीवाला और ज्योतिका और प्रियामणि प्रतिस्पर्धा में हैं। रवि किशन, अभिषेक बनर्जी, फरदीन खान, राजपाल यादव और मनोज पाहवा ने सहायक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए नामांकन हासिल किया है।

**कौन जीतेगा नकारात्मक भूमिका का पुरस्कार?**

नकारात्मक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए नामांकित हैं- राघव जुयाल, आर माधवन, गजराज राव, विवेक गोम्बर और अर्जुन कपूर। सचिन-जिगर और तनिष्क बागची को सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन श्रेणी में दो-दो नामांकन मिले हैं। सचिन-जिगर को 'स्त्री 2' में उनके व्यक्तिगत काम के लिए नामांकित किया गया है। तनिष्क बागची को 'भूल भुलैया 3' के लिए प्रीतम, लिजो जॉर्ज, सचेत - परंपरा, डीजे चेतस, आदिया रिखारी और अमाल मलिक के साथ नामांकित किया गया है।

**पार्श्व गायक पुरस्कार की रेस में कौन आगे?**

सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन श्रेणी में राम संपत और ए.आर. रहमान नामांकित हैं। गायक अरिजीत सिंह, करण औजला, दिलजीत दोसांझ, बादशाह, जुबिन नौटियाल और मित्राज को पार्श्व गायक पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। श्रेया घोषाल ने 'लापता लेडीज' और 'भूल भुलैया 3' के लिए सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका श्रेणी में दोहरा नामांकन हासिल किया है। इस खंड में मधुबंती बागची 'स्त्री 2' के लिए, रेखा भारद्वाज 'किल' के लिए और शिल्पा राव भी 'फाइटर' के लिए नामांकित हैं।

# थमन ने राम चरण के फैंस से क्यों मांगी माफी? गेम चेंजर के ओरिजनल साउंड ट्रैक पर दी नई जानकारी

साउथ सुपरस्टार राम चरण की फिल्म गेम चेंजर बॉक्स ऑफिस पर अपना कमाल दिखाने में नाकामयाब साबित हुई। फिल्म अभी भी सिनेमाघरों में लगी हुई है, लेकिन कमाई के लिए संघर्ष कर रही है। वहीं अब सिनेमाघरों में फैंस को खींचने के लिए निर्माता कई तरह की योजनाएं बना रहे हैं। ऐसे में उन्होंने फिल्म का ओरिजनल साउंड ट्रैक रिलीज करने की योजना बनाई थी, लेकिन ऐसा हो नहीं पाया। इस पर अब म्यूजिक कंपोजर थमन ने नया अपडेट साझा किया है।

**थमन ने मांगी माफी**

म्यूजिक कंपोजर थमन ने पहले



वादा किया था कि गेम चेंजर का ओरिजिनल साउंडट्रैक (औएसटी) 1 फरवरी, 2025 को रिलीज किया जाएगा। हालांकि, रिलीज में देरी हुई, जिससे प्रशंसक निराश हुए। अपने नए पोस्ट में थमन ने देरी के लिए माफी मांगी और घोषणा की कि गेम चेंजर का ओरिजनल साउंड ट्रैक अब आज यानी 2 फरवरी, 2025 शाम 6:03 बजे रिलीज किया जाएगा। इसके बाद आज फिर दर्शकों को फिल्म के ओरिजिनल साउंड ट्रैक रिलीज होने का इंतजार रहेगा।

**साउंड ट्रैक में होंगे 16 गाने**

थमन ने यह भी बताया कि गेम चेंजर के ओरिजनल साउंड ट्रैक में 16 ट्रैक होंगे और बताया कि द सोल ऑफ अप्पन्ना उनका निजी पसंदीदा ट्रैक है। प्रशंसक बेसब्री से साउंडट्रैक का इंतजार कर रहे हैं और यह देखना बाकी है कि इसे कैसा रिस्पॉन्स मिलेगा। उम्मीद है इसका फायदा फिल्म के कलेक्शन को भी मिले।

**फिल्म के कलाकार और कहानी**

शंकर द्वारा निर्देशित 'गेम चेंजर' एक राजनीतिक थ्रिलर है, जिसकी कहानी कार्तिक सुब्बाराज ने लिखी है। फिल्म में राम चरण, कियारा आडवाणी, अंजलि, एसजे सूर्या, श्रीकांत, जयराम और नवीन चंद्रा अहम भूमिकाओं में हैं। खबर है कि चरण एक आईएएस अधिकारी की भूमिका निभाएंगे। श्री वेंकटेश्वर क्रिएशंस द्वारा निर्मित 'गेम चेंजर' में संगीत थमन ने दिया है, छायांकन तिरू ने किया है और संपादन शमीर मुहम्मद ने किया है।

# डायरेक्टर ने प्रियंका चोपड़ा से की थी गलत डिमांड बोलीं- छोटे कपड़े पहनने के लिए कहा था

प्रियंका चोपड़ा हमेशा अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू में अपने फिल्मी करियर के शुरुआती दिनों के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि जब वह 19 साल की थीं, तब उन्होंने एक फिल्म साइन की थी। लेकिन डायरेक्टर ने उनसे काफी छोटे कपड़े पहनने की डिमांड की, जिसके कारण उन्होंने फिल्म छोड़ दी और फिर कभी उस शख्स का चेहरा नहीं देखने का भी मन बनाया था।

प्रियंका चोपड़ा ने फोर्ब्स पावर विमेंस समिट के दौरान बात करते हुए कहा कि जब वे 19 साल की थीं, तब एक डायरेक्टर ने उन्हें एक फिल्म के लिए अप्रोच किया था। उस समय डायरेक्टर ने उनसे कहा था कि वे अपनी स्टाइलिस्ट से बात करें कि रोल के लिए किस तरह का हुलिया होगा।



प्रियंका के अनुसार, डायरेक्टर ने स्टाइलिस्ट से कहा था कि लोग थिएटर में तभी आएंगे जब वह पैंटी दिखाएगी, इसलिए उसकी ड्रेस रिवीलिंग होनी चाहिए।

प्रियंका ने आगे कहा, डायरेक्टर ने इस बात को चार बार कहा, लेकिन जब यही बात उसने हिंदी में कही तो सुनकर घिन आ गई, जिस कारण मैं बुरी तरह से टूट गईं और सोचने लगी कि कोई कोई इंसान महिलाओं को लेकर ऐसी घटिया सोच कैसे रख सकता है?

इसके बाद घर जाकर मैंने अपनी मां को सारी बातें बताईं और कहा कि मैं अब उस डायरेक्टर की शक्ल तक नहीं देख सकती। इतना ही नहीं अगर वो महिलाओं के बारे में ऐसी सोच रखता है तो मुझे उसके साथ काम भी नहीं करना है।

**राजामौली के साथ काम करेंगी प्रियंका**

प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में सिटाडेल 2 की शूटिंग खत्म की है। अब वह जल्द ही राजामौली की आगामी फिल्म SSMB29 में साउथ स्टार महेश बाबू के साथ लीड रोल में नजर आ सकती हैं।

# स्वरा भास्कर को वापस मिला एक्स अकाउंट, पोस्ट साझा कर अभिनेत्री ने दी जानकारी

अभिनेत्री स्वरा भास्कर का एक्स अकाउंट सस्पेंड और हैक होने के बाद वापस आ गया है। उन्होंने रविवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक पोस्ट शेयर कर यह खबर साझा की। साथ ही उन्होंने इस प्रक्रिया के दौरान उनका सहयोग करने वालों का आभार व्यक्त किया। इससे पहले स्वरा ने बताया था कि उनका एक्स अकाउंट हैक हो गया है।

**स्वरा ने एक्स अकाउंट पर साझा किया पोस्ट**

अब स्वरा ने अपना एक्स अकाउंट वापस मिलने के बाद पोस्ट साझा की। उन्होंने पोस्ट में लिखा, 'और हम एक बुरे पैसे की तरह वापस आ गए हैं। मदद करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद। प्रशंसकों ने पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी



और स्वरा को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर स्वरा की वापसी पर खुशी जाहिर की। वहीं, स्वरा ने फिर उनका आभार भी जताया।

**हैक हो गया था स्वरा का अकाउंट**

इससे पहले स्वरा ने लिखा था, 'और अब ऐसा लगता है कि मेरा ट्विटर/एक्स अकाउंट हैक हो गया है।' उन्होंने इंस्टाग्राम पर कई स्लाइड्स शेयर कीं, जिनमें से एक में लिखा था, 'मेरे एक्स अकाउंट के साथ और ड्रामा।' उन्होंने टीम एक्स के अपडेट के स्क्रीनशॉट भी शेयर किए थे, जिसमें बताया गया था कि उनका अकाउंट किसी और द्वारा ऑपरेट किया जा रहा था।

**कॉपीराइट उल्लंघन का भी लगा था आरोप**

एक अन्य स्लाइड में उन्होंने कॉपीराइट उल्लंघन के आरोप को के बारे में किया। स्वरा भास्कर हमेशा से ही अपने विचारों और राजनीतिक रुख के बारे में मुखर रही हैं। वह कई मुद्दों पर अपनी राय रख चुकी हैं। फिलहाल, वह अपनी शादी और मां बनने के बाद ब्रेक पर हैं।

# वह एक खिलाड़ी हैं, आमिर खान ने जमकर की नागा चैतन्य की तारीफ, आदर्श को-स्टार का दिया टैग

बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान ने साउथ इंडियन अभिनेता नागा चैतन्य की प्रशंसा की। अभिनेता ने कहा कि उन्हें नागा के साथ समय बिताना अच्छा लगता है। हाल



ही में अभिनेता ने चंदू मोंडेती निर्देशित फिल्म 'थंडेल' के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में हिस्सा लिया। इस दौरान आमिर ने नागा चैतन्य के साथ अपने समीकरण पर खुलकर बात की। बता दें कि आमिर खान की फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' में नागा चैतन्य उनके साथ स्क्रीन साझा कर चुके हैं।

**नागा चैतन्य को बताया आदर्श को-स्टार**

आमिर खान ने बातचीत के दौरान नागा चैतन्य को एक आदर्श को-स्टार बताया। उन्होंने कहा, ₹वह एक आदर्श को-स्टार हैं। वह पूरी तरह से तैयार रहते हैं, वह एक खिलाड़ी हैं। हमने साथ काम करके बहुत अच्छा समय बिताया। वह हर शॉट के लिए पूरी तरह से तैयार रहते हैं, एक भी पल नहीं चूकते हैं और उनके साथ समय बिताना बहुत अच्छा लगता है। हम इससे बेहतर कुछ नहीं मांग सकते थे। उनके साथ काम करना एक अद्भुत अनुभव था और इसने हमें वास्तव में एक-दूसरे के करीब ला दिया।

**'थंडेल' की कहानी**

नागा चैतन्य और साई पल्लवी की फिल्म 'थंडेल' एक्शन फिल्म है। यह फिल्म आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के 20 मछुआरों की वास्तविक जीवन की घटना पर आधारित है, जो एक तूफान के कारण अनजाने में पाकिस्तान के समुद्री इलाके में चले जाते हैं। पाकिस्तानी सेना उन्हें पकड़ लेती है। फिल्म में एक रोमांटिक एंगल भी है।

**'थंडेल' कास्ट**

'थंडेल' में नागा चैतन्य और साई पल्लवी ने मुख्य भूमिका निभाई है। संदीप आर वेद विलेन के किरदार में नजर आए हैं। इसके अलावा फिल्म में देवी श्री प्रसाद ने संगीत दिया है और चंदू मोंडेती ने फिल्म का निर्देशन किया है।


# तृप्ति डिमरी के हाथ लगी बायोपिक सीरीज परवीन बॉबी के किरदार में नजर आएंगी अभिनेत्री

बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी के पास कई प्रोजेक्ट्स हैं, जिसकी शूटिंग में अभिनेत्री व्यस्त हैं। इस बीच अब अभिनेत्री के नए प्रोजेक्ट को लेकर दिलचस्प खबर सामने आ रही है। ऐसा लगता है कि तृप्ति के हाथ एक और बड़ा प्रोजेक्ट लगा है। खबर है कि तृप्ति डिमरी को एक बायोपिक ओटीटी सीरीज में दिवंगत परवीन बॉबी की भूमिका निभाने के लिए चुना गया है, जिसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है।

**शोनाली बोस करेंगी सीरीज का निर्देशन**

रिपोर्ट्स के अनुसार , तृप्ति को एक बायोग्राफिकल सीरीज में दिग्गज अभिनेत्री परवीन बॉबी की भूमिका निभाने के लिए चुना गया है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि इस नेटफ्लिक्स सीरीज का निर्माण जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है, जिसमें द स्काई इज पिंक की निर्देशक शोनाली बोस इस प्रोजेक्ट का निर्देशन करेंगी। एक सूत्र ने बताया कि तृप्ति की तारीखें तय हो गई हैं। निर्देशक शोनाली बोस और उनकी टीम इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू करने के लिए तेजी से आगे बढ़ रही हैं।

**एक बार फिर ओटीटी पर धमाल**



**मचाएंगी तृप्ति**

2024 में लगातार दो फिल्मों के जरिए बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के बाद प्रशंसक तृप्ति को इस प्रतिष्ठित भूमिका में देखने के लिए बेताब हैं। तृप्ति डिमरी के पास आने वाले समय में कई रोमांचक फिल्में हैं।

उन्होंने अपने बहुमुखी अभिनय से खुद को एक स्टार के रूप में साबित किया है और अब वह एक बार फिर ओटीटी स्पेस में अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार हैं। इससे पहले बुलबुल और कला जैसी नेटफ्लिक्स फिल्मों में अभिनय कर चुकीं तृप्ति डिमरी को इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में शामिल होना एक बेहतरीन अगला कदम लगता है।

**तृप्ति की आने वाली फिल्म**

इस बायोपिक के अलावा तृप्ति डिमरी विशाल भारद्वाज की अगली फिल्म का भी हिस्सा हैं, जिसमें वह शाहिद कपूर के साथ अभिनय करेंगी। अभी तक अनाम यह फिल्म 6 जनवरी, 2025 को फ्लोर पर आई थी और इसे साजिद नाडियाडवाला द्वारा प्रस्तुत किया गया है। 5 दिसंबर, 2025 को रिलीज होने वाली इस फिल्म में दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर और रणदीप हुड्डा भी हैं।


# ऊर्फी जावेद का पलटवार, सलमान खान पर अशनीर ग्रोवर ने किया था कटाक्ष

उर्फी जावेद जो अक्सर अपने अतरंगी ड्रेस की वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं। लेकिन इस बार उर्फी अपनी किसी ड्रेस की वजह से नहीं बल्कि सलमान खान का साथ देने और अशनीर ग्रोवर को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए चर्चा में बनी हुई हैं। ऊर्फी जावेद ने अशनीर ग्रोवर के वायरल वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए कथित तौर पर अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, ₹बस अब ये सलमान के सामने बोल कर दिखा! यह आदमी सलमान का कॉम्पिटिशन है?

सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में अशनीर ग्रोवर नीट कुरुक्षेत्र में छात्रों को संबोधित करते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने सलमान खान पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें उनका नाम भी नहीं पता। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अशनीर ने कहा, फालतू का पंगा लेकर अपना कॉम्पिटिशन खड़ा किया उसने। मैंने तो शांति से गाया था, जब मुझे बुलाया। अब ड्रामा क्रिएट करने के लिए आप किसी को बोल दो, अरे मैं तो आपसे मिला ही नहीं। मुझे आपका नाम भी नहीं पता। अबे नाम नहीं जानता तो बुलाया क्यों था?

**अशनीर का सलमान पर पलटवार**

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बिग बॉस 18 में सलमान खान ने बताया कि वह इससे पहले कभी अशनीर



ग्रोवर से नहीं मिले। इस दावे को नकारते हुए अशनीर ने कहा, ₹और एक बात मैं बता देता हूं। तुम अगर मेरी कंपनी के ब्रांड एंबेसडर थे, तो ऐसा नहीं हो सकता कि तुम मेरे बिना मिले ब्रांड एंबेसडर बन गए। सब कुछ मेरे जरिए ही होना था।

शार्क टैंक इंडिया के पूर्व जज अशनीर ग्रोवर एक बार फिर चर्चा में हैं और इस बार उन्होंने सलमान खान पर फिर से कटाक्ष किया है। यह नवंबर 2024 में बिग बॉस 18 वीकेंड का वार पर के कुछ ही महीने बाद हुआ, जहां भाईजान ने अशनीर को उनके बारे में उनकी पिछली टिप्पणियों के लिए बुलाया था। सलमान से माफी मांगने के बावजूद, अशनीर ने कथित तौर पर कहा कि सलमान ने उनसे फालतू पंगा लिया है।

# आलोचना व्यक्ति की नहीं, कार्य की करें



**आप सफल** होने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन आलोचना की आदत से ग्रस्त हैं तो आपको सफलता प्राप्त करने में दिक्कतें आएंगी। यदि हम किसी की आलोचना करना चाहते हैं तो यही सोचते हैं कि इस प्रकार हम व्यक्ति को सुधार लेंगे। आपकी यह सोच गलत है। व्यक्ति बचपन से ही अपने व्यक्तित्व का निर्माण कर लेता है और उसी के अनुरूप अपना स्वभाव व जीवन के प्रति अपना दृष्टिकोण कायम कर लेता है। अतः अब वह अपना व्यवहार और आदतें नहीं बदल सकता।

हम दूसरों की आलोचना कर उन्हें सुधारने का प्रयत्न करते हैं परंतु हमें यह बिल्कुल पसंद नहीं है कि कोई हमारी आलोचना करे। आप यह क्यों भूल जाते हैं कि स्वयं को सुधारना असम्भव नहीं है जबकि जब आप दूसरों को सुधारने की कोशिश करते हैं तो उनकी निगाह में बुरे बन जाते हैं।

यदि आप आलोचना करना ही चाहते हैं तथा उपदेश दिए बिना नहीं कर पा रहे हैं तो जब भी किसी की आलोचना करें तो सबके सामने कभी न करे, उसे हमेशा एकांत में ले जाकर जो भी कहना है, कहें।

सिर्फ आलोचना ही न करें उसे समझाएं भी सुझाव भी दें ताकि वह भविष्य में फिर से गलती न करे और खुद में सुधार लाए। आलोचना करते समय संतुलित एवं नपे तुले शब्दों का इस्तेमाल करें। समय भी कम लगाएं। ज्यादा समय देने पर आलोचना का महत्व कम हो जाता है और इधर-उधर की बातें होने लगती हैं।

जब आपका मन अशांत हो, क्रोध आ रहा हो तब आलोचना कभी न करें, शांत मन से ही अपनी बात शुरू करें। आलोचना हमेशा व्यक्ति की न करें, हमेशा उसके कार्य की करें। सभ्य शब्दों का इस्तेमाल करें। इससे व्यक्ति विशेष को आलोचना खलेगी नहीं।

आलोचना हमेशा सुधार लाने की भावना से करें, तभी तो शीघ्र ही सफलता की ओर आप अग्रसर होते रहेंगे। कोई तलवार इतनी निर्ममता से नहीं काटती, जितना कटु वचन ।

# तनाव को 'दिल' से न लगाएं

सफलता प्राप्त करने में हमें देरी भी हो सकती है तो आपको तनाव को अपने आपसे दूर रखना है। आप ऐसी धारणा क्यों बना लेते हैं कि सफलता मिलेगी या नहीं। वह तो आपको मिलेगी ही क्योंकि आपने उसे हासिल करने का पक्का फैसला जो कर रखा है। हां,



तनाव से दूर रहने के चक्कर में आप लापरवाह एवं आलसी न हो जाएं। लापरवाही करेंगे तो सफलता के पास पहुंच कर भी उसे दूर ही पाएंगे।

ध्यान रखें कि क्रोध, आशंका चिंता एवं व्याकुलता आदि ऐसी कई नकारात्मक भावनाएं हैं जो तनाव को बढ़ावा देती हैं। तनाव से पार पाने का सबसे उत्तम तरीका मैडीटेशन यानी ध्यान है एक ऐसी क्रिया जिसको करने से आपके शरीर की तमाम नकारात्मक भावनाएं समाप्त हो जाती हैं।

ध्यान रहे कि कुछ भी सोचने की प्रक्रिया की प्रकृति सांस लेने जैसी ही होती है। जिस प्रकार बदबू लगने पर आप सांस नहीं लेते हैं, ठीक उसी प्रकार खराब और नकारात्मक परिस्थितियों के बारे में मत सोचिए। अच्छी बातें बोलना, अच्छी बातें लिखना और उन्हें अमल में लाना ज्यादा मुश्किल कार्य नहीं है। यदि आप अपना अधिकांश समय इस प्रकार की क्रियाओं को सोचने पर लगाते हैं तो यह आपके लिए हमेशा लाभदायक सिद्ध हो सकता है। आप के पास अधिक मात्रा में सोचने का समय और दिमाग होता है

तो यह आपको तनावमुक्त रहने के लिए प्रेरित करता है। तनाव हमारे शरीर और मन दोनों को नुक्सान पहुंचाता है अतः यदि सफलता की चाह मन में है तो इसे गले न लगाएं और शीघ्र ही सफलता आपके पास होगी। जो अपने लिए नहीं औरों के लिए जीते हैं, वे तनावमुक्त हैं।

# 'पोल्का डॉट' का फैशन आज भी नया लगता है

**फैशन के** गलियारों में समय-समय पर बदलाव होते ही रहते हैं, पर कुछ फैशन ट्रैंड ऐसे होते हैं जो कभी पुराने नहीं होते। पोल्का डॉट भी इन्हीं में से एक है, जो एवरग्रीन टैंड है। तभी तो हर किसी के वॉर्डरोब में कम से कम एक पोल्का डॉट ड्रैस मिल ही जाती है। बॉलीवुड सैलीब्रिटीज भी पोल्का डॉट पर काफी भरोसा करती हैं। अगर आप भी अपने वार्डरोब में पोल्का को शामिल करने की सोच रही हैं तो इन टिप्स को फॉलो कर आप खुद को भीड़ से अलग दिखा पाएंगी।



### पोल्का डॉट ड्रैस पहनते हुए रखें इन बातों का ध्यान

छोटी हाइट की लडकिया छोटे डॉट वाली ड्रैसेस कैरी करें।

पोल्का डॉट की शर्ट या टॉप कैरी करने के साथ सॉलिड यानी प्लेन पैंट पहनें। पोल्का डॉट को किसी मैचिंग ट्राऊजर और ब्लेजर के साथ भी ट्राई कर सकती हैं। पार्टी के लिए वैलवेट, सिल्क पोल्का डॉट पैटर्न को चुनें।

### यूं पड़ा यह नाम

'पोल्का डॉट्स' नाम का उपयोग पहली बार 1857 में अमरीका में छपने वाली महिलाओं की एक मैग्जीन 'गोडेज लेडीज बुक' में गर्मियों में पहनने के लिए हल्के मलमल के स्कार्क का वर्णन करने के लिए किया गया था जिसमें गोल पोल्का डॉट्स की कटाई की गई थी। माना जाता है कि 'पोल्का' नाम उस समय प्रचलित एक डांस से प्रेरित है।

### पोल्का डॉट साड़ी

देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा से आप पोलका डॉ फैशन में कुछ ट्रैडिशनल कैरी करने का आइडिया ले सकती हैं। फुल स्लीव्स रैड ब्लाऊज के साथ रैड एंड व्हाइट पोल्का डॉट साड़ी पहनकर कोई भी खूबसूरत दिख सकता है। इस लुक को कम्प्लीट करने के लिए बालों का जूड़ा बनाएं और साथ में रैड लिपस्टिक भी लगा सकती हैं।



### पोल्का डॉट गाऊन

पोल्का डॉट का अमेजिंग स्टाइल गाऊन में भी कैरी किया जा सकता है। आलिया भट्ट का यह लुक ही देख लें, रैड कलर की लूज ड्रैस में वह बेहद खूबसूरत लग रही हैं। इसके साथ गोल्डन हैवी इयररिंग्स और मैचिंग ▪ हील्स पेयर कर आप अपनी खूबसूरती को और बढ़ा सकती हैं।





### ब्लेजर जैसी ड्रैस

ब्लैक एंड व्हाइट पोल्का डॉट वाली ब्लेजर और शॉर्ट के साथ एक्स्ट्रा ग्लैमर जोड़ने के लिए बैल्ट को टीमअप कर सकती हैं। सारा अली खान का सिम्पल मेकअप और वेवी हेयर डू आपके लुक को स्पैशल बनाने में मदद करेगा।

### पोल्का डॉट शॉर्ट ड्रैस

सोनल चौहान का यह लुक आप ट्राई कर सकती हैं। नहीं तो अनन्या पांडे (नीचे) जैसी ब्लैक पोल्का डॉट के साथ क्रॉप टॉप, शार्ट स्कर्ट और साथ में व्हाइट स्त्रीकर पेयर करें। वहीं बालों में कर्ल्स बनाकर आप अपनी लुक को और भी कूल बना सकती हैं।

### रैट्रो लुक शर्ट

पोल्का डॉट के साथ रैट्रो लुक को रीक्रिएट करना चाहती हैं तो कैटरीना कैफ का यह लुक परफैक्ट रहेगा। ब्लैक एंड व्हाइट पोल्का डॉट क्रॉप टॉप को फ्रंट में नॉट के साथ स्टाइल करने से आपका अंदाज एकदम अलग दिखेगा। आप चाहें तो इसके साथ लैदर की मिनी स्कर्ट पेयर कर सकती हैं। यकीन मानिए किसी की नजर आपसे नहीं हटेगी।

### पोल्का डॉट फैशन की कुछ खास बातें

कई लोग इसे 'बाँदी प्रिंट' के नाम से भी जानते हैं, इसकी वजह है कि डिम्पल कपाडिया ने फिल्म 'बॉबी' में पोल्का डॉट की ड्रैसेज पहनी थीं जिसके बाद तो जैसे इस टैंड का बोलबाला हो गया था। खास बात है कि बच्चों से लेकर बड़ों तक में यह स्टाइल काफी लोकप्रिय हुआ था जो आज तक बरकरार है ।

# इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन में 456 पदों पर निकली भर्ती; 12वीं पास को मौका

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने अप्रेंटिस के पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट iocl.com/ apprenticeships पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अप्रेंटिस ट्रेनिंग एक साल के लिए दी जाएगी।

टेक्नीशियन, ग्रेजुएट और ट्रेड अप्रेंटिस की यह वैकेंसी दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और उत्तराखंड में निकली है। इस भर्ती में टेक्निकल और नॉन टेक्निकल दोनों तरह के पद शामिल हैं।

एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :

12वीं पास, संबंधित ट्रेड में दो वर्षीय आईटीआई या तीन वर्षीय डिप्लोमा होल्डर्स आवेदन कर सकते हैं।

एज लिमिट :आयु सीमा 31 जनवरी, 2025 तक 18 से 24 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

पीडब्ल्यूबीडी से संबंधित उम्मीदवारों को 10 वर्ष तक की छूट दी जाएगी।

एससी/एसटी के लिए 15 वर्ष और ओबीसी-एनसीएल के लिए 13 वर्ष तक की छूट दी जाएगी।

सिलेक्शन प्रोसेस : मेरिट बेसिस पर

डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन

प्री-एंगेजमेंट मेडिकल फिटनेस को पास करना होगा

स्टाइपेंड :

अप्रेंटिस नियमों के अनुसार

ऐसे करें आवेदन :

IOCL की ऑफिशियल वेबसाइट iocl.com पर जाएं।

होम पेज पर उपलब्ध करियर लिंक पर क्लिक करें।


एक नया पेज खुलेगा जहां रजिस्ट्रेशन लिंक उपलब्ध होगा।

लिंक पर क्लिक करके रजिस्ट्रेशन करें।

अपने अकाउंट में लॉग इन करके फॉर्म भरें।

फॉर्म सब्मिट करें। आगे की जरूरत के लिए इसकी एक हार्ड कॉपी निकाल कर रखें।

# रेलवे ग्रुप डी के लिए करोड़ों अभ्यर्थियों में होगी प्रतिस्पर्धा



रेलवे जैसे प्रतिष्ठित महकमे में नौकरी करने का सपना संजोये लाखों-करोड़ों अभ्यर्थी सालों-साल भर्ती निकलने की राह देखते हैं। अगर आप भी उनमें से एक हैं, तो आपका इंतजार खत्म हो गया है। रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड यानी आरआरबी ग्रुप डी के कुल 32,438 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी कर चुका है। आप आधिकारिक वेबसाइट indianrailways.gov.in. पर जाकर **22 फरवरी, 2025 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं**। बेशक यह आपके लिए एक सुनहरा मौका है, लेकिन आवेदन फॉर्म भरते समय की गई एक भी गलती आपसे यह मौका छीन सकती है। इसलिए आवेदन-पत्र को सावधानी से भरें और परीक्षा में सफल होने के लिए इसकी तैयारी में अभी से जुट जाएं।

### ताकि न हो कोई गलती

फॉर्म भरते समय एक-एक जानकारी सही तरीके से भरें। हालांकि, किसी त्रुटि में संशोधन करने के लिए आपको 25 फरवरी से 06 मार्च तक मौका दिया जाएगा, लेकिन कोशिश करें कि इसकी जरूरत न पड़े। इसके लिए जरूरी है कि फॉर्म भरते समय यह सुनिश्चित कर लें कि आप सभी पात्रताओं को पूरा करते हों। इसके बाद जरूरी जानकारी भरकर रजिस्ट्रेशन करें। संबंधित दस्तावेजों को सावधानी से अपलोड करें। फाइनल सबमिट करने से पहले सभी जानकारियां फिर से जांच लें।

### कैसे होगा चयन

परीक्षा की चयन प्रक्रिया में चार चरण शामिल हैं, जिसमें कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा में 90 मिनट में 100 प्रश्न पूछे जाएंगे। इसमें सामान्य विज्ञान और गणित के 25-25 प्रश्न, जबकि सामान्य बुद्धि और तर्क के 30 प्रश्न तथा सामान्य ज्ञान और करंट अफेअर्स के 20 प्रश्न होंगे। इसके बाद शारीरिक दक्षता परीक्षण, दस्तावेज सत्यापन व मेडिकल परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

### विश्वसनीय स्रोत पर करें भरोसा

आधिकारिक अधिसूचना के जरिये परीक्षा पैटर्न को अच्छे से समझ लें। इसके बाद विश्वसनीय अध्ययन सामग्री की मदद से तैयारी शुरू कर दें। परीक्षा में नकारात्मक अंकन भी है, इसलिए प्रश्नों का जितना ज्यादा अभ्यास करेंगे, परीक्षा में गलतियां उतनी ही कम होंगी।

### अखबार पढ़ने की आदत डाल लें

परीक्षा में करंट अफेअर्स के सवालों के लिए अभी से किसी हिंदी या अंग्रेजी अखबार को नियमित रूप से पढ़ने की आदत डाल लें। इससे न केवल आपकी करंट अफेअर्स पर पकड़ मजबूत होगी, बल्कि सामान्य अध्ययन की तैयारी करने में भी मदद मिलेगी।

### स्मार्ट स्टडी पर दें जोर

बिना सटीक रणनीति और स्मार्ट स्टडी के इस परीक्षा की तैयारी संभव नहीं है। तैयारी के दौरान आप फ्लैशकार्ड, पोमोडोरो और मेमोरी पैलेस तकनीक का भी उपयोग कर सकते हैं। साथ ही, जो पढ़ते जाएं, उसके

# फैशन फोरकास्टिंग में करियर चमकाएं

एक आकर्षक, ग्लैमरस और रोमांच से भरा हुआ ए क्षेत्र है फैशन। इसमें करियर विकल्प के तौर पर युवाओं के जेहन में फैशन डिजाइनर बनने का ही ख्याल आता है, लेकिन आज फैशन के क्षेत्र में करियर के कुछ और विकल्प हैं। यदि आप में रचनात्मकता और मौलिकता है तो 'फैशन फोरकास्टिंग' आपके लिए एक बेहतर करियर साबित हो सकता है।

दरअसल, फैशन फोरकास्टिंग' और 'फैशन डिजाइनिंग' समरूप



हैं। अंतर केवल इतना है कि आप 'फैशन फोरकास्टिंग' में फैशन डिजाइनिंग से एक कदम आगे होते हैं। यहां आप आने वाले ट्रैंड और रुझानों को तय करते हैं। फैशन से जुड़े टैंड की भविष्यवाणी इस पेशे का मुख्य हिस्सा है।

**रोमांचक है फैशन फोरकास्टिंग' :**

इस फील्ड में इतना रोमांच है कि आप हर समय जोश और जज्बे से भरे रहते हैं। यहां कुछ भी ठहरा हुआ नहीं है। यहां रातों- रात फैशन के सारे समीकरण बदलते हैं। मौसम के हिसाब से कट और कलर तो बदलते ही हैं, लेकिन अब तो लगता है कि स्टाइल और मैटीरियल आदि चलन में आने से पहले ही बदल जात हैं, इसलिए इस काम की चुनौतियां भी अनूठी हैं।

ऐसे में सबसे पहले यहां यह समझने की जरूरत है कि फैशन की भविष्यवाणी करने और फैशन डिजाइनिंग में क्या फर्क है?

दरअसल, फैशन की भविष्यवाणी फैशन डिजाइनिंग की अगली कड़ी है, जहां कोई भी कुशल डिजाइनर या फैशन विशेषज्ञ लोगों के मूड को समझते हुए उनकी रुचि, ट्रैंड, मौसम, रंगों के अनुसार आने वाले फैशन की भविष्यवाणी करता है।

### शैक्षिक योग्यता

'फैशन फोरकास्टिंग' के ज्यादातर स्नातक कोर्स में प्रवेश लेने के लिए किसी भी विषय में 12वीं पास होना जरूरी है। वहीं पी. जी. कोर्स के लिए किसी भी विषय में स्नातक होना जरूरी है।

भविष्य की संभावनाएं और



करियर के अवसर को देखते हुए भारत सरकार के अधीन काम करने वाली अपैरल, मेडअप्स एंड होम फर्निशिंग सैक्टर स्किल काऊसिल भी युवाओं को एक खास ऑनलाइन सर्टीफिकेट कोर्स करा रही है।

इसमें इंडस्ट्री के विशेषज्ञ युवाओं को 'फैशन फोरकास्टिंग' एनालिसिस से लेकर ट्रैंड फोरकास्टिंग' के पहलुओं के बारे में बताते हैं। स्किल इंडिया मिशन के तहत यह एक सर्टीफिकेट कोर्स होने के कारण उद्योग

**तकनीकी ज्ञान भी जरूरी:** 'फैशन फोरकास्टिंग' के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए महज रचनात्मक होना ही काफी नहीं है बल्कि इस क्षेत्र की तकनीक से वाकिफ होना भी बेहद जरूरी है।

उदाहरण के तौर पर परिधानों की डिजाइनिंग के लिए फैब्रिक वीविंग टैक्नीक्स, फैब्रिक मिक्सिग टैक्नीक्स, डाइंग टैक्नीक्स, स्टिचिंग टैक्नीक्स आदि का ज्ञान होना चाहिए।

इसी तरह फुटवियर डिजाइनिंग, एक्सैसरी डिजाइनिंग और ज्यूलरी डिजाइनिंग आदि के लिए भी विभिन्न तकनीकों की जानकारी महत्वपूर्ण है। 'फैशन फोरकास्टिंग' अब फैशन क्षेत्र के दूसरे कारकों पर आश्रित नहीं रहा। यह अब एक अलग करियर बन चुका है।

डच 'ट्रैंड फोरकास्ट' ली एडेलकूट जैसे विशेषज्ञों ने 'फैशन फोरकास्टिंग' को एक महत्वपूर्ण करियर फील्ड के रूप में स्थापित किया है। कई भारतीय 'फैशन फोरकास्ट' भी इंटरनैशनल फैशन इंडस्ट्री में अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं। फैशन से जुड़ी कम्पनियां युवा डिजाइनरों को भर्ती करके और आधुनिक स्पर्श जोड़ने के लिए फैशन शो आयोजित करके अपने ब्रांड का प्रचार कर रहे हैं। ऐसे में युवाओं के पास इस फील्ड में काम करने तथा रोजगार के बहुत सारे अवसर हैं।



# भारत की भरी झोली तो पाकिस्तान हुआ कंगाल

## डोनाल्ड ट्रंप का एक फैसला और हो गया खेल

नई दिल्ली,2 फरवरी(एजेंसियां)। विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार 7 हफ्ते से हो रही कमी अब थम गई है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया 0.5 फीसदी मजबूत हुआ है। 24 जनवरी 2025 को समाप्त हुए कारोबारी सप्ताह के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया 0.5 प्रतिशत मजबूत हुआ।

इस मजबूती की वजह विदेशी मुद्रा भंडार में भी 5.5 बिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई। हालांकि, विदेशी मुद्रा भंडार के मोर्चे पर भारत के लिए जहां खुशी की खबर है, वहीं पड़ोसी देश पाकिस्तान के लिए इसी से जुड़ी बुरी खबर है। दरअसल, पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट हुई है।

**डोनाल्ड ट्रंप के इस फैसले से हुआ असर**

अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने जब यूएस की सत्ता संभाली तो उन्होंने तत्काल



टैरिफ नहीं लगाने का फैसला किया। इससे एशियाई मुद्रा को राहत मिली। रुपये की मजबूती के कई वजहों में से एक वजह ये भी है।

आपको बता दें, भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार, 24 जनवरी 2025 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 5.574 बिलियन डॉलर की बढ़त हुई।

**पाकिस्तान की हालत पतली**

एक तरफ डॉलर से जहां भारत की झोली भरी है, वहीं पड़ोसी देश, पाकिस्तान को इन दिनों विदेशी मुद्रा भंडार की जबरदस्त कमी का सामना करना पड़ रहा है।

बीते 24 जनवरी 2025 को समाप्त सप्ताह के दौरान पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार में 137.2 मिलियन डॉलर की कमी दर्ज की गई। इस कमी की वजह से अब पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार घट कर 16.052 बिलियन डॉलर रह गया है।

**सोने के रिजर्व और एसडीआर में भी हुई बढ़ोतरी**

भारत के सोने के रिजर्व और विशेष आहरण अधिकार में हालिया वृद्धि ने वित्तीय स्थिरता को और मजबूत किया है। केंद्रीय बजट 2025 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोने और कीमती धातुओं पर आयात शुल्क में कमी का प्रस्ताव रखा, जिससे घरेलू बाजार में इनकी मांग बढ़ने की उम्मीद है।मौजूदा समय में भारत का सोने का रिजर्व बढ़कर 800 टन से अधिक हो गया है, जो वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच एक सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में उभरा है। इस बीच, एसडीआर में भी वृद्धि हुई है, जिससे भारत की अंतरराष्ट्रीय वित्तीय स्थिति मजबूत हुई है।

# 1,499 रुपये में हवाई यात्रा का मौका दे रही है एयर इंडिया, 6 फरवरी तक वैलिड है यह ऑफर




नई दिल्ली,2 फरवरी (एजेंसियां)। हवाई यात्रा करने वालों के लिए अच्छी खबर है। टाटा ग्रुप का हिस्सा बन चुकी एयर इंडिया उन्हें सस्ते में हवाई यात्रा का मौका दे रही है। एयरलाइन ने आज नमस्ते वर्ल्ड सेल की घोषणा की है। इसके तहत यात्रियों को सस्ते में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय रूट्स पर उड़ान का मौका दिया जा रहा है। कंपनी घरेलू रूट्स पर इकॉनमी क्लास में 1,499 रुपये में यात्रा का मौका दे रही है जबकि प्रीमियम इकॉनमी का टिकट 3,749 रुपये से शुरू हो रहा है। बिजनस क्लास में टिकट 9,999 रुपये से शुरू हो रहा है। इंटरनेशनल रूट्स पर रिटर्न टिकट 12,577 रुपये में यात्रा की जा सकती है। एयरलाइन प्रीमियम कैटगरी में 16,213 रुपये और बिजनस क्लास में 20,870 रुपये में अंतरराष्ट्रीय यात्रा का मौका दे रही है। एयरलाइन का कहना है कि नमस्ते विश्व सेल का फायदा 6 फरवरी तक उठाया जा सकता है और यह 12 फरवरी से 31 अक्टूबर तक की यात्रा के लिए वैलिड है। आज के लिए यह सेल खासतौर पर एयर इंडिया की वेबसाइट और मोबाइल ऐप पर उपलब्ध है। इसके बाद यह सभी चैनल पर उपलब्ध रहेगी। इनमें एयर इंडिया की वेबसाइट, मोबाइल ऐप, एयरपोर्ट टिकटिंग ऑफिस, कस्टमर कॉन्टैक्ट सेंटर और ट्रेवल एजेंट्स शामिल हैं। सेल को दौरान ग्राहक एयरलाइन की ऑफिशियल वेबसाइट और मोबाइल ऐप से बुकिंग करके एक्स्ट्रा बेनिफिट्स ले सकते हैं।एयरलाइन का कहना है कि सेल के दौरान उसकी वेबसाइट और मोबाइल ऐप से बुकिंग करने वालों को कोई कनवीनियंस फीस नहीं देनी होगी। इस यात्रियों को इंटरनेशनल बुकिंग पर 999 रुपये और घरेलू बुकिंग पर 399 रुपये की अतिरिक्त बचत होगी। साथ ही एयरलाइन ने ग्राहकों को और ज्यादा डिस्काउंट देने के लिए कई बैंकों से भी हाथ मिलाया है। इनमें आईसीआईसीआई बैंक, ऐक्सिस बैंक, फेडरल बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा शामिल हैं। इसके तहत ग्राहक 3,000 रुपये तक की सेविंग कर सकते हैं। इसके अलावा कस्टमर कंपनी के प्रोमो कोड फ्लाईएआई का यूज कर बेस फेयर पर 1000 रुपये तक बचा सकते हैं।

# कितनी संपत्ति की मालकिन हैं गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई की पत्नी?

नई दिल्ली,2 फरवरी(एजेंसियां)। गूगल सीईओ सुंदर पिचाई की पत्नी कितनी संपत्ति की मालिक? जानें उनकी कुल नेट वर्थ और आईआईटी खड़गपुर से शुरू हुई उनकी लव स्टोरी की पूरी कहानी. गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई की पत्नी, अंजलि पिचाई, एक तकनीकी पेशेवर हैं, जिन्होंने अपनी शादी और पारिवारिक जीवन को हमेशा सुर्खियों से दूर रखा है. हालांकि, उनकी यात्रा भी प्रेरणादायक रही है.

**परिवारिक पृष्ठभूमि और शिक्षा**

अंजलि पिचाई का जन्म कोटा, राजस्थान में हुआ था. उनके पिता ओलाराम हरयानी एक सरकारी कर्मचारी थे और पॉलिटेक्निक कॉलेज में कार्यरत थे. 2015 में, अपनी पहली पत्नी को खोने के बाद, उन्होंने माधुरी शर्मा से पुनर्विवाह किया.शिक्षा की बात करें तो, अंजलि ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर से



केमिकल इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल की. यह वही प्रतिष्ठित संस्थान है, जहां उनकी मुलाकात सुंदर पिचाई से हुई थी.

**अंजलि पिचाई की नेट वर्थ**

अंजलि पिचाई, जो अपने दम पर एक सफल पेशेवर हैं.वेबसाईट ट्रिंग के अनुसार उनकी नेट वर्थ लगभग 100 मिलियन डॉलर (लगभग 830 करोड़ रुपये) आंकी गई है. वहीं, उनके पति सुंदर पिचाई की नेट वर्थ 1.3 बिलियन डॉलर (लगभग 10,800 करोड़ रुपये) से अधिक है. सुंदर पिचाई दुनिया के सबसे ज्यादा सैलरी पाने वाले सीईओ में से एक हैं.

# 2500 करोड़ का सोलर पार्क प्रोजेक्ट! 60 से कम का मल्टीबैगर स्टॉक चर्चा में



नई दिल्ली,2 फरवरी(एजेंसियां)। हजूर मल्टी प्रोजेक्ट (एचएमपीएल) नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में कदम रखते हुए महाराष्ट्र के सोलापुर में छत्रपति शिवाजी महाराज सौर उर्जा पार्क का विकास कर रही है। यह 1.2 जीडब्ल्यू क्षमता वाला यह प्रोजेक्ट 4,200 एकड़ में फैला होगा और इसमें 750-वाट के अत्याधुनिक सोलर पैनल लगाए जाएंगे। इस बीच शनिवार को इसके शेयरों में 2 फीसदी की तेजी दर्ज की गई और यह 56.48 प्रति शेयर के स्तर पर पहुंच गया। यह स्टॉक अपने 52-सप्ताह के न्यूनतम स्तर 28.41 से 99% ऊपर है। यह प्रोजेक्ट न केवल भारत की कार्बन फुटप्रिंट को कम करेगा बल्कि सोलापुर क्षेत्र में रोजगार और आर्थिक विकास को भी बढ़ावा देगा।

**आंध्र प्रदेश में 2,500 करोड़ का सोलर पार्क प्रोजेक्ट**

एचएमपीएल को आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले में 500 मेगावाट के सोलर पार्क के लिए एक बड़ी सफलता मिली है। नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए राज्य नोडल एजेंसी (एनआरईडीसीएपी) ने समर्थन दिया। 2,000 एकड़ में फैले इस प्रोजेक्ट पर 2,500 करोड़ का निवेश होगा। एपी इंटीग्रेटेड क्लीन एनर्जी पॉलिसी 2024 के तहत इसे लागू किया जाएगा। एचएमपीएल इस प्रोजेक्ट के जरिए आंध्र प्रदेश के स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को पूरा करने में अहम भूमिका निभाने वाली है।

**हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड: क्या करती है कंपनी**

एचएमपीएल रोड कंस्ट्रक्शन, ब्रिज, फ्लाईओवर और अन्य सिविल इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स में विशेषज्ञता रखती है। कंपनी ने गुणवत्ता, सुरक्षा और समय पर डिलीवरी के साथ अपनी मजबूत पहचान बनाई है। इसका मार्केट कैप 1,117 करोड़ है। क्यू 2एफवाई25 के नतीजे में इसका नेट सेल्स 118% बढ़कर 153.08 करोड़।

# ईडी की रेड में वक्रांगी टेक कंपनी के फाउंडर चल बसे

मुंबई,2 फरवरी (एजेंसियां)। टेक्नोलॉजी फर्म वक्रांगी लिमिटेड के चेयरमैन एमेरिटस दिनेश नंदवाना अब इस दुनिया में नहीं हैं। उनका निधन बीते शुक्रवार को ही हो गया है। वह 62 साल के थे। उन्होंने ही वक्रांगी टेक्नोलॉजी फर्म की स्थापना की थी। वह मूल रूप से राजस्थान के कोटा के रहने वाले थे।

दिनेश नंदवाना की मौत उस समय हो गई, जब सर्तकता निदेशालय, जिसे लोग ईडी के नाम से जानते हैं, उनके अंधेरी (पूर्व) स्थित आवास पर तलाशी ले रही थी। पुलिस ने कहा है कि मौत का कारण पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा। सूत्रों ने बताया कि तलाशी के दौरान उन्हें सीवियर हर्ट अटैक आया था। इसी की वजह से उनकी मौत हो गई। टीओआई की एक रिपोर्ट के अनुसार एमआईडीसी पुलिस ने इस बारे में एक्सिडेंटल डेथ की रिपोर्ट दर्ज की है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि परिवार ने दुर्व्यवहार की कोई शिकायत नहीं की है।

ईडी की जालंधर यूनिट ने लोकल डिविजन के सपोर्ट से उनके आवास सहित कई स्थानों पर छापेमारी कर रही थी। तभी उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जटिलताएं होने लगीं। छापेमारी के दौरान सामान्य तौर पर ईडी संबंधित व्यक्तियों के स्टेटमेंट रिकार्ड करती है और इस दौरान किसी व्यक्ति के मूवमेंट या कम्यूनिकेशन को रिसट्रिक्ट कर दिया जाता है।

ऐसे में यदि किसी को हर्ट अटैक आ गया तो कुछ भी हो सकता है। कंपनी ने बीएसई में एक स्टेटमेंट में बताया कि 31 जनवरी 2025 को दोपहर बाद में उनके चेयरमैन एमिरेटस दिनेश नंदवाना का निधन हो गया। वह फर्स्ट जेनेरेशन उद्योगपति थे।वक्रांगी लिमिटेड भारत की एक टेक्नोलॉजी फर्म है जो बैंकिंग, बीमा, ई-गवर्नेंस, ई-कॉमर्स और लॉजिस्टिक्स सेवाएं प्रदान करती है।

यह कंपनी मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड के लिए सॉफ्टवेयर और उपकरण के मुख्य सप्लायर्स में से एक है। फोर्ब्स के अनुसार, कंपनी भारत में सभी प्रमुख सरकारी परियोजनाओं के लिए सबसे बड़ी एकल सिस्टम इंटीग्रेटर है।वक्रांगी लिमिटेड की स्थापना मुंबई के मरोल नाका में 1990 में चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) दिनेश नंदवाना ने की थी। हालांकि, कंपनी ने अपना ऑपरेशन एक टेक कंसलटेंसी फर्म के रूप में शुरू किया था, लेकिन इसने धीरे-धीरे अपने ऑपरेशन का विस्तार किया। कंपनी ने सबसे पहले 1993 में मतदाता पहचान पत्र बनाना शुरू किया। बाद में 2010 में आधार यूआईडी कार्ड बनाने के लिए एक फ्रेंचाइजी के रूप में काम शुरू किया।जुलाई 2017 में, फोर्ब्स इंडिया ने कंपनी को अपनी सुपर 50 कंपनियों की 2017 की सूची में शामिल किया था। तब इसका बाजार पूंजीकरण 240 बिलियन (यूएस $ 2.8 बिलियन) से अधिक था। उस समय दिनेश नंदवाना देश के 88वें सबसे अमीर व्यक्ति घोषित किए गए थे।

# केंद्र के सभी मुद्दों की विस्तार से जांच के लिए गठित होगी समिति' पीयूष गोयल ने दी जानकारी



नई दिल्ली,2 फरवरी(एजेंसियां)। केंद्रिय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि व्यवसाय करने की लागत में कटौती जैसे मुद्दों पर विवरण प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन के तहत एक समिति स्थापित की जाएगी। इस समिति में केंद्र राज्य और प्राइवेट क्षेत्र के प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया पहल को और बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी की उपलब्धता पर जोर दिया जाएगा। मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, एक समिति बनाई जाएगी जो केंद्र और राज्यों के सभी मुद्दों की विस्तार से जांच करेगी। इसमें विभिन्न मंत्रालय शामिल होंगे, प्राइवेट खिलाड़ी भी शामिल होंगे जो उन क्षेत्रों के बारे में जानकारी देंगे जहां निर्यात क्षमता अधिक है।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मेक इन इंडिया को आगे बढ़ाने के लिए छोटे, मध्यम और बड़े उद्योगों को कवर करने वाले मिशन की घोषणा की। पांच क्षेत्रों पर फोकस किया गया है, जिसमें व्यापार करने में लागत, भविष्य में मांग वाली नौकरियों के लिए कार्यबल, गतिशील एमएसएमई क्षेत्र, प्रौद्योगिकी की उपलब्धता और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, हम इसके त्वरित कार्यान्वयन के लिए काम करेंगे। उन्होंने बताया कि स्टार्टअप के लिए घोषित कदमों से छोटे शहरों में उद्यमियों को मदद मिलेगी। हम इस स्टार्टअप्स पर ध्यान केंद्रित करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि देश की जीडीपी में मैन्युफैक्चरिंग की हिस्सेदारी करीब 16-17 फीसदी है और सरकार इस हिस्सेदारी को बढ़ाने पर विचार कर रही है।

# माइक्रोसॉफ्ट से ज्यादा हुआ क्रिप्टो का मार्केट कैप

नई दिल्ली,2 फरवरी (एजेंसियां)। क्रिप्टोकरेंसीज की कीमत में हाल के दिनों में काफी तेजी आई है। डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका का राष्ट्रपति चुने जाने के बाद से क्रिप्टोकरेंसीज की कीमत में काफी तेजी आई है और इनका मार्केट कैप 3.62 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया है। पिछले एक साल में यह दोगुना से भी अधिक बढ़ गया है। क्रिप्टोकरेंसीज का मार्केट कैप दुनिया की दूसरी बड़ी वैल्यूएबल कंपनी माइक्रोसॉफ्ट से आगे निकल गया है। माइक्रोसॉफ्ट का मार्केट कैप 3.085 ट्रिलियन डॉलर है। मार्केट कैप के मामले में अब केवल ऐपल ही क्रिप्टोकरेंसीज से आगे रह गई है। आईफोन बनाने वाली इस कंपनी का मार्केट कैप 3.548 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा है।जनवरी 2015 में क्रिप्टोकरेंसीज का मार्केट कैप $0.004 ट्रिलियन था जो अगले साल जनवरी 2016 में $0.007 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया। जनवरी 2017 में यह $0.017 ट्रिलियन था और जनवरी 2018 में $0.7 ट्रिलियन पहुंचा। जनवरी 2019 में क्रिप्टोकरेंसीज का मार्केट कैप $0.12 ट्रिलियन और जनवरी 2020 में $0.25 ट्रिलियन पहुंच गया। जनवरी 2021 में पहली बार इसने $1 ट्रिलियन का आंकड़ा छुआ और फिर एक साल में ही $2 ट्रिलियन हो गया।

# बजट वीक में रतन टाटा की फेवरेट कंपनी को हुआ सबसे बड़ा नुकसान

नई दिल्ली,2 फरवरी(एजेंसियां)। एक फरवरी यानी शनिवार को बजट का ऐलान हुआ। शेयर बाजार ने अपनी परंपरा को तोड़ते हुए शेयर बाजार को ओपन किया। लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। शेयर बाजार पूरी तरह से फ्लैट बंद हुआ। लेकिन 6 कारोबारी दिनों में देश की 10 में से 7 टॉप कंपनियों की मोटी कमाई हुई। 7 कंपनियों के कंबाइंड मार्केट कैप में 1,83,322.54 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ। सबसे ज्यादा फायदा देश की सबसे बड़ी एफएमजीसी कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर को हुआ। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज के मार्केट कैप में 25 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की बढ़ोतरी देखने को मिली। वहीं दूसरी ओर देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टीसीएस को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा। उनके मार्केट कैप में 28 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली। एयरटेल और इंफोसिस के मार्केट कैप में भी गिरावट देखी गई।

इस वजह से इन तीनों कंपनियों के मार्केट कैप में 48,923.23 करोड़ रुपए का फायदा हुआ है। अगर बात पिछले हफ्ते शेयर बाजार की बात करें तो सेंसेक्स में 1,315.5 अंकों की बढ़ोतरी देखने को मिली और शनिवार को 77,505.96 अंकों पर बंद हुआ। आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर शेयर बाजार की टॉप 10 कंपनियों के मार्केट कैप किस लेवल पर हैं।

# पंजीकृत बाजार मध्यस्थों के लिए सुरक्षित भुगतान प्रणाली बनाने की तैयारी, सेबी का प्रस्ताव

नई दिल्ली,2 फरवरी(एजेंसियां)। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के जरिये प्रतिभूति बाजार में सुरक्षित और बेहतर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए नई प्रणाली लाने पर विचार कर रहा है। बाजार नियामक सेबी ने वैध वित्तीय मध्यस्थों को धोखेबाजों से बचाने के लिए यह कदम उठाया। प्रस्तावित प्रणाली के तहत, सेबी ने पंजीकृत बाजार मध्यस्थों के लिए एक विशेष यूपीआई पता बनाने का सुझाव दिया है, जिससे निवेशकों के लिए यह सुनिश्चित करना आसान हो जाएगा कि वे केवल पंजीकृत इकाइयों को ही भुगतान कर रहे हैं। प्रस्ताव में पूंजी बाजार लेनदेन के लिए यूपीआई भुगतान सीमा पांच लाख रुपये प्रतिदिन निर्धारित की गई है, जो मौजूदा दो लाख रुपये की सीमा से अधिक है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के परामर्श से इसका समय-समय पर मूल्यांकन किया जाएगा।

# 12 लाख के बाद एक और खुशखबरी!

## रिजर्व बैंक भी दे सकता है मिडिल क्लास को गिफ्ट, बस कुछ दिनों की बात है

नई दिल्ली,2 फरवरी(एजेंसियां)। बजट से मिडिल क्लास खुश नजर आ रहा है। सबसे बड़ा कारण सालाना 12 लाख रुपये तक की इनकम का टैक्स फ्री होना है। इससे मिडिल क्लास की जेब में ज्यादा पैसा बचेगा और वह खुलकर खर्च कर सकेगा। वहीं अब मिडिल क्लास को खुश करने की बारी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की है। अगले कुछ दिनों में रिजर्व बैंक की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग होगी। इसमें मिडिल क्लास को और खुश करने से संबंधित कुछ निर्णय लिए जा सकते हैं।सालाना 12 लाख रुपये तक कमाने वालों को इनकम टैक्स नहीं देना होगा। हालांकि इसका फायदा इनकम टैक्स के न्यू रिजीम के तहत मिलेगा। वहीं टैक्स स्लैब में भी बदलाव हुए हैं। इससे 25 लाख रुपये तक कमाने वालों को 1.1 लाख रुपये तक की बचत होगी। वहीं 18 लाख रुपये की वार्षिक आय वाले व्यक्ति को टैक्स में 70,000 रुपये का फायदा होगा। ऐसे में सरकार ने नए टैक्स स्लैब और इनकम टैक्स में छूट देकर मिडिल क्लास को खुश करने की कोशिश की है।

रिजर्व बैंक की एमपीसी मीटिंग 5 से 7 फरवरी तक होगी। इस मीटिंग में रिजर्व बैंक ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। अगर ऐसा होता है तो लोगों को बैंक से कम ब्याज दर पर लोन मिलेगा। इसका भी सबसे ज्यादा फायदा मिडिल क्लास को होगा, क्योंकि कम ब्याज दर पर लोन लेने से ईएमआई का बोझ भी कम होगा।



मीटिंग में जो भी निर्णय लिए जाएंगे, उनकी घोषणा 7 फरवरी को होगी। अभी रेपो रेट यानी ब्याज दर 6.50 फीसदी है। जानकारों के मुताबिक रिजर्व बैंक रेपो रेट में 25 बेसिस पॉइंट्स की कटौती कर सकता है। ऐसे में यह दर 6.25 फीसदी हो जाएगी। रिजर्व बैंक ने फरवरी 2023 से रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। इस दौरान मॉनिटरी पॉलिसी की 11 मीटिंग हो चुकी हैं। दिसंबर में मुद्रास्फीति के आंकड़ों को देखते हुए जानकारों का कहना है कि रिजर्व बैंक रेपो रेट में कमी कर सकता है। वहीं आरबीआइ ने बैंकिंग सिस्टम में लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए भी कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। खुदरा महंगाई दर (सीपीआई) में भी गिरावट दर्ज की गई है। अगर महंगाई नियंत्रण में रहती है तो आरबीआई रेपो रेट में कटौती कर सकता है। रेपो रेट वह दर होती है जिस पर रिजर्व बैंक दूसरे बैंकों को पैसा उधार देता है। अगर रिजर्व बैंक कम दर पर पैसा उधार देगा तो बैंक भी ग्राहकों को कम दर पर लोन मुहैया कराते हैं। इसमें होम लोन, कार लोन, पर्सनल लोन आदि शामिल हैं। रेपो रेट कम होने से मिडिल क्लास को बड़ा फायदा होता है, क्योंकि इससे ईएमआई का बोझ कम हो जाता है।

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | मकर मे | मकर... | 04-44 बजे |
| चंद्र- | मीन मे | कुंभ... | 07-24 बजे |
| मंगल | मिथुन (व) मे | मीन... | 09-02 बजे |
| बुध- | मकर मे | मेष... | 10-38 बजे |
| गुरु- | वृष मे | वृष... | 12-20 बजे |
| शुक्र- | मीन मे | मिथुन | 14-24 बजे |
| शनि- | कुंभ मे | कर्क.. | 16-36 बजे |
| राहु- | मीन मे | सिंह... | 18-48 बजे |
| केतु- | कन्या मे | कन्या... | 20-56 बजे |
| | | तुला.... | 22-00 बजे |
| | | वृश्चिक.. | 01-09 बजे |
| | | धनु...... | 03-24 बजे |

श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य • उत्तरायणे • ऋतु • शिशिर
महावीर निर्वाण संवत् •2051,हिजरी सन् •1444
कलियुग अवधि-432000
सूर्योदय - 06-51
सूर्यास्त. -18-08
भोग्य कलि वर्ष-426875
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् •1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125
दिशाशूल -- पूर्व - कांच मे मुंह देखकर घर से निकले
तिथि- पंचमी . 06-52 तक उपरान्त षष्ठी
मास - माघ शुक्ल , सोमवार 03 February
नक्षत्र - रेवती 23-16 तक उपरान्त अश्विनी
योग - साध्य 03-02 तक उप शुभ
करण- बालव 06-52 तक उप कौलव
विशेष:-
व्रत -त्योहार - पंचक 23-17 तक

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 08:14 से 09:39 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 06:51 - 08:14 | शुभ | चंचल | 18:08 - 19:46 | शुभ |
| काल | 08:14 - 09:39 | अशुभ | रोग | 19:46 - 21:21 | अशुभ |
| शुभ. | 09:39 - 11:05 | शुभ | काल | 21:21 - 22:55 | अशुभ |
| रोग | 11:05 - 12:30 | अशुभ | लाभ | 22:55 - 00:30 | शुभ |
| उत्पात | 12:30 - 13:55 | अशुभ | उत्पात | 00:30 - 26:05 | अशुभ |
| चंचल | 13:55 - 15:21 | शुभ | शुभ | 02:05 - 03:39 | शुभ |
| लाभ | 15:21 - 16:46 | शुभ | अमृत. | 03:39 - 05:14 | शुभ |
| अमृत. | 16:46 - 18:108 | शुभ | चंचल | 05:14 - 06:51 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
आप उर्जा से भरे हैं और आशावादी सोच रखते हैं । कुछ दिन पहले तक जो भी चीजें बिलकुल व्यर्थ लग रही थी,आज उतनी नही दिखेंगी । आपके दृष्टिकोण की दृढ़ता और जीवनशक्ति से आपको इस स्थिति से निपटने में मदद मिलेगी । आज का दिन अपनी सोच,विचारों और इच्छाओं को खुलकर व्यक्त करने के लिए भी बहुत उपयुक्त है । सच्चे दिल से लक्ष्य प्राप्ति की कोशिश करें,आपको सफलता जरुर मिलेगी ।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आज आपके सब कामों और विचारों में एकाग्रता और शांति रहेगी । आप किसी विवाद से प्रभावित नही होंगे ,दरअसल कार्यस्थल पर भी ऐसी स्थिति बन सकती है कि आपको शान्तिदूत बनना पड़े । घर के सुधार का कोई कार्यक्रम बना सकते हैं या अपने घर की समस्याओं को सुलझाने या संबंधों को बेहतर बनाने के लिए काम कर सकते हैं ।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आप पिछले कुछ दिनों से काफी व्यस्त दिनचर्या बिता रहे हैं । अब सारी चीजों को व्यवस्थित करने का समय है । आज आपको तुलनात्मक रूप से थोड़ी राहत मिलेगी,लेकिन आपको इस समय का उपयोग अपनी सब चीजों को व्यवस्थित करने में लगाना चाहिए । नही तो सब कुछ और अधिक उलझता जाएगा और आप स्थिति के नियंत्रण से बाहर होने के कारण और भी अधिक परेशान रहेंगे ।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
आप आज किसी मनोरंजक व्यक्ति के साथ सम्बन्ध स्थापित करेंगे । उसके साथ मजेदार बातचीत से समय अच्छा गुजरेगा । इस आदमी से सीखने और प्रेरणा लेने की कोशिश करें । इससे आपको और लोगों की मन स्थिति समझने में भी मदद मिलेगी । परिवार की यात्रा में अगर अपनी मनपसंद जगह जाना है तो योजना बनाने के समय सबसे आगे रहें ।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आज का दिन घटनाओं से भरा रहेगा ,स्थितियां आपके सामने किसी पुरानी अवांच्छित बात को फिर से लाकर खड़ी कर सकती हैं,जिससे आप बचना चाहते थे । आपको इस समस्या से निपटने के लिए सहनशील नजरिये से सोचना होगा क्योंकि आज आप बिना पर्याप्त कारण अपने आप सहित हर किसी पर सख्त रहें हैं । इस टकराव से नए अवसरे भी आयेंगे ।अंतिम परिणाम अच्छा ही होगा ।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आज का दिन आपके लिए बहुत व्यस्त रहेगा ,या तो आपके पास मेहमान आयेंगे या आप किसी यात्रा पर जा सकते हैं । इसी समय आप अपने घर का नवीकरण ,नया घर खरीदने या दूसरी जगह शिफ्ट होने के बारे में भी सोच सकते हैं । हालाँकि आप पूरा दिन बहुत व्यस्त रहेंगे,फिर भी आप दिन का हरेक पल आनंद लेंगे ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आज आपको अपने दृष्टिकोण को सांसारिक वास्तविकता के साथ संतुलित करने की जरुरत को समझने और इस कला में पारंगत होने की आवशयकता महसूस होगी । आपकी योजनायें महत्वाकांक्षी हैं,लेकिन आपको इसके लिए वास्तविक समस्याओं को समझना होगा नही तो आप अपने अच्छे इरादे के बावजूद टकराव महसूस करेंगे ।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आज आप घर और ऑफिस दोनों स्थानों पर शान्तिपूर्ण माहौल बनाने की कोशिश करेंगे । आपका यह अनुभव मजेदार रहेगा और आप इससे प्रेरित भी होंगे । हालंकि अपनी निजी बातें किसी के साथ भी ना बाँटें ,और कोई भी कडवा पाठ सीखने के लिए भी खुद को तैयार रखें । अपने पाचन तन्त्र का ध्यान रखें ।।त्योहारों के इस मौसम में इसकी उपेक्षा आप कर सकते हैं ।सबसे अच्छा उपाय है ।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
आज का दिन समृद्धि के एक नए कार्यक्रम को शुरू करने के लिए बहुत अच्छा है । अगर आप किसी नयी परियोजना के बारे में काफी सोचकर भी किसी नतीजे तक नही पहुंच पाए हैं तो आज शुरूकर लें,आज आप जो भी करना शुरू करेंगे ,सफलता जरुर मिलेगी । आज होने वाली घटनाओं से आपके वित्त सम्बन्धी नजरिये में भी बदलाव आएगा और नकारात्मकता कम होगी ।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आज का दिन सृजनात्मक प्रवृति के लोगों के लिए बहुत अच्छा साबित होगा । आपके हुनर और कार्यों दोनों की ही प्रशंसा होगी ।अपने कार्य के लिए धन प्राप्ति भी संभव है । अगर आप विद्यार्थी हैं तो आपके लिए समय अच्छा है और परीक्षा से डरने के स्थान पर उसका सामना करना बेहतर होगा । आज का दिन आराम के नाम कर दें ।काफी संभावना है।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
अगर कुछ लोग आपको नहीं समझ पा रहें हैं तो उन्हें अपना हरेक काम समझाने में अपना समय और ऊर्जा बर्बाद ना करें । वे कभी नही मानेंगे । आप काफी व्यस्त रहेंगे लेकिन आपको आने वाली जरूरतों के कारण पहले वाली योजनाओं में भी कुछ बदलाव करने पड सकते हैं । स्थिति की मांग के अनुसार कार्य करें । आप अपनी लव लाइफ को बिना किसी बात के उलझा रहे हैं ।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आपकी लंबित कई प्रतिबद्धताएं है जिन्हे आपको आज आसानी से पूरा करने के लिए समय मिलेगा , हालांकि आप अपने आप को बेचैन , असावधान और सुस्त महसूस करेंगे । परिणाम के रूप में, आपका कार्य लंबित होता जाएगा , क्योंकि आपका ध्यान केंद्रित नहीं है, इसलिए एक दिन की छुट्टी ले और आराम करे । यह काफी हद तक आपके तनाव को दूर करने में मदद करेगा ।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# नाइजीरियन ठग बोले-इंडियन्स आर सो स्टूपिड

## म्यूल अकाउंट के जरिए 1500 लोगों से 85 करोड़ ठगे; रायपुर में पढ़ने आए थे, गिरोह बनाया

रायपुर, 2 फरवरी (एजेंसियां)। राजधानी रायपुर के गुढियारी में रहने वाले उमाकांत (बदला हुआ नाम) अपने टेलीग्राम ऐप पर जयंत नाम के एक व्यक्ति को संदेश भेजते है। ये वो आखिरी कन्वर्सेशन से है, जो उमाकांत और जयंत के बीच हुई। इस रिप्लाई के चंद सेकेंड बाद ही जयंत के लास्ट सीन वाले इंफो में 'एक्टिव लॉन्ग टाइम एगो' शो होने लगा। हालांकि इस कन्वर्सेशन से पहले तक उमाकांत पुलिस के पास नहीं पहुंचे थे। जयंत को ये मैसेज उन्होंने फ्रस्ट्रेशन में लिखा था। हालांकि जो रिप्लाई मिला, उसके बाद उमाकांत के लिए दो चीजें बिल्कुल साफ हो गईं। पहला, पिछले 2 महीने से जिस व्यक्ति के कहने पर उन्होंने 50 लाख से ज्यादा टास्क गेम में इंवेस्ट कर दिया, वो फ्रॉड है। दूसरा, फ्रॉड करने वाला भारतीय मूल का नहीं है। इसके बाद रमाकांत पुलिस के पास पहुंचे।

रायपुर साइबर रेंज की टीम साइबर फ्रॉड के खिलाफ राज्य की सबसे बड़ी कार्रवाई करती है। इस कार्रवाई में 65 लोगों को गिरफ्तार किया जाता है, जिनमें 3 नाइजीरियन, 8 महिलाएं और 4 बैंक कर्मचारी भी शामिल हैं। पुलिस बताती है कि इन 65 लोगों ने अलग-अलग राज्यों के लगभग 1500 लोगों से 85 करोड़ रूपए की ठगी की है।

सिर्फ 3 नाइजीरियन स्टूडेंट्स के खिलाफ ही देश के अलग-अलग राज्यों में 60 से ज्यादा शिकायतें मिली हैं। पकड़े गए सभी आरोपी साइबर ठगी के 7 अलग-अलग केस में इन्वाल्व हैं। वहीं उमाकांत से 50 लाख रूपए से ज्यादा ठगी करने वाले ये तीन नाइजीरियन ही हैं। ये रायपुर की एक निजी यूनिवर्सिटी में कंप्यूटर साइंस से जुड़ा कोर्स कर रहे थे।

इस पूरी कार्रवाई में एक और बड़ी बात सामने आई, वो ये कि प्रदेश में म्यूल अकाउंट का धंधा तेजी बढ़ रहा है। 65 आरोपियों में 50 इसी मामले के हैं। चार बैंक कर्मचारी हैं जिन्हें म्यूल अकाउंट खोलने के एवज में कमीशन मिलती थी।

वहीं बाकी 46 लोगों का फ्रॉड करने में सीधा कोई इन्वॉल्वमेंट नहीं है। इनमें से कुछ लोगों ने अपना अकाउंट ठगी करने वाले लोगों को रेंट पर दिया था। वहीं कुछ लोगों ने वन टाइम पेमेंट लेकर अकाउंट बेच दिया था। अब तक आपने जो पढ़ा, ये इस पूरी स्टोरी का वो हिस्सा था जो पुलिस ने पब्लिक डोमेन में सामने लाया, लेकिन इस स्टोरी में तीन सवालों के जवाब नहीं मिले..

नाइजीरियन स्टूडेंट भी म्यूल अकाउंट का उपयोग कर रहे थे, ऐसे में सीधे पुलिस इन तक कैसे पहुंची? क्योंकि बाकी दूसरे केस में पुलिस सिर्फ उन तक ही पहुंच पाई, जिन्होंने अकाउंट रेंट पर दिया या सेल कर दिया था? इन सवालों का जवाब खोजने के लिए 2 पार्ट में हमने इन्वेस्टिगेशन किया। पहले पार्ट में नाइजीरियन स्टूडेंट पर फोकस किया। दूसरे पार्ट में बाकी बचे 46 और 4 बैंक कर्मचारियों पर। इस दौरान कई चौंकाने वाली बातें सामने आई। पूरी इन्वेस्टिगेशन रिपोर्ट सिलसिलेवार तरीके से आपके सामने रखते हैं...

तीन नाइजीरियन स्टूडेंट एबदुलाजीज बेना, मोहम्मद बसीर सुलेमान और अमीनू गरबा दो साल पहले भारत आए थे। इनके कई और भी साथी भारत के दूसरे राज्यों में हैं। तीनों ने नवा रायपुर की एक यूनिवर्सिटी में दाखिला लिया। तीनों ने थोड़े ही समय में फर्राटेदार हिन्दी बोलना सीख लिया।

पैसों की जरूरत पड़ी तो ये लोग चंडीगढ़ में अपने एक दूसरे साथी से जुड़े। यहां से ये लोग टेलीग्राम और वॉट्सऐप पर ठगी करने वाले एक गिरोह के संपर्क में आए। काम सीखा और फिर छत्तीसगढ़ के रायपुर में बैठकर ठगी का अपना एक नेटवर्क डेवलप कर लिया। सबसे पहले इन्होंने कई म्यूल अकाउंट ओपन किए।

**फर्जी साइट बनाई, रिव्यू टास्क के नाम पर फंसाया**

फिर अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी साइट्स बनाई। इसके बाद टेलीग्राम पर लोगों को रिव्यू टास्क के नाम पर पैसे कमाने का लालच देने लगे। पीड़ित उमाकांत ने हमें बताया कि उन्हें सबसे पहले फ्लिपकार्ट में कुछ प्रोडक्ट पर रिव्यू देने को कहा गया।

बदले में उनके खाते में पैसे भेज दिए गए। कई दफा ऐसा हुआ। इसके बाद उन्हें एक ग्रुप में जोड़ा, जहां पहले से कई और लोग जुड़े हुए थे। ये लोग रोज रिव्यू टास्क के बाद होने वाली कमाई का पेमेंट रिसिप्ट इस ग्रुप पर शेयर करते थे।

इससे रायपुर के उमाकांत का विश्वास बढ़ने लगा। अब उन्होंने ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए टास्क खरीदना शुरू किया। उन्हें बताया गया कि उनका पैसा क्रिप्टो करेंसी में लगाया जा रहा है। ये विश्वास दिलाने के लिए एक फर्जी वेबसाइट पर उमाकांत की आईडी भी बनवाई गई। उमाकांत को कुछ बड़ा मुनाफा हुआ, तो सीधे उन्होंने 3 लाख का एक टास्क खरीदा, जिसके बाद प्रॉफिट अमाउंट दस लाख रूपए दिखाया गया। लेकिन ये अमाउंट फ्रीज हो गया। उमाकांत को बताया गया कि उन्होंने प्रोसेस सही तरीके से फॉलो नहीं किया।

प्रोसेस फिर से शुरू करने के नाम पर पांच लाख रूपए एक म्यूज अकाउंट पर उमाकांत को डलवाए गए। उमाकांत ने इस बार प्रोसेस सही फॉलो किया। लेकिन पैसे फिर भी अटक गए। इस तरह उमाकांत अपने फंसे पैसे निकालने के चक्कर में 50 लाख गंवा बैठे।

उमाकांत के बाद नाइजीरियन स्टूडेंट ने अन्य लोगों को टारगेट करने लगे। करीब डेढ़ करोड़ रुपए अलग-अलग म्यूल खातों में ट्रांसफर करवा चुके थे, लेकिन इसी बीच जो म्यूल अकाउंट इनके पास उपलब्ध थे उनकी शिकायत अलग-अलग थानों में दर्ज होने लगी। शिकायत के बाद अकाउंट फ्रीज होने लगे। एक समय आया कि लोग पैसे डालने को तैयार थे, लेकिन इन तीनों के पास म्यूल अकांउट नहीं बचे। ऐसे में इन तीनों ने पैसे कमाने की हड़बड़ाहट और ओवर कॉन्फिडेंस में अपने पर्सनल अकाउंट्स विक्टिम्स से शेयर कर दिए। ये गलती इन तीनों को भारी पड़ गई। दरअसल, इनके पर्सनल अकाउंट के खिलाफ नेशनल क्राइम पोर्टल में शिकायत दर्ज करा दी गई। और ये लोग पुलिस के गिरफ्त में आ गए।

कुछ चार महीने पहले रायपुर पुलिस को केन्द्र की ओर से 1150 खातों की एक सूची भेजी गई थी। इन खातों के खिलाफ साइबर क्राइम पोर्टल में शिकायत दर्ज हुई थी। इसके बाद रायपुर संभाग के IG अमरेश मिश्रा के निर्देश पर ऑपरेशन साइबर शील्ड शुरू किया गया।

## नामांकन फॉर्म लेने पर किया किडनैप

रायपुर, 2 फरवरी (एजेंसियां)। रायपुर में चुनाव के लिए फॉर्म लेने पर ही दावेदार को किडनैप करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि, योगेश गुरु को 2 घंटे तक बंधक बनाकर रखा और गाली-गलौज कर पिटाई की। योगेश का कहना है कि, उनके चाचा खुशवंत विधायक हैं, उन्हें और गुरु परिवार को भी गालियां दी गई। ये आरोप टिकेश्वर मनहरे और उनके साथी पर लगे हैं। टिकेश्वर मनहरे खुद जनपद पंचायत तिल्दा के उपाध्यक्ष हैं। अब टिकेश्वर मनहरे ने इस केस को फर्जी बताया है। साथ ही जांच कर झूठी शिकायत को दर्ज करने की बात भी कही है। योगेश गुरु गोसाई ने तिल्दा थाने में शिकायत दर्ज करवाई। जिसमें उन्होंने पुलिस को बताया कि वह मूल रूप से खरोरा का रहने वाला है। 1 जनवरी को अपने समर्थकों के साथ जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 18 से चुनाव लड़ने के लिए जनपद पंचायत कार्यालय फॉर्म लेने गया हुआ था। दोपहर करीब 1 बजे उसने फॉर्म लिया। कुछ देर बाद उसे टिकेश्वर उर्फ सोनू मनहरे और राहुल डहरिया ने चुनाव नहीं लड़ने की बात कही। योगेश ने आगे बताया कि, आरोपियों ने उसे चुनाव लड़ने से रोकते हुए मारना पीटना शुरू कर दिया। फिर उसे जबरदस्ती अपनी कार तक लेकर गए और पीटते हुए बैठा लिया। उन्होंने करीब 2 घंटे तक बंधक बनाकर रखा। इस दौरान उससे गाली गलौज करते हुए मोबाइल फोन छीन लिया। आरोप है कि टिकेश्वर मनहरे ने योगेश का नामांकन फॉर्म भी फाड़ दिया और कहा कि दोबारा चुनाव लड़ने पर पूरे परिवार को खत्म कर देगा। योगेश गुरु ने बताया कि इस दौरान आरोपियों ने मेरे चाचा खुशवंत साहेब को भी गाली दी।

# आजादी के बाद पहली बार चुनचुना गांव को मिला साफ पानी



बलरामपुर, 2 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर में आज़ादी के बाद पहली बार चुनचुना गांव को साफ पानी मिलने पर गांव के निवासी ने कहा कि पहले हमें दूर-दूर से पानी लाना पड़ता था। यहां नक्सलियों का प्रभाव भी था। सड़कें न होने की वजह से बोर नहीं खोदे जा सके। अब सड़कें बन गई हैं और हर घर में 24 घंटे पानी की आपूर्ति हो रही है। गांव के एक अन्य निवासी ने कहा कि पानी दूर-दूर से लाना पड़ता था। अब सरकार ने पानी उपलब्ध करा दिया है, तो हमें काफी राहत मिली है।

कुसमी विकासखंड के चुनचुना गांव को आजादी के बाद पहली बार जल जीवन मिशन योजना के तहत स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हुआ है। चुनचुना गांव, जो कभी नक्सल प्रभावित गांव था, बलरामपुर जिले में छत्तीसगढ़ और झारखंड की सीमा पर स्थित है और इसकी आबादी करीब 100 घरों की है।

छत्तीसगढ़ और झारखंड की सीमा पर स्थित बलरामपुर जिले के कुसमी विकासखंड के चुनचुना गांव में आजादी के 70 साल बाद पहली बार ग्रामीणों को नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हुआ है।

नक्सल प्रभावित रहे इस गांव में ग्रामीणों को पहले पानी के लिए मशक्कत करनी पड़ रही थी। जल जीवन मिशन योजना के तहत यहां हर घर में नल कनेक्शन दिया गया, जिससे अब ग्रामीणों को पानी की समस्या से राहत मिल गई है।

जानकारी के मुताबिक जिले के कुसमी विकासखंड का चुनचुना गांव छत्तीसगढ़ और झारखंड की सीमा पर बसा हुआ है और यहाँ करीब 105 घरों की आबादी निवास करती है जो कभी नक्सलियों की दहशत में अपना जीवन जी रहे थे। सरहदी इलाका होने के कारण यहाँ नक्सलियों का खौफ हुआ करता था जिसके कारण गांव तक सरकार की कोई भी योजना खासतौर पर कारगर नही थी। लेकिन अब समय मे बदलाव आया है और उस क्षेत्र में तीन अलग-अलग जगहों पर फोर्स का कैम्प स्थापित किया गया है जिससे अब नक्सली बैकफुट पर है और गांव तक विकास के कई रास्ते भी खुलने शुरू हो गए हैं।

**नक्सल प्रभावी क्षेत्र में विकास की नई रोशनी**

चुनचुना गांव कभी नक्सलियों के खौफ में जीता था। सीमावर्ती इलाका होने के कारण यहां सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं पहुंच पा रहा था। लेकिन अब प्रशासन की सक्रियता और सुरक्षा बलों की तैनाती के चलते गांव में विकास के नए द्वार खुल रहे हैं। तीन अलग-अलग जगहों पर सुरक्षाबलों के कैंप स्थापित किए जाने से नक्सली गतिविधियां कम हुई हैं, जिससे अब सरकार की योजनाएं प्रभावी रूप से लागू हो रही हैं।

**पहले पानी के लिए करना पड़ता था संघर्ष**

गांव के करीब 100 घरों से अधिक की आबादी के लिए पहले पानी जुटाना किसी चुनौती से कम नहीं था। ग्रामीणों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ता था, जिससे उन्हें भारी परेशानी होती थी। लेकिन अब जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर में नल लगने से इस समस्या का समाधान हो गया है।

**पीएचई विभाग का दावा- अन्य गांवों में भी होगा विस्तार**

पीएचई विभाग के जिला अधिकारी पंकज जैन ने बताया कि चुनचुना गांव में जल संकट को दूर कर दिया गया है। इसके अलावा, जिले के अन्य ग्रामीण इलाकों में भी जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल से जल पहुंचाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। आने वाले समय में बलरामपुर के सभी ग्रामीण क्षेत्रों को स्वच्छ पेयजल से जोड़ा जाएगा।

**ग्रामीणों में खुशी, सरकार का जताया आभार**

नल से जल मिलने के बाद ग्रामीणों में खुशी की लहर है। उन्होंने सरकार और प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सुविधा उनके जीवन को आसान बना रही है। अब उन्हें पानी लाने के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी और साफ पानी उनके घरों में ही उपलब्ध हो रहा है ।

# झारखंड के मुख्य सचिव, बोकारो डीसी समेत कई अधिकारी दिल्ली तलब

बोकारो, 2 फरवरी (एजेंसियां)। सेंट्रल इंपावर्ड कमेटी (सीइसी) ने बोकारो जिले के तेतुलिया स्थित वन भूमि की प्रकृति बदलने के मामले में विचार करने के लिए छह फरवरी को दिल्ली में बैठक बुलायी है. इसमें झारखंड के मुख्य सचिव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक और बोकारो के डीसी सहित अन्य अधिकारियों को शामिल होने का निर्देश दिया गया है.

**जमीन से संबंधित दस्तावेजों के साथ बैठक में शामिल होने का निर्देश**

बैठक में संबंधित पदाधिकारियों को जमीन से संबंधित दस्तावेज के साथ शामिल होने को कहा गया है. सीइसी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि बोकारो के डीएफओ ने तेतुलिया मौजा के प्लॉट नंबर-426 व 450 की 85.87 एकड़ वन भूमि की प्रकृति बदले जाने की जानकारी दी है.



अलका तिवारी और बोकारो डीसी विजया जाधव

**छह फरवरी को दिल्ली में सीइसी की बैठक**

यह वन संरक्षण अधिनियम-1980 में निहित प्रावधानों का उल्लंघन है. इस मामले में विचार करने के लिए छह फरवरी को दिल्ली में सीइसी की बैठक बुलायी गयी है. मुख्य सचिव, पीसीसीएफ, बोकारो के डीसी, डीएफओ सहित अन्य को शामिल होने का निर्देश दिया गया है. बैठक की सूचना सुप्रीम कोर्ट के एमिकस क्यूरिया सिद्धार्थ चौधरी, एडीएम राव और झारखंड सरकार के स्टैंडिंग काउंसिल को भी दी गयी है.

# मुठभेड़ खत्म होने के बाद मारे गए नक्सलियों के शव और हथियार बरामद, डीआरजी के दो जवान भी घायल

बीजापुर, 2 फरवरी (एजेंसियां)। जिले के गंगालुर थाना क्षेत्र के तोड़का के जंगल मे शुरू हुई पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में जवानों ने आठ नक्सलियों को मार गिराया है। वहीं मौके से इंसास रायफल, बीजीएल, 12 बोर बंदूक बरामद की है। इस मुठभेड़ में डीआरजी के दो जवान भी मामूली रूप से घायल हो गए हैं।

पुलिस ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गंगालुर थाना क्षेत्र के तोड़का व कोरचोली जंगल में प्रतिबंधित माओवादी संगठन अंतर्गत पश्चिम बस्तर डिवीजन के डीवीसीएम दिनेश, पीएलजीए कंपनी नम्बर 2, पीएलजीए प्लाटून व मिलिशिया कंपनी के सशस्त्र माओवादियों कैडर्स की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा व सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी नक्सल विरोधी अभियान के लिए निकली थी।



अभियान के दौरान डीआरजी व एसटीएफ की संयुक्त पार्टी और माओवादियों के बीच सुबह 8.30 बजे से कई बार मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ थमने के बाद सर्चिंग में 8 पुरुष माओवादियों के शव व इंसास रायफल, 12 बोर रायफल, बीजीएल लांचर सहित बड़ी मात्रा में हथियार व माओवादी सामग्री बरामद की गई है।

मुठभेड़ में डीआरजी के दो जवानों को मामूली चोट पहुंची है। जवानों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

पुलिस मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त की कार्यवाही कर रही है। पुलिस ने संभावना व्यक्त की है कि इस मुठभेड़ में और भी कई नक्सली मारे गये हैं अथवा घायल हुए हैं।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आए बाइक सवार दो युवक, एक की मौके पर ही मौत

रायगढ़, 2 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में ट्रैक्टर चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक चला रहे एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है, उक्त घटना धर्मजयगढ़ थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक, धर्मजयगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव बलपेदा निवासी अवध राठिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि कल दोपहर वह अपने दोस्त देवान सिंह राठिया के साथ मोटरसाइकिल पर किसी काम के सिलसिले में ग्राम कांटाडांड की ओर जा रहे थे। इस दौरान मोटरसाइकिल को देवान सिंह राठिया चला रहा था।



बाइक सवार दोनों युवक जब ग्राम जमरगीडी मेन रोड एवं पारेमार के पास पहुंचे ही थें कि सामने की तरफ से आ रहे नीले रंग की ट्रैक्टर के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार युवकों को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक के पीछे बैठा युवक उछलकर झाड़ियों में जा गिरा। वहीं बाइक चला रहा देवान सिंह राठिया ट्रैक्टर के पहियों के नीचे आ गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो जाने के बाद आसपास के ग्रामीणों की मदद से मृतक के शव को अस्पताल भेज दिया गया है, बताया जा रहा है कि घटना के बाद से आरोपी ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।


### छत्तीसगढ़ में रात और दिन का पारा सामान्य से ज्यादा

# चुभने लगी धूप और बढ़ेगा तापमान

रायपुर, 2 फरवरी (एजेंसियां)। प्रदेश में दिन और रात का पारा सामान्य से ज्यादा होने की वजह से गर्मी का अहसास होने लगा है। प्रदेश में ठंड गायब हो गई है। अब गर्मी परेशान करने लगी है। दिन का तापमान बढ़ने से धूप चुभने लगी है। आज रविवार को प्रदेश में मौसम साफ रहेगा।

मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में क्रमिक रूप से एक से तीन डिग्री तक वृद्धि होगी। इससे आगामी दिनों में लगभग ठंड गायब हो जाएगी। प्रदेश में मौसम साफ है और उत्तरी हवाओं का असर खत्म हो गया है। इसके वजह से न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में फरवरी माह के पहले सप्ताह से ही धूप चुभने लगेगी। दिन के साथ ही रात में भी गर्मी का अहसास होने लगेगा।

बीते दिनों से राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के सभी जिलों में दिन में गर्मी महसूस होने लगी है। रात में भी न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहा। इस वजह से ठंड का अहसास खत्म हो गया है। राजधानी रायपुर में दिन का तापमान 34.6 डिग्री रिकार्ड किया गया। इसके अलावा अन्य जिलों में भी अधिकतम तापमान और न्यूनतम तापमान सामान्य से ज्यादा है। इसके वजह से अब रात में भी ठंड का अहसास कम होने लगी है और गर्मी का अहसास होने लगी है।



प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान बिलासपुर में 36 डिग्री दर्ज किया गया है। इसके साथ ही सबसे कम न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री बलरामपुर में रिकॉर्ड किया गया। बीते दिनों की तुलना में प्रदेश में न्यूनतम तापमान और अधिकतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। फरवरी माह के पहले सप्ताह ही अच्छी गर्मी पड़ सकती है।

# किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म

## विरोध करने पर पीटा, मामला दर्ज

रांची, 2 फरवरी (एजेंसियां)। राजधानी में अपराध थमने का नाम नहीं ले रहा है. रांची के बिरसा चौक के समीप एक 15 साल की किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है. इसका आरोपी चार-पांच अज्ञात लड़कों पर लगाया गया है. इस संबंध में रांची के महिला थाना में लिये गये पीड़िता के बयान के आधार पर जगन्नाथपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है. वहीं, सदर अस्पताल में पीड़िता का मेडिकल जांच कराने के बाद उसका रांची सिविल कोर्ट में 144 के तहत बयान दर्ज कराया गया है. दर्ज प्राथमिकी में पीड़िता ने बताया है कि 30 जनवरी की रात 10:30 बजे वह हवाई नगर से कैटरिंग का काम करके अकेले पैदल ही बिरसा चौक की ओर जा रही थी. हवाई नगर से बिरसा चौक के बीच चार-पांच अज्ञात लड़कों ने उसे पकड़ लिया और सड़क के दूसरी ओर पेड़-पौधा व झाड़ी के बीच ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया. विरोध करने पर लड़कों ने पीड़िता के साथ मारपीट भी की.



घटनाक्रम के दौरान किशोरी बेसुध थी, इसलिए उसे पता नहीं चला कि लड़के कब वहां से गये. 31 जनवरी की सुबह उसे होश आया, तो वह कपड़े पहन कर सड़क किनारे पहुंची और रोने लगी. वहां उसे एक वृद्धा मिली, जिसने किशोरी से रोने की वजह पूछी, लेकिन किशोरी ने कुछ नहीं बताया. वृद्धा ने उसे घर जाने के लिए रांची के हरमू चौक तक छोड़ दिया.

**स्कूल की टीचर को बतायी आपबीती**

घर पहुंचने के बाद किशोरी ने अपनी मां को भी कुछ नहीं बताया, क्योंकि उसे डर था कि मां उसकी बात पर यकीन नहीं करेगी. किशोरी घर से स्कूल चली आयी. स्कूल में क्लास के दौरान उसे दर्द होने लगा. जब दर्द बर्दाश्त नहीं हुआ, तो उसने स्कूल की एक महिला टीचर को आपबीती बतायी. टीचर की सूचना पर महिला थाना की प्रभारी स्कूल पहुंचीं और पीड़िता का बयान लिया. उसी बयान के आधार पर जगन्नाथपुर थाना में केस दर्ज किया गया. पीड़िता ने बयान में यह भी कहा कि वह बहुत पहले से कैटरिंग का काम करती है, लेकिन कभी ऐसा नहीं हुआ. मां भी घरों में काम करती है. भाई पढ़ाई करता है.

# नक्सलियों ने पहले किया किडनैप, फिर मौत के घाट उतारकर फेंक दिया जंगल में

चतरा, 2 फरवरी (एजेंसियां)। चतरा में नक्सलियों ने एक बार फिर बड़ी घटना को अंजाम दिया है. पुलिस मुखबिरी के आरोप में एक व्यक्ति को पहले अपहरण किया, इसके बाद उसकी निर्मम हत्या कर दी. जानकारी के मुताबिक लेंबुवा गांव निवासी विष्णु साव अहले सुबह मवेशी लेकर जंगल जा रहे था, इस दौरान पहले से घात लगाये बैठे चार-पांच हथियारबंद नक्सलियों ने उसका अपहरण कर लिया और इसके थोड़ी देर बाद ही उसे मौत के घाट उतार दिया.



**टंडवा-बालूमाथ बॉर्डर के पास स्थित जंगल से शव बरामद**

मृतक का शव चतरा के टंडवा थाना क्षेत्र के टंडवा-बालूमाथ बॉर्डर पर स्थित जंगल से बरामद किया गया. पुलिस पदाधिकारी व जवान घटनास्थल पर पहुंच कर इलाके की घेराबंदी कर सर्च अभियान चला रहे हैं. इलाके में नक्सलियों के दस्तक से लोग दहशत में हैं. पुलिस मुखबिरी के आरोप में घटना को अंजाम देने की आशंका जताई जा रही है. एसपी विकास पांडेय, चतरा एसडीपीओ संदीप सुमन व टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार भी दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे हैं.

# छत्तीसगढ़ में बर्ड फ्लू का केस: सीएम साय ने रोकथाम के दिए दिशा निर्देश

रायपुर, 2 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में बर्ड फ्लू का मामला सामने आया है। इसे लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य में बर्ड फ्लू के मामले को गंभीरता से लेते हुए राज्य भर में बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए विस्तृत दिशा निर्देश दिए हैं। राज्य में बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए रेपिड रिस्पांस टीम का गठन किया गया है। राज्य और जिला स्तर पर कंट्रोल रूम का गठन करते हुए सभी कलेक्टरों और पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को एहतियाती कदम उठाने, सतर्कता बरतने और बायोसिक्योरिटी निर्देशों का पालन के निर्देश भी दिए गए हैं।

प्रदेश के रायगढ़ जिले स्थित शासकीय कुक्कट पालन प्रक्षेत्र में बर्ड फ्लू (एवियन इन्फ्लूएंजा) के मामले की पुष्टि हुई है। 30 जनवरी 2025 को कुक्कट पालन प्रक्षेत्र में बड़ी संख्या में पक्षियों की अकस्मिक मृत्यु की सूचना के बाद, पशु चिकित्सकों की एक टीम गठित की गई थी। जांच के बाद राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान, भोपाल ने 31 जनवरी को बर्ड फ्लू वायरस की पुष्टि की है।

मुर्गी, अंडे और आहार समेत सामान भी नष्ट

संचालक पशु चिकित्सक सेवाएं के निर्देश पर बर्ड फ्लू के रोकथाम के लिए रायगढ़ जिले में प्रभावित कुक्कट पालन प्रक्षेत्र के एक किलोमीटर क्षेत्र को संक्रमित जोन घोषित कर कुक्कट, अंडे, आहार और अन्य सामग्रियों को नष्ट किया गया है। प्रभावित क्षेत्र के 1 से 10 किलोमीटर के दायरे को सर्वलेंस जोन घोषित कर पोल्ट्री और अंडे की दुकानों को बंद कर दिया गया है और सीरो सर्वलेंस कार्य शुरू कर दिया गया है।

# क्या डॉलर का घटेगा दबदबा

## ब्रिक्स देशों ने कैसे बढ़ाई ट्रंप की टेंशन; अमेरिका की चेतावनी कितनी गंभीर?

वॉशिंगटन, 2 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत और चीन समेत तमाम देशों को लगातार निशाना बना रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत समेत सभी ब्रिक्स देशों का चेतावनी दी है कि अगर अमेरिकी डॉलर की जगह किसी वैकल्पिक करेंसी में लेन-देन करने की कोशिश की तो उन पर 100 प्रतिशत का टैक्स लगेगा। ऐसा करने वाले अमेरिकी बाजार से बाहर हो जाएंगे।

**राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सोशल मीडिया पर लिखा था**

" अगर ब्रिक्स देशों ने डॉलर की जगह कोई वैकल्पिक करेंसी बनाने की कोशिश की तो उन्हें 100 फीसदी तक टैरिफ का सामना करना पड़ सकता है। ऐसा करने वाले अमेरिकी बाजार से भी बाहर हो जाएंगे। फिर वे किसी दूसरे बेवकूफ देश को ढूंढ सकते हैं। अब मैं यह बर्दाश्त नहीं करूंगा कि कोई देश डॉलर को कमजोर करने की कोशिश करे। इसलिए जरूरी है कि ऐसे देश वादा करें कि न वे ब्रिक्स करेंसी बनाएंगे और न अन्य करेंसी को डॉलर की जगह लेन-देन में इस्तेमाल करेंगे। अगर ऐसा होता है तो अमेरिका को अलविदा कहना होगा।" बता दें कि




इससे पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दिसंबर 2024 में भी डॉलर की जगह किसी दूसरी करेंसी का विकल्प चुनने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी थी।

**विदेश मंत्री ने किया स्पष्ट**

विदेश मंत्री एस। जयशंकर स्पष्ट कर चुके हैं कि भारत अमेरिकी डॉलर को बदलने का समर्थन नहीं करता। न ही इसके पक्ष में है। भारत केवल अपने व्यापारिक हितों की रक्षा के लिए वैकल्पिक उपाय तलाश रहा है।

**ब्रिक्स कितना ताकतवर है?**

बीआरआईसी यानी ब्राजील, रूस, इंडिया, चीन और साउथ अफ्रीका। हालांकि, अब इस समूह में मिस इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान और यूएई भी शामिल हो गए हैं। साल 2024 में हुए ब्रिक्स सम्मेलन में 13 अन्य देश भी इसमें अस्थायी सदस्य बन गए हैं।

**ब्रिक्स देश क्या चाहते हैं?**

ब्रिक्स देश डॉलर पर निर्भरता कम करना चाहते हैं। साल 2023 की बात है। ब्रिक्स सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि अब हमको राष्ट्रीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाना चाहिए। साल 2024 में भी इसका समर्थन किया था।

**कितना मजबूत है डॉलर?**

फेड रिजर्व की रिपोर्ट की मानें तो अमेरिका में अंतरराष्ट्रीय व्यापार में 96 प्रतिशत, एशिया-प्रशांत क्षेत्र में 74 प्रतिशत और बाकी दुनिया में 79 प्रतिशत डॉलर का इस्तेमाल होता है। दुनिया का कुल 88 प्रतिशत व्यापार डॉलर में हो रहा है।

**ट्रंप क्यों टेंशन में, क्या है विरोध का मुद्दा?**

दरअसल, साल 2023 के पहले तक 100 फीसदी तेल व्यापार डॉलर में होता था, लेकिन अब यह घटकर 80 प्रतिशत रह गया है। तेल व्यापार में डॉलर घटकर 80 प्रतिशत होने की वजह है- चीन और रूस पर अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंध। अमेरिकी प्रतिबंध के चलते दोनों देश अपनी मुद्रा में भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार कर रहे हैं। दोनों देश ब्रिक्स का हिस्सा हैं। यही वजह है कि ब्रिक्स की अपनी करेंसी हो, इसकी परिकल्पना की जा रही है ताकि अमेरिका पर दबाव पड़े। डोनाल्ड ट्रंप जानते हैं कि अगर ब्रिक्स देश किसी वैकल्पिक करेंसी को चुनते हैं तो डॉलर इस्तेमाल में भयंकर गिरावट आ सकती है।

**ट्रंप की धमकी कितनी सीरियस?**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' का वादा कर सत्ता में लौटे हैं। ऐसे में ट्रंप डॉलर की ताकत बरकरार रखने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। मैक्सिको पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाकर वे इसकी शुरुआत कर रहे हैं।

## ब्राजील में आसमान से बरसने लगी मकड़ियां

मिनस, 2 फरवरी (एजेंसियां)। ब्राजील के मिनस गेरैस राज्य के छोटे से शहर साओ थोम दास लेट्रास में एक बेहद ही हैरान करने वाला नजारा देखने को मिला है। यहां 8 पैरों वाले सैकड़ों जीव आसमान से बरसते हुए दिखाई दिए। यह घटना किसी हॉरर फिल्म के सीन जैसी लग रही थी। आसमान से गिरते हुए जीवों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। वीडियो देखने पर लगता है कि जैसे आसमान से मकड़ियों की बारिश हो रही हो। जिसने भी इस नजारे को देखा वो हैरान रह गया। एक यूजर ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, ब्राजील में मकड़ियों ने आसमान पर कब्जा कर लिया है। यह घटना हर साल दिसंबर से मार्च के बीच ग्रामीण इलाकों में गर्म और आर्द्र मौसम में होती है। मकड़ियों के विशाल समूह पूरे आसमान में जाल बुनते हैं। इंसानों के लिए कोई खतरा नहीं है। इस तरह की घटना को लेकर विशेषज्ञों ने बताया कि आसमान से मकड़ियों का गिरना प्राकृतिक घटना है। जीव विज्ञानी केरॉन पासोस ने बताया कि यह घटना एक विशाल मकड़ी के जाले के कारण हुई थी, जिसमें सैकड़ों मकड़ियां थीं। पासोस ने कहा, यह एक तरह से मकड़ियों का तरीका है। मादा मकड़ियां इस दौरान नर मकड़ियों के संपर्क में आती हैं।

## फ्रांस में रिटायरमेंट होम में आग लगने से 3 लोगों की मौत, 9 घायल

पेरिस, 2 फरवरी (एजेंसियां)। फ्रांस में रिटायरमेंट होम में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। वैल-डी'ओइस प्रान्त के मेयर ने कहा कि तीनों पीड़ित 68, 85 और 96 वर्ष की उम्र के थे। उन्होंने कहा कि उनकी मौत धुएं में सांस लेने की वजह से हुई। बौफेमोंट शहर में स्थित आवास में आग लगने से नौ अन्य लोग घायल हो गए। प्रीफेक्चर ने बताया कि नौ घायलों में सात निवासी और दो स्टाफ सदस्य शामिल हैं, जो धुएं के कारण सांस के कारण अंदर चले गए। उनमें से आठ को पेरिस क्षेत्र के विभिन्न अस्पतालों में ले जाया गया। मेयर मिशेल लैकॉक्स ने बात करते हुए कहा कि यह हमारे शहर के लिए एक गंभीर घटना है। हालांकि ऐसा लगता है कि यह एक दुर्घटना है, फिलहाल आग नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि ऐसा माना जाता है कि यह आग तीसरी मंजिल के हिस्से तक फैलने से पहले कपड़े धोने के कमरे में शुरू हुई थी। फ्रांस की नागरिक सुरक्षा एजेंसी के प्रवक्ता, कमांडेंट एड्रियन पोनिन-सिनापयेन ने कहा कि घटनास्थल पर 140 फायर ब्रिगेड को तैनात करने के बाद आग बुझा दी गई। बता दें कि पिछले साल दिसंबर में क्रिसमस डे की पूर्व संध्या पर राजधानी पेरिस में मौजूद एफिल टॉवर पर आग लगने की सूचना सामने आई है। बताया जा रहा है कि क्रिसमस डे की पूर्व संध्या पर वहां लोगों की काफी भीड़ जुटी हुई थी।

## सोमालिया की गुफाओं में छिपे आईएसआईएस के आतंकियों को अमेरिका ने किया ढेर, ट्रंप ने कहा- 'हम तुम्हें खोजेंगे और मार देंगे'

वॉशिंगटन, 2 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति बनते ही डोनाल्ड ट्रंप अपने कड़े फैसलों से दुनिया को चौंका रहे हैं। ट्रंप ने घोषणा की कि अमेरिकी सेना ने सोमालिया में आईएसआईएस के ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं। इस बात की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी है। ट्रंप ने लिखा, आज सुबह मैंने आईएसआईएस हमले के योजनाकार और अन्य आतंकवादियों पर सटीक सैन्य हवाई हमलों का आदेश दिया, जिन्हें उसने सोमालिया में भर्ती किया था और उनका नेतृत्व किया था। ये हत्यारे, जिन्हें हमने गुफाओं में छिपे हुए पाया वह अमेरिका के लिए खतरा बने हुए थे।' इसके साथ ही ट्रंप ने कहा, 'हमारे हमलों ने उन गुफाओं को नष्ट कर दिया, जिनमें आईएसआईएस के ये आतंकी रहते थे। नागरिकों को किसी भी तरह से नुकसान पहुंचाए बिना कई आतंकवादियों को मार दिया गया है। हमारी सेना ने सालों से इस आईएसआईएस के हमलावर योजनाकारों और आतंकियों को निशाना बनाया है। पूर्व राष्ट्रपति बाइडेन और उनके साथी इस काम को पूरा करने के लिए पर्याप्त तेजी से कार्रवाई नहीं की, मैंने ये कर दिखाया।' सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखी पोस्ट पर डोनाल्ड ट्रंप ने ये भी कहा, 'आईएसआईएस और अमेरिकियों पर हमला करने वाले अन्य सभी लोगों के लिए संदेश यह है कि हम तुम्हें खोजेंगे और मार देंगे!'

# कांगो सेना और विद्रोहियों के बीच जंग, हफ्ते भर चली लड़ाई में 773 लोग मारे गए



गोमा, 2 फरवरी (एजेंसियां)। कांगो के अधिकारियों ने कहा कि इस हफ्ते पूर्वी कांगो के सबसे बड़े शहर गोमा और इसके आसपास के क्षेत्र में रवांडा समर्थित विद्रोहियों के साथ लड़ाई में कम से कम 773 लोग मारे गए। बता दें कि रवांडा समर्थित विद्रोहियों ने कांगो के गोमा पर कब्जा कर लिया था, जिसकी वजह से एक दशक से चले आ रहे संघर्ष को और बढ़ा दिया। फिलहाल अन्य क्षेत्रों में सेना के कारण विद्रोहियों की पकड़ कमजोर हो गई, जिसने उनसे कुछ गांव वापस ले लिए। कांगो सरकार के प्रवक्ता पैट्रिक मुयाया ने राजधानी किंशासा में एक ब्रीफिंग में बताया कि अधिकारियों ने गोमा के मुर्दाघरों और अस्पतालों में 773 शवों और 2,880 घायलों की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि मरने वालों की संख्या अधिक हो सकती है।

**शहर लौट रहे गोमा निवासी**

विद्रोहियों द्वारा पानी और बिजली आपूर्ति सहित बुनियादी सेवाओं को बहाल करने का वादा करने के बाद सैकड़ों गोमा निवासी शनिवार को शहर लौट रहे थे। 25 वर्षीय जीन मार्कस, जिनके एक रिश्तेदार लड़ाई में मारे गए लोगों में से थे, उन्होंने कहा कि मैं थक गया हूं और नहीं जानता कि किस रास्ते पर जाऊं।

**सशस्त्र समूहों में सबसे शक्तिशाली**

एम23 कांगो के खनिज-समृद्ध पूर्व में नियंत्रण के लिए 100 से अधिक सशस्त्र समूहों में सबसे शक्तिशाली है, जिसके पास दुनिया की ज्यादातर टेक्नोलॉजी मौजूद है। संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञों के अनुसार, विद्रोहियों को पड़ोसी रवांडा के लगभग 4,000 सैनिकों का समर्थन प्राप्त है, जो 2012 की तुलना में कहीं अधिक है, जब उन्होंने पहली बार गोमा पर कब्जा किया था और जातीय शिकायतों से प्रेरित संघर्ष में कई दिनों तक इसे अपने कब्जे में रखा था। नागरिक समाज के दो अधिकारियों के अनुसार, एम23 विद्रोहियों के साथ लड़ाई तेज होने के कारण, कांगो की सेना ने दक्षिण किवु के कालेहे क्षेत्र में सानजी, मुगांजो और मुकविजा गांवों पर फिर से कब्जा कर लिया, जो इस हफ्ते के शुरू में विद्रोहियों के कब्जे में आ गए थे।

**अफ्रीकी राष्ट्र की सेना कमजोर**

गोमा के पतन के बाद सैकड़ों सैनिकों को खोने और विदेशी भाड़े के सैनिकों द्वारा विद्रोहियों के सामने आत्मसमर्पण करने के बाद मध्य अफ्रीकी राष्ट्र की सेना कमजोर हो गई है। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र शांति सेना के प्रमुख जीन-पियरे लैक्रोइक्स ने शुक्रवार को कहा कि एम23 और रवांडा सेनाएं दक्षिण किवु की प्रांतीय राजधानी बुकावू से लगभग 60 किलोमीटर (37 मील) उत्तर में थीं।

**गोमा पर कब्जा करने से मानवीय संकट**

लैक्रोइक्स ने कहा कि विद्रोही काफी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और कुछ किलोमीटर (मील) दूर एक हवाई अड्डे पर कब्जा करना एक और महत्वपूर्ण कदम होगा। संयुक्त राष्ट्र और सहायता समूह ने कहा है कि गोमा पर कब्जा करने से गंभीर मानवीय संकट पैदा हो गया है। गोमा पूर्वी कांगो में संघर्ष से विस्थापित हुए 6 मिलियन लोगों में से कई लोगों के लिए महत्वपूर्ण मानवीय केंद्र के रूप में कार्य करता है। विद्रोहियों ने कहा कि वे कांगो की राजधानी किंशासा से 1,600 किलोमीटर (1,000 मील) पश्चिम में पूरे रास्ते मार्च करेंगे।

**गोमा में 700 लोग मारे गए**

संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन डुजारिक ने भी शुक्रवार को एक ब्रीफिंग में बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन और उसके सहयोगियों ने 26-30 जनवरी के बीच कांगो सरकार के साथ एक आकलन किया और बताया कि गोमा और आसपास के इलाकों में 700 लोग मारे गए हैं और 2,800 घायल हुए हैं। डुजारिक ने एपी से पुष्टि की कि मौतें उन्हीं दिनों में हुईं।

**12 लोगों को दी फांसी**

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के प्रवक्ता जेरेमी लारेंस ने शुक्रवार को कहा कि विद्रोहियों के हमले के बाद गैर-न्यायिक हत्याएं और नागरिकों की जबरन भर्ती हुई है। लॉरेंस ने कहा, हमने 26-28 जनवरी तक एम23 द्वारा कम से कम 12 लोगों की फांसी भी दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि समूह ने प्रांत में स्कूलों और अस्पतालों पर भी कब्जा कर लिया है और नागरिकों को जबरन भर्ती और काम करा रहे हैं।

**सेनाओं पर यौन हिंसा का भी आरोप**

लॉरेंस ने कहा कि कांगो की सेनाओं पर यौन हिंसा का भी आरोप लगाया गया है, क्योंकि क्षेत्र में लड़ाई जारी है, संयुक्त राष्ट्र उन रिपोर्टों की पुष्टि कर रहा है कि कांगो की सेना ने दक्षिण किवु में 52 महिलाओं के साथ बलात्कार किया। कांगो में मर्सी कॉर्प्स सहायता समूह के देश निदेशक रोज त्सवेंको ने कहा, गोमा के पकड़े जाने से मानवीय अभियान रुक गया है,

# रूस-यूक्रेन में नहीं थम रही जंग

## अब पुतिन के हमले से दहल उठा पोल्टावा शहर ड्रोन और मिसाइल अटैक में 15 की मौत



कीव, 2 फरवरी (एजेंसियां)। रूस ने यूक्रेन पर हमले तेज कर दिए हैं, रूस ने यूक्रेन पर ड्रोन और मिसाइल से हमले किए। यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा कि रूस ने यूक्रेन पर ड्रोन और मिसाइलों की बौछार की, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई और देश भर में दर्जनों आवासीय इमारतों के साथ-साथ ऊर्जा बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा। यूक्रेन की आपातकालीन सेवाओं ने कहा कि मध्य शहर पोल्टावा में एक रूसी मिसाइल ने एक आवासीय इमारत पर हमला किया, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई और चार बच्चों सहित 16 लोग घायल हो गए। उन्होंने ये भी बताया कि 22 लोगों को मलबे से बचाया गया और आपातकालीन दल रात भर काम करते रहे। बचाव दल ने मृतकों को स्ट्रेचर पर बाहर निकाला।

**मलबे से उठा धुंआ का गुबार**

टीवी फुटेज में इमारत के बाहर मलबे के ढेर से धुएं के मोटे गुबार उठते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिसका कुछ हिस्सा मेटल और निर्माण सामग्री के मुड़े हुए द्रव्यमान में तब्दील हो गया है। अग्निशमनकर्मी और दर्जनों बचावकर्मी मलबे में खोज कर रहे थे और मृतकों को स्ट्रेचर पर बाहर ले जा रहे थे। एक रिटायर्ड सैन्य दिग्गज, जिसे यकीन था कि उसके बेटे, बहू और पोती की मौत इमारत की पहली मंजिल (यू।एस। दूसरी) पर हो गई थी, पूरे दिन इमारत के बाहर इंतजार करता रहा, बचाव टीमों से जांच करता रहा क्योंकि वे स्ट्रेचर पर शव लेकर आ रहे थे। मेयर ने इसको लेकर कहा कि यूक्रेन के उत्तर-पूर्व में खार्किव में ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार घायल हो गए। वहीं क्षेत्रीय अधिकारियों ने कहा कि हमलों के दौरान तीन पुलिस अधिकारी मारे गए जब वे सुमी के उत्तरपूर्वी क्षेत्र के एक गांव में सड़कों पर गश्त कर रहे थे। यूक्रेन और रूस ने बाद में रूस के कुर्स्क क्षेत्र के यूक्रेनी कब्जे वाले हिस्से में एक बोर्डिंग स्कूल में हॉस्टल पर हमले के लिए दोषारोपण किया, प्रत्येक पक्ष ने दूसरे पर हमला शुरू करने का आरोप लगाया।

# कौन हैं पायलट रेबेका एम लोबैक जिनका हेलीकॉप्टर विमान से टकराया, 67 की गई जान, बाइडेन के साथ कर चुकी हैं काम



वॉशिंगटन, 2 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका के वॉशिंगटन डीसी में बुधवार रात अमेरिकन एयरलाइंस के एक विमान की हवा में अमेरिकी सेना के हेलीकॉप्टर ब्लैक हॉक (एच-60) से टक्कर हो गई थी। इस हादसे में विमान में सवार सभी 67 लोगों की मौत हो गई थी। दुर्घटना किस वजह से हुई, इसकी जांच अभी चल रही है। इस हादसे में मारे गए लोगों की पहचान की जा रही है। शनिवार को अमेरिकी सेना ने हेलीकॉप्टर के पायलट का नाम जारी किया। जो हादसे के वक्त हेलीकॉप्टर उड़ा रहा था। सीआरजे-700 यात्री जेट से टकराने वाले एच-60 ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर के तीसरे पायलट की पहचान की है। ये हेलीकॉप्टर 28 साल की कैप्टन रेबेका एम उड़ा रहीं थीं। रेबेका साल 2019 से सेना में सेवाएं दे रही थीं। उनके काम को देखते हुए पुरस्कारों के अलावा एक प्रशस्ति पदक भी मिला था। उत्तरी कैरोलिना के डरहम की रहने वाली 28 वर्षीय कैप्टन रेबेका एम। लोबैक एक अत्यधिक ट्रेन आर्मी एविएशन ऑफिसर थीं। रेबेका जुलाई 2019 से आर्मी में काम कर रहीं थी। वह चैपल हिल में उत्तरी कैरोलिना विश्वविद्यालय में आरओटीसी कोर्स से ग्रेजुएट थीं। जहां उन्होंने अपना शानदार प्रदर्शन किया। यही कारण है कि वे देश के शीर्ष 20% कैडेटों में शामिल थीं। लोबाच ने करीब 450 घंटे का एक्सपीरियंस था। लोबाच को उनके काम कारण ही पहचाना जाता था। लोबैक ने बाइडेन प्रशासन के दौरान व्हाइट हाउस के सहयोगी के रूप में काम किया था। उन्होंने कैप्टन की रैंक हासिल की, दो बार प्लाटून लीडर के रूप में और 12 वीं एविएशन बटालियन, डेविसन आर्मी एयरफील्ड, फोर्ट बेल्वॉयर, वर्जीनिया में एक कंपनी के कार्यकारी अधिकारी के रूप में सेवा की थी। लोबाच के परिवान एक बयान जारी करते हुए कहा कि उनके परिवार के सदस्यों ने उनकी उपलब्धियों और अमेरिका की सेवा के प्रति उनके समर्पण पर गर्व है।

# कनाडा का पीएम बनने की रेस में 3 महिलाएं: इनमें भारतवंशी रूबी भी

## 157 साल में कोई भी महिला लिबरल पार्टी की नेता नहीं बनीं



ओटावा, 2 फरवरी (एजेंसियां)। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी 9 मार्च को अपना नया नेता और देश का प्रधानमंत्री चुनेगी। इस रेस में 5 नाम आगे चल रहे हैं, जिनमें 3 महिलाएं हैं। इनमें भारतीय मूल की रूबी ढल्ला, पूर्व डिप्टी पीएम क्रिस्टिया फ्रीलैंड और लिबरल पार्टी की सदन नेता करीना गुल्ड प्रमुख महिला नेता हैं। इन्वेस्टमेंट बैंकर मार्क कार्नी और बिजनेसमैन फ्रैंक बेलीस भी कनाडा पीएम की रेस में किस्मत आजमा रहे हैं। ट्रूडो 12 साल से लिबरल पार्टी प्रमुख है और 9 साल से पीएम हैं। ट्रूडो 6 जनवरी को इस्तीफे की घोषणा कर चुके हैं। उन पर पार्टी नेताओं ने बेरोजगारी, विदेश नीति और अलगाववादियों पर नियंत्रण करने के मोर्चे पर फेल रहने के आरोप लगाए हैं। रूबी ने 22 जनवरी को जस्टिन ट्रूडो की जगह लेने के लिए आधिकारिक तौर पर दावेदारी पेश की थी। लिबरल पार्टी ने सोमवार, 24 जनवरी को उन्हें चुनाव लड़ने की मंजूरी दे दी। अगर रूबी ढल्ला, जस्टिन ट्रूडो की जगह चुनी जाती हैं तो वह कनाडा की पहली अश्वेत महिला प्रधानमंत्री बन जाएंगी। रूबी ने मंगलवार को घोषणा कर कहा कि अगर वह चुनी गईं तो अवैध अप्रवासियों को देश से निकाल बाहर करेंगी। राजनीति में कदम रखने से पहले ढल्ला ने हिंदी फिल्मों में भी काम किया था। ढल्ला ने 2003 में 'क्यों, किस लिए' फिल्म में अभिनय किया था। 1993 में वे मिस इंडिया कनाडा प्रतियोगिता की रनर-अप भी रहीं। वे 2004 से 2011 तक सांसद रहीं। यदि भारतीय मूल की रूबी ढल्ला लिबरल पार्टी की प्रमुख बनती हैं तो 157 साल के इतिहास में यह पहली बार होगा कि कोई महिला पार्टी प्रमुख होगी। क्रिस्टिया ने ट्रूडो से मतभेद के चलते इस्तीफा दिया था। उन्हें मजबूत दावेदार माना जा रहा है। हालांकि, आलोचक उन्हें घोर अव्यवहारिक बता रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प उन्हें टॉक्सिक बता चुके हैं। मार्क कार्नी कनाडा के पूर्व केंद्रीय बैंक प्रमुख रह चुके हैं। वे खुद को आर्थिक संकटमोचक बता अपनी दावेदारी मजबूत कर रहे हैं। उनका कहना है कि वे देश को आर्थिक संकट से निकाल सकते हैं। कनाडा में खालिस्तानी अलगाववादियों का बड़े स्तर पर विरोध हो रहा है। 54% कनाडाई यहां खालिस्तानी अलगाववादी आंदोलन का विरोध करते हैं। वहीं, 72% का मानना है कि खालिस्तानी जैसे विदेशी अलगाववादियों पर लगाम लगनी चाहिए। इन पर सख्त कार्रवाई जरूरी है। पोल एजेंसी लीगर 360 के सर्वे में यह बात सामने आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार, 30% कनाडाई का मानना है कि खालिस्तानियों की अलगाववादी गतिविधियों के चलते सिख समुदाय को अनुचित जांच से गुजरना पड़ता है।

## पुलिस और लकड़ी तस्करों की मुठभेड़ गोली लगने से एक बदमाश घायल

बाजपुर, 2 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तराखंड के बाजपुर में केलाखेड़ा पुलिस और लकड़ी तस्कर के बीच देर रात मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस की गोली लगने से लकड़ी तस्कर घायल हो गया। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार, बीते नवंबर माह में गदरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जंगलात और लकड़ी तस्करों के फायरिंग मामले में आरोपी तस्कर फरार चल रहे थे। शनिवार देर रात करीब डेढ़ बजे मुखबिर की सूचना पर केलाखेड़ा पुलिस ने तस्करों को पकड़ने के लिए घेराबंदी की। इस दौरान पुलिस ने एक तस्कर को पकड़ लिया। जबकि एक तस्कर फायर करता हुआ फरार हो गया। पुलिस ने पीछा किया। इस दौरान पुलिस और तस्कर के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की गोली तस्कर के पैर लगी। जिससे तस्कर जसविंदर सिंह उर्फ छिन्दर निवासी मडैया हट्टू (केलाखेड़ा) घायल हो गया। पुलिस ने घायल तस्कर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

# वसंत पंचमी पर घोषित हुई तिथि, चार मई को खुलेंगे बदरीनाथ धाम के कपाट



देहरादून, 2 फरवरी (एजेंसियां)। प्रसिद्ध चारधाम यात्रा का शुभारंभ इस बार 30 अप्रैल को होगा। धार्मिक परंपरा के अनुसार, अक्षय तृतीया पर दिन गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने से यात्रा का आगाज होता है। वहीं, आज वसंत पंचमी के पावन पर्व पर टिहरी के नरेंद्रनगर राज दरबार में बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि घोषित हुई। बदरीनाथ धाम के कपाट इस वर्ष चार मई को सुबह छह बजे श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय करने के लिए सुबह से ही नरेंद्रनगर राजदरबार में धार्मिक समारोह शुरू हो गया था। विधिवत पूजा अर्चना व पंचांग गणना के पश्चात बदरीनाथ मंदिर के कपाट खुलने की तिथि घोषित की गई। साथ ही 22 अप्रैल को तिलों का तेल पिरोया जाएगा और उसी दिन गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा शुरू हो जाएगी।

**महाशिवरात्रि पर पंचांग गणना की जाएगी**

केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में पंचांग गणना के बाद रावल, धर्माधिकारी वेदपाठी तय करेंगे। इस साल चारधाम यात्रा 30 अप्रैल अक्षय तृतीया से शुरू होगी। परंपरागत रूप से गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया के दिन खुल जाएंगे। गंगोत्री मंदिर समिति की ओर से हिंदू नववर्ष पर गंगोत्री धाम के कपाट खुलने व यमुनोत्री मंदिर समिति यमुना जयंती पर यमुनोत्री धाम के औपचारिक रूप से कपाट खुलने के समय व देवडोलियों के धाम पहुंचने के कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। इसी तरह द्वितीय केदार मद्महेश्वर व तृतीय केदार तुंगनाथ के कपाट खुलने की तिथि वैशाखी पर तय होगी।



# बजट में मां लक्ष्मी का आशीर्वाद, बेहतरीन जीवन देने वाला बजट, गजेंद्रसिंह शेखावत ने दी प्रतिक्रिया

जयपुर, 2 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बजट को लेकर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि बजट में मां लक्ष्मी का आशीर्वाद है। यह भारत के युवाओं को आत्मनिर्भरता, किसानों को अधिक आय, नारी शक्ति को सम्मान व स्वाभिमान तथा विशेष रूप से मध्यम एवं निम्न आय वर्ग को बेहतर जीवन स्तर प्रदान करने वाला बजट है।

शेखावत ने कहा कि पिछले दस वर्षों में दुनिया ने एक नया और सशक्त भारत देखा है। इस बजट से स्पष्ट है कि भारत वैश्विक आर्थिकी में अपनी भूमिका और भी बड़ी करने जा रहा है। 12 लाख की इनकम पर कोई इनकम टैक्स नहीं करदाताओं के लिए बड़ी राहत है। 'ज्ञान भारतम् मिशन' देश भर में पांडुलिपियों में संयोजित अमूल्य



ज्ञान संरक्षित करने में सक्षम करेगा।देश के शीर्ष 50 पर्यटन स्थलों को राज्यों के साथ साझेदारी में चुनौती के माध्यम से विकसित किया जाएगा। जिसके इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए राज्य को भूमि प्रदान करनी होगी।

उन्होंने विकसित भारत के जनसंकल्प में हर भारतीय को शामिल करते हुए भारत के इस बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताया।

**विकास और समृद्धि का ऐतिहासिक बजट**

जयपुर ग्रेटर के उपमहापौर पुनीत कर्णावट ने केंद्रीय बजट 2025-26 को देश के विकास और समृद्धि के लिए ऐतिहासिक बजट बताया है।

उन्होंने कहा कि यह बजट न केवल देश की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देगा, बल्कि युवाओं, महिलाओं और किसानों के सशक्तीकरण को भी प्रोत्साहित करेगा।

कर्णावट ने कहा कि यह बजट देश के विकास और समृद्धि के लिए माइलस्टोन साबित होगा, जिसमें मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देते हुए 12 लाख रुपए प्रतिवर्ष तक की आमदनी को आयकर मुक्त करने का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने इस ऐतिहासिक एवं विकास उन्मुख बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया।

# भजनलाल सरकार ने गहलोत राज की दो और योजनाओं का बदला नाम

बीकानेर, 2 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में सत्ता परिवर्तन के बाद से गहलोत राज की योजनाओं के नाम बदल का सिलसिला जारी है। भजनलाल सरकार ने अब फिर महिला अधिकारिता विभाग की दो योजनाओं के नाम बदल दिए हैं। इससे पहले स्कूली छात्राओं को दी जाने वाली साइकिल का काला रंग बदल कर भगवा किया गया था।



विभाग की इंदिरा महिला शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना का नाम बदल कर अब 'मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना' कर दिया गया। इसी तरह विभाग की ओर से संचालित इंदिरा महिला शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना शिक्षा सेतु का नाम भी बदल दिया गया है। इसे अब 'कालीबाई भील महिला संबल शिक्षा सेतु योजना' के नाम से जाना जाएगा।

इन दोनों योजनाओं के समय-समय पर पूर्व में जारी परिपत्र, दिशा निर्देश तथा मार्गदर्शिका में योजना के नाम के अतिरिक्त सभी प्रावधान पूर्व की भांति यथावत लागू रहेंगे।

**अंग्रेजी माध्यम स्कूलों पर भी फैसला जल्द**

जानकारी के मुताबिक, महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के संबंध में भी समीक्षा की जा रही है। इसका फैसला अभी तक नहीं हो पाया है। हालांकि इसके लिए बनाई गई समीक्षा समिति की एक बैठक हो चुकी है।

**9 जिलों को रद्द कर चुकी सरकार**

कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल में 50 जिले बनाए थे। प्रदेश में सरकार बदलने के बाद नई बनी भाजपा सरकार ने नए बनाए गए जिलों की समीक्षा कर 9 जिलों को खारिज कर दिया। ऐसे में अब राज्य में 41 जिले रह गए हैं।

# किसानों को अब मिलेगी नई पहचान, 11 अंकों की होगी यूनिक आईडी

बांसवाड़ा, 2 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के किसानों की पहचान अब 11 अंकों की यूनिक आईडी से होगी। इस फार्मर आईडी के जरिए किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने में आसानी होगी। सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं एवं उनका लाभ सही लाभार्थियों तक कुशलता एवं शीघ्रता से पहुंचाने के लिए सरकार अब किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करेगी। यह फार्मर रजिस्ट्री केंद्र सरकार द्वारा संचालित एग्रीस्टैक योजना के तहत बनाई जाएंगी।

पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसकी शुरुआत सीकर जिले में बीते माह की गई थी। अब पूरे प्रदेश में इसके लिए निर्देश दिए गए हैं।



यह है फार्मर रजिस्ट्री और फार्मर आईडी

फार्मर रजिस्ट्री के तहत प्रदेश के किसानों के विवरण को एग्रीस्टैक के अंतर्गत तैयार कर डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में संकलित किया जाएगा। एग्रीस्टैक में किसानों को किसान पहचान पत्र प्राप्त होगा। इसमें 11 अंकों की एक संख्या होगी, जिसके जरिए किसान की जानकारी मिल सकेगी। इस फार्मर आईडी से किसान के समस्त कृषि भूखंड मय हिस्सा जुड़ें होंगे और इसे किसान के आधार से लिंक किया जाएगा।

**इसलिए जरूरी फार्मर रजिस्ट्री और फार्मर आइडी**

भविष्य में पीएम किसान निधी, कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से प्राप्त फार्मर आइडी आवश्यक होगी। इसी आईडी के आधार पर पीएम किसान स्कीम का लाभ मिलेगा। फार्मर आईडी या किसान आईडी आधार नंबर की तरह होता है। इसमें किसानों की कई डिटेल्स दर्ज होते हैं। किसान के जमीन की रिकॉर्ड, जनसांख्यिकी, फसलों की जानकारी आदि के बारे में फार्मर आईडी में डिटेल्स दर्ज होती है।

**फार्मर रजिस्ट्री के उद्देश्य**

प्रदेश के समस्त कृषकों की आधार लिंकड रजिस्ट्री तैयार करना, जिससे योजनाओं का नियोजन, लाभार्थियों का सत्यापन, कृषि उत्पादों के विपणन आदि सुविधाजनक होगा। कृषकों के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ सुगम एवं पारदर्शी तथा समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराना।

योजनाओं में लाभ के लिए अथवा अन्य उद्देश्य से कृषकों की पहचान एवं प्रमाणीकरण में सुगमता प्रदान करना।

किसानों के लिए कृषि ऋण, वित्त, आदानों और अन्य सेवा प्रदाताओं के लिए कृषि सेवाओं को सुगमता से उपलब्ध कराना। प्रदेश के किसानों को बेहतर सेवा देने के लिए कृषि संबद्ध विभागों के बीच योजना अभिसरण का सरलीकरण। उच्च गुणवत्ता वाले डेटा तक आसान पहुंच के साथ एग्रीस्टैक द्वारा उत्पादों और सेवाओं में नवाचार का विस्तार।

**पांच फरवरी से लगेगा कैंप**

किसान रजिस्ट्री बनाने के लिए निर्देश प्राप्त हुए हैं। पांच फरवरी से कैंप लगाकर कार्य शुरू किया जाएगा। यह अभियान 30 मार्च तक चलेगा।

# एसडीएम ने डॉक्टर को धमकाया बोले- अभी पुलिस के हवाले कर दूंगा

बाड़मेर, 2 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के बाड़मेर जिले में डॉक्टर को धमकाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेड़वा में उपखंड अधिकारी बद्रीनारायण विश्नोई ने डॉक्टर को धमकी देते हुए पुलिस के हवाले करने की बात कही। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं, चिकित्सकों के संघ ने रोष जताते हुए रविवार को काली पट्टी बांधकर विरोध करने की चेतावनी दी है।

दरअसल, हुआ यूं कि एसडीएम बद्रीनारायण विश्नोई निरीक्षण के दौरान ओपीडी में कार्यरत चिकित्सक पर गुस्सा हो गए। उन्होंने कहा कि जो बेड पर मरीज है, उसे चैक करो। यह मेरा ऑर्डर है। इस दौरान उन्होंने चिकित्सक को पुलिस के हवाले करने की बात भी कही।

घटना का वीडियो वायरल होने के बाद राजस्थान सेवारत चिकित्सक संघ ने घटनाक्रम को लेकर आक्रोश व्यक्त किया। साथ ही रविवार को ओपीडी के दौरान काली पट्टी बांधकर एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जाएगी। संघ ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो डॉक्टर ओपीडी कार्य का बहिष्कार करेंगे।



**निरीक्षण के बाद दिए नोटिस**

निरीक्षण के दौरान सीएचसी में नर्सिंग ऑफिसर मोहनलाल मीना, एलटी बाबूलाल, पंकज कुमार और नेत्र सहायक ओमप्रकाश अनुपस्थित मिले, जिन्हें एसडीएम ने कारण बताओ नोटिस जारी कर आगामी तीन दिन में लिखित स्पष्टीकरण देने को कहा है।

एसडीएम विश्नोई ने चिकित्सा अधिकारी रामस्वरूप रावत को सीएचसी में उपचाररत मरीजों के प्रति संवेदनशीलता से पेश आने के निर्देश दिए। उपखण्ड मुख्यालय सेड़वा स्थित सामुदायिक हेल्थ सेंटर पर ख़राब एक्सरे मशीन को उपखण्ड अधिकारी सेड़वा बद्रीनारायण विश्नोई के निर्देश के बाद ठीक करवाया गया। ऐसे में अब मरीजों को एक्सरे जांच के लिए कहीं और नहीं जाना पड़ेगा।

# आरबीएम अस्पताल में शराब पार्टी मामले पर गृह राज्य मंत्री की चेतावनी, कठोर कार्रवाई के निर्देश

भरतपुर, 2 फरवरी (एजेंसियां)। गत दिनों एक सोशल मीडिया पर संभाग के सबसे बड़े अस्पताल आरबीएम में शराब पार्टी के वायरल वीडियो को लेकर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि यह मामला में मेरे संज्ञान में आया है। जिला कलेक्टर से इस मामले को लेकर बात करने को कहा है। किसी भी विभाग का कोई भी स्थाई और अस्थाई अधिकारी या कर्मचारी हो उनको जनता के प्रति जवाब देय रहकर काम करना चाहिए। यदि कोई भी गड़बड़ी करेगा तो उसके खिलाफ निश्चित रूप से कठोर कार्रवाई की जाएगी। एसआई भर्ती को लेकर कहा कि अभी मामला न्यायालय में विचाराधीन है। मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता। प्रदेश के मुखिया समय रहते कोई निर्णय जरूर लेंगे। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेदम ने कहा कि हम सभी पढ़े-लिखे लोग हैं एसआई भर्ती की एसआईटी के द्वारा जांच कराने का



निर्णय मुख्यमंत्री ने लिया। उसकी जांच हुई उप समिति मंत्री मंडलीय गठित हुई, लेकिन अभी मामला न्यायालय में विचाराधीन है। मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता। निश्चित रूप से जो भी न्यायोचित निर्णय होगा प्रदेश के मुखिया समय लेते रहेंगे, लेकिन जब मामला न्यायालय में ही तो वह क्या निर्णय ले सकते हैं।

आरबीएम अस्पताल के शराब पार्टी के वायरल वीडियो को लेकर कहा कि चाहे वह मेडिकल के कर्मचारी हो या स्थाई हो या संविदा पर हो इसके अलावा किसी भी विभाग में हो। उनको जनता के प्रति जवाब देय रहकर काम करना चाहिए। यदि कोई भी गड़बड़ी करेगा तो उसके खिलाफ निश्चित रूप से कठोर कार्रवाई की जाएगी। मामला अभी मेरे संज्ञान में आया है में जिला कलेक्टर से बात करके जो भी इसमें जो भी समाधान होगा करेंगे। इसके अलावा मैं अपील करना चाहूंगा। हम किसी मां बाप के बेटे हैं। हमें सरकार में जिम्मेदारी मिली है। मंत्री या कर्मचारी, विधायक के रूप में लेकिन हमें जनता के प्रति जवाब देय रहकर काम करना चाहिए।

इस मामले को लेकर एक जांच कमेटी बनाई गई है। इसके साथ ही वीडियो में दिख रहे तीन युवक और जिस युवक ने वीडियो को वायरल किया है। उसे लेकर जांच तक आरबीएम अस्पताल से कार्यमुक्त कर जगन्नाथ पहाड़िया मेडिकल कॉलेज में लगाया गया है।

# भूकंप के झटके, अचानक धरती हिलने से दहशत में आ गए लोग




बीकानेर, 2 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के बीकानेर जिले में रविवार दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए। बीकानेर शहर सहित कोलायत, नोखा और लूणकरणसर में अचानक धरती हिलने से लोग सहम गए। बीकानेर जिले में कई जगह दोपहर करीब 1 बजे भूकंप के झटके महसूस हुए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.6 बताई जा रही है। भूकंप का केंद्र बीकानेर के महामसर में रहा।

अचानक धरती हिलने से लोग दहशत में आ गए और अपने घरों से बाहर निकल गए। सीसीटीवी फुटेज में भी कई जगह मकान के अंदर रखा सामान हिलता नजर आया। हालांकि, गनीमत रही कि जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। रविवार दोपहर बीकानेर और आसपास के इलाकों में भूकंप ने लोगों को हिला कर रख दिया। 3.6 रिक्टर स्केल की तीव्रता वाला यह भूकंप दोपहर 12:58 बजे आया। इसका केंद्र महामसर में जमीन से 10 किलोमीटर नीचे था। भूकंप के झटके बीकानेर शहर के अलावा नोखा और लूणकरणसर में भी महसूस किए गए। शुक्र है, अभी तक किसी भी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। लेकिन अचानक आए इस भूकंप ने लोगों को डरा दिया। लोगों ने एक-दूसरे को फोन करके हालचाल पूछा।

बता दें कि राजस्थान में पिछले साल सितंबर महीने में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। प्रदेश के बीकानेर, हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर जिले 11 सितंबर को भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। भूकंप का केंद्र पंजाब के अमृतसर से 415 किमी दूर पश्चिम के आसपास रहा था।

# फिर पैंथर का आतंक, बछड़े का किया शिकार, ग्रामीणों में दहशत

दौसा, 2 फरवरी (एजेंसियां)। दौसा में फिर पैंथर का मूवमेंट से इलाके में दहशत फैल गई है। जिसके बाद गावं में पैंथर के पगमार्क मिले जहा एक बछड़े को भी पैथर ने अपना शिकार बनाया है। दौसा जिले मे बीते दिनों अलग अलग जगहों में पैंथर के मूवमेंट की खबर सामने आई थी। ताजा मामला दौसा जिले के मेहंदीपुर बालाजी क्षेत्र के नाहर खोहरा गांव में लगातार बढ़ रहे पैंथर के मूवमेंट से ग्रामीणों दहशत फैली है। उधर मेहंदीपुर बालाजी इलाके में पैंथर की दहशत के चलते ग्रामीण अब घरों में कैद होने लगे हैं और बाहर निकलने पर अपने आपको डरा साहमा महसूस करते है। गांव वासियों की माने तो यहां के लोगों ने कई बार वनविभाग के अधिकारी ग्रामीणों की समस्या को लेकर अनजान बने बैठे हैं। और अब तक कोई कार्रवाई भी नहीं हुई है। इधर बीती देर रात पैंथर ने घर में बंधे एक बछड़े को अपना शिकार बनाया है। जिसके चलते ग्रामीण ने वन विभाग के अधिकारियों से पैंथर को पकड़ने की मांग को तेज कर दिया है। मेहंदीपुर बालाजी वन नाका क्षेत्र में नाहरखोहरा गांव में दिनों-दिन पैंथर का मूवमेंट खतरा बढ़ रहा है। पैंथर शिकार की तलाश में गांव आबादी वाले इलाकों में घुस गया। पैंथर ने एक घर के बाड़े में बंधे बछड़े को अपना शिकार बना लिया, और बछड़े को उठा कर ले गया।

ग्रामीण जब सुबह जगे तो उनको घरों बाहर के खून के निशान मिले तो पता चला। अब गांववासी भयभीत है। गांव की महिला संतरा देवी की माने तो सुबह जब वो उठी तो घर के बाहर खून बिखरा हुआ मिला। तो उसने परिवार के और सदस्यों को घटना की जानकारी दी। उसके बाद परिवार के सदस्यों ने घर के पास बाड़े में जाकर देखा तो एक बछड़ा गायब मिला।

घर के समीप कई जगहों पर पैंथर के पगमार्क दिखने इसके बाद पैंथर के द्वारा बछड़े का शिकार करने की बात सामने आई थी लोगों का कहना कि कई बार पैंथर घर की छत पर पहुंच जाता है। जिससे भय के साए में रहकर रात गुजारनी को मजबूर है। वन विभाग के अधिकारी इस मामले मे अभी बेखबर नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इलाके में पैंथर घरों में घुसकर पालतू पशुओं पर हमला करने की घटना लगातार बढ़ रही है। शायद वन विभाग का इस मामले ध्यान नहीं है ।

# भीषण हादसा, चकनाचूर हो गई कार, दो लोगों की दर्दनाक मौत



अजमेर, 2 फरवरी (एजेंसियां)। रुपनगढ उपखंड के ग्राम सुरसुरा स्थित घसवां की ढाणी के पास हुई सड़क दुर्घटना में दो जनों की दर्दनाक मौत हो गई। थाना प्रभारी सत्यवान सिंह मीणा ने बताया कि हनुमानगढ़ किशनगढ़ मेगा हाईवे पर सुरसुरा के पास एक वैन और ट्रेलर की जबरदस्त भिड़ंत हो गई।

सड़क दुर्घटना में अशोक कुमावत उम्र 25 साल पुत्र लालचंद कुमावत निवासी बिहारी पोल किशनगढ़ और सोमवीर गुर्जर उम्र 33 साल पुत्र रामलाल गुर्जर निवासी नया शहर किशनगढ़ की मृत्यु हो गई।

सूचना मिलने पर रूपनगढ़ थानाधिकारी सत्यवान सिंह मय जाब्ता तुरंत मौके पर पहुंचे और दोनों मृतकों के शव रूपनगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में पहुंचाये। सड़क दुर्घटना में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। थाना प्रभारी के अनुसार मौके पर यातायात व्यवस्था सुचारू है। आज पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किए जाएंगे। रूपनगढ़ पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

# हेरोइन और 1.2 किलो अफीम के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

हनुमानगढ़, 2 फरवरी (एजेंसियां)। हनुमानगढ़ जिले में पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 63 ग्राम हेरोइन और 1 किलो 224 ग्राम अफीम बरामद की है। यह कार्रवाई जिले के संगरिया और पीलीबंगा थाना क्षेत्रों में की गई।

पुलिस थाना संगरिया के उपनिरीक्षक प्रमोद सिंह की टीम ने नरेंद्र होम्स रोड, रतनपुरा के पास से पंजाब के मुक्तसर जिले के दो तस्करों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी मनप्रीत उर्फ प्रीत (28) और परमजीत उर्फ पम्मा (34) के पास से 63.53 ग्राम हेरोइन और एक कार जब्त



की गई। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21/25 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

इसी कड़ी में जिले के पीलीबंगा थाना क्षेत्र में पुलिस उपनिरीक्षक सुमन की टीम ने पीलीबंगा-गोलूवाला रोड पर जोधपुर निवासी रामनिवास (36) को गिरफ्तार किया। उसके पास से 1 किलो 224 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

गौरतलब है कि हनुमानगढ़ जिले में डीआईजी एवं जिला पुलिस अधीक्षक अरशद अली के निर्देशन में नशा तस्करी, अवैध हथियार, जुआ, सट्टा और क्रिकेट बुकी जैसी गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत वांछित अपराधियों, स्थायी वारंटी और इनामी अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं। बहरहाल हनुमानगढ़ पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है और आरोपियों से पूछताछ जारी है।

# नशे के कारोबार पर शिकंजा, दो तस्कर गिरफ्तार, करोड़ों की स्मैक बरामद

करौली, 2 फरवरी (एजेंसियां)। करौली जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि महानिरीक्षक पुलिस रेंज भरतपुर राहुल प्रकाश के निर्देशन में स्वयं की स्पेशल मॉनिटरिंग व खास योजना से ऑपरेशन स्मैक आउट के तहत जिले में लगातार छापेमारी, दबिशों से नशे के सौदागरों मैं हड़कंप मचा हुआ है। एसपी ने बताया कि करौली की शांत फिजा में स्मैक के नशे का जहर घोल रहे स्मैक तस्करों पर खाकी में शिकंजा कसा है।जिला स्पेशल टीम करौली सदर थाना पुलिस और कोतवाली थाना पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाई करते हुए 79.41 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मलुआ पुत्र होडीलाल उम्र (45) निवासी आगरी को थाना सदर थानाधिकारी जगदीश सागर कांस्टेबल धवल सिंह, कंवर सिंह, अजीत, राजकुमार ने कोटरी पालमपुर जाने वाली सड़क पर सिलपुरा तिराहे के पास पहाड़ियों से भागते हुए धर दबोचा जिसके कब्जे से 44 ग्राम अवैध स्मैक जब्त कर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। जिससे वृताधिकारी रामनाथ द्वारा स्मैक खरीदने एवं बेचने के संबंध मैं पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया इसके अलावा तस्कर दिलीप उर्फ बच्ची मीना उम्र 34, पुत्र चौथीलाल निवासी आगरी को अनजानी माता मंदिर के पास से पकड़कर 35.41 ग्राम स्मैक जब्त कर एनडीपीएस एक्ट मैं मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

# रनों के लिहाज से भारत की दूसरी सबसे बड़ी जीत

## अभिषेक शर्मा की रिकॉर्ड पारी, 4–1 से नाम की सीरीज



**अभिषेक शर्मा ने लगाई रिकॉर्ड्स की झड़ी**

**भारत के लिए टी20 में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर**

| रन | बल्लेबाज | बनाम | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 135 | अभिषेक शर्मा | इंग्लैंड | 2025 |
| 126* | शुभमन गिल | न्यूज़ीलैंड | 2023 |
| 123* | ऋतुराज गायकवाड़ | ऑस्ट्रेलिया | 2023 |
| 122* | विराट कोहली | अफगानिस्तान | 2022 |
| 121* | रोहित शर्मा | अफगानिस्तान | 2024 |

नई दिल्ली, 2 फरवरी (एजेंसियां)। भारत ने इंग्लैंड को पांचवें टी20 मैच में 150 रनों के अंतर से हराकर टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। इससे पहले टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को साल 2023 में 168 रन से हराया था। रविवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में भारतीय टीम ने अभिषेक शर्मा की आक्रामक शतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में नौ विकेट पर 247 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम 10.3 ओवर में सिर्फ 97 रन बना पाई और ऑलआउट हो गई। इस तरह सूर्यकुमार यादव की टीम ने इंग्लैंड को हराकर 4–1 से सीरीज अपने नाम कर ली।

**फिल सॉल्ट के अलावा नहीं चला कोई बल्लेबाज :**

लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम की शुरूआत कुछ खास नहीं हुई थी। बेन डकेट को मोहम्मद शमी ने पारी के तीसरे ओवर की पहली गेंद पर अपना शिकार बनाया। वह खाता खोले बिना पवेलियन लौटे। इस मुकाबले में इंग्लैंड के लिए फिल सॉल्ट के अलावा कोई बल्लेबाज ज्यादा देर तक टिक नहीं सका। उन्होंने मात्र 22 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। वह 55 रनों की पारी खेलकर पवेलियन लौटे जबकि नौ बल्लेबाज दहाई के आंकड़े को भी नहीं छू पाए। भारत के लिए मोहम्मद शमी ने तीन विकेट चटकाए जबकि वरुण चक्रवर्ती, शिवम दुबे और अभिषेक शर्मा को दो–दो विकेट मिले। वहीं, रवि बिश्नोई को एक सफलता मिली।

**अभिषेक शर्मा ने मचाया धमाल :**

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया की शुरूआत अच्छी हुई थी। संजू सैमसन ने पहली ही गेंद पर छक्का जड़कर अपनी टीम के इरादे साफ कर दिए थे। लेकिन वह विकेट पर ज्यादा समय नहीं बिता सके और 16 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद मोर्चा अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा ने संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 43 गेंदों में 115 रनों की साझेदारी हुई, जिसे ब्रायडन कार्स ने तोड़ा। उन्होंने तिलक को अपना शिकार बनाया।

वह 24 रन बनाकर लौटे। इस मैच में बाएं हाथ के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने वन मैन शो दिखाते हुए 54 गेंदों में 135 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से सात चौके और 13 छक्के निकले। उनके अलावा सूर्यकुमार यादव ने दो, शिवम दुबे ने 30, हार्दिक पांड्या ने नौ, रिंकू सिंह ने नौ, अक्षर पटेल ने 15 रन बनाए। वहीं, रवि बिश्नोई और मोहम्मद शमी* खाता भी नहीं खोल सके। इंग्लैंड के लिए ब्रायडन कार्स ने तीन और मार्क वुड ने दो विकेट




चटकाए। इसके अलावा आर्चर, ओवरटन और आदिल रशीद को एक–एक सफलता मिली।

**भारत ने सबसे तेजी से पूरे किए 100 रन :**

भारतीय टीम ने अभिषेक की धमाकेदार पारी की मदद से महज 6.3 ओवर में ही 100 रन पूरे कर लिए थे जो उसका किसी टी20 मुकाबले में सबसे कम गेंदों पर 100 रन पूरे करना है। इससे पहले टीम ने पिछले साल अक्टूबर में बांग्लादेश के खिलाफ हैदराबाद में 7.1 ओवर में 100 रन पूरे किए थे। वहीं, भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी20 मुकाबले में पहले छह ओवर में एक विकेट पर 95 रन बनाए जो उसका टी20 में पावर प्ले में सर्वाधिक स्कोर है।

टीम ने इससे पहले 2021 में स्कॉटलैंड के खिलाफ पावर प्ले में दो विकेट पर 82 रन बनाए थे जो उसका इस दौरान सर्वाधिक स्कोर था, लेकिन अभिषेक की धुआंधार पारी ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए।

## समाज कल्याण मंत्रालय की निधि आवंटन में पर्याप्त वृद्धि : रामदास अठावले

हैदराबाद, 2 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने आज हैदराबाद में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने केंद्रीय बजट 2025–26 की समावेशी प्रकृति और आर्थिक विकास को गति देने की इसकी क्षमता पर प्रकाश डाला। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि बजट मध्यम वर्ग, अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और किसानों सहित समाज के सभी वर्गों को प्रभावी ढंग से पूरा करता है। उन्होंने नए कर ढांचे की सराहना करते हुए कहा कि यह मध्यम वर्ग पर कर के बोझ को काफी हद तक कम करता है। अठावले ने केंद्रीय बजट 2025–26 में सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के लिए धन के आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि को भी रेखांकित किया, जो सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने और हाशिए पर पड़े समुदायों का समर्थन करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के लिए प्रमुख बजट आवंटन इस प्रकार हैं। कुल मंत्रालय बजट: 14,886 करोड़ (+1.4 प्रतिशत वृद्धि), एससी कल्याण आवंटन: 1,68,478 करोड़ (2,960 करोड़ वृद्धि, +2 प्रतिशत) और एसटी कल्याण आवंटन: 1,29,249.75 करोड़ (4,340.8 करोड़ वृद्धि) है। मंत्री ने कहा कि ये आवंटन देश भर में हाशिए पर पड़े समुदायों के सामाजिक उत्थान और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सरकार के समर्पण की पुष्टि करते हैं।

## मिर्च की खेती पर कीटों का हमला

**खराब फसल की आशंका, किसान चिंतित**

खम्मम, 2 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। खम्मम जिले के मिर्च उत्पादक किसानों को कीटों के हमले के कारण इस वर्ष खराब फसल की आशंका सता रही है। जिले के बड़े हिस्से में मिर्च की फसल 'नल्ला तमारा' (काले थ्रिप्स) से प्रभावित हुई है। बागवानी अधिकारियों और वैज्ञानिकों के अनुसार, इस कीट के संक्रमण के कारण पत्तियों के मुड़ने, फूलों के गिरने और फलों के विकृत/अविकसित होने या समय से पहले फल गिरने के कारण उपज में कमी आएगी। यद्यपि फसल अन्य कीटों से प्रभावित है, लेकिन काली थ्रिप्स का प्रकोप अधिक है। फसल की कीमतों में गिरावट से पहले से ही परेशान किसान अब फसल में होने वाले नुकसान को लेकर चिंतित हैं। कई किसानों की शिकायत है कि बार–बार कीटनाशकों के छिड़काव के बावजूद कीटों का प्रकोप नियंत्रित नहीं हो रहा है। भूमि के मालिक और पट्टेदार किसान अब संकट में हैं क्योंकि उन्हें डर है कि वे फसल में किए गए निवेश की भी भरपाई नहीं कर पाएंगे। रैतु बंधु के समर्थन की कमी ने किसानों के लिए हालात और भी बदतर बना दिए हैं।

वायरा के एक काश्तकार बी सत्यनारायण ने दुख जताते हुए कहा कि उन्होंने कई एकड़ में मिर्च की फसल उगाने के लिए सोना गिरवी रख दिया था। पहली तुड़ाई में ही करीब 50 प्रतिशत लाल मिर्च खराब हो गई और पैदावार में भी गिरावट आई। जिला बागवानी अधिकारी एमवी मधुसूदन ने बताया कि नवंबर 2024 तक मिर्च की फसल अच्छी स्थिति में थी।

## टमाटर की कीमतों में भारी गिरावट से संकट में किसान

संगारेड्डी, 2 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में टमाटर उत्पादक किसान बड़े संकट का सामना कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें अपनी फसल के लिए मुश्किल से पांच रुपये प्रति किलोग्राम और कुछ स्थानों पर चौंकाने वाले 2.5 रुपये प्रति किलोग्राम का दाम मिल रहा है, जो यहां लगभग हर घर के मेनू में सबसे जरूरी सामग्री में से एक है।

पिछले दो–तीन महीनों से फसल पर इतना समय और पैसा खर्च करने के बाद, किसानों को फसल काटने में लगी मजदूरी भी नहीं मिल रही है। खुदरा बाजार में सब्जी 10 से 15 रुपये किलो बिक रही है, लेकिन किसानों को सिर्फ 5 रुपये प्रति किलो मिल रहे हैं। सिद्दीपेट में तो कुछ किसानों ने तो अपनी फसल ही छोड़ दी, क्योंकि व्यापारियों ने उन्हें सिर्फ 2.5 रुपये प्रति किलो का भाव दिया।

पूर्ववर्ती मेदक जिले के किसानों ने करीब 2,000 एकड़ में इस फसल की खेती की थी, लेकिन पिछले 2 महीनों से कीमतों में गिरावट ने उन्हें गंभीर संकट में डाल दिया है। कीमतों में गिरावट ने एक बार फिर बागवानी विभाग की ओर से फसल की खेती कैसे और किस हद तक की जाए, इस बारे में दिशा–निर्देशों की कमी को उजागर किया है, साथ ही राज्य सरकार की ओर से किसानों को दिए जाने वाले समर्थन की कमी को भी उजागर किया है।

## बाइक से गिरकर एक की मौत

